राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 45 लखनऊ,
मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



तथागत के अवशेष आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक : केशव प्रसाद मौर्य 03

अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत से मचा कोहराम 10

-: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,25,550/ |
| 22 कैरेट | = | 1,15 100/ |
| 18 कैरेट | = | 94,200/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,85,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### कोल्ड्रिफ बनाने वाली श्रीसन फार्मा बंद, लाइसेंस रद्द

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया। साथ ही कंपनी को हमेशा के लिए बंद करने की घोषणा की। सरकार को श्रीसन फार्मा की फैक्ट्री में 350 से ज्यादा गंभीर श्रेणी की गड़बड़ियां मिली थीं। कोल्ड्रिफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। चेन्नई में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को श्रीसन फार्मा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी भी की है। श्रीसन फार्मा के प्रमुख कर्मचारियों और तमिलनाडु फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के गिरफ्तार डायरेक्टर इन-चार्ज पी यू कार्तिकेयन के ठिकानों पर भी रेड की गई।

### करूर भगदड़ की होगी सीबीआई जांच, सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने करूर में हुई भगदड़ की घटना की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने के सोमवार को आदेश दिए, साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी को जांच की निगरानी के लिए गठित समिति का प्रमुख नियुक्त किया। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने 27 सितंबर को अभिनेता विजय की रैली में हुई भगदड़ से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने और एसआईटी जांच का आदेश देने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन सेंथिलकुमार की आलोचना भी की।

### प्रेशर आईईडी में विस्फोट से एसटीएफ का जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार को प्रेशर आईईडी में विस्फोट से एसटीएफ का जवान घायल हो गया। उसे भोपालपटनम में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर भेजा गया है। बीजापुर जिले में भोपालपट्टनम थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क एरिया के ग्राम चिल्लामरका के जंगल में सुरक्षाबलों की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) की टीम आज सुबह एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। इस दौरान नक्सलियों द्वार लगाये गये प्रेशर आईईडी में विस्फोट होने से एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया है। भोपालपटनम में प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवान को बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर भेजा गया है।

### पूर्व आईएएस गोपीनाथन ने थामा कांग्रेस का दामन

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी कन्नन गोपीनाथन सोमवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये। गोपीनाथन ने पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि उन्होंने 2019 में आईएएस की नौकरी से त्यागपत्र दिया था। उस समय एक बात स्पष्ट थी कि सरकार जिस दिशा में देश को ले जा रही है, वह सही नहीं है।

# इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन को मंजूरी

## विशेषज्ञ सेल व सैटेलाइट ऑफिस होंगे स्थापित, पांच बड़े शहरों में स्थापित होंगे सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस

▶ 11 महाप्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक पदों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की पहली बैठक में प्रदेश के औद्योगिक निवेश ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी।

इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यालयों के संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पुनर्गठन का उद्देश्य इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता-आधारित और निवेशक-केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। बैठक में 11 महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक पदों पर कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। साथ ही, दो संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पीसीएस संवर्ग) को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने तथा भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें दो पीसीएस अधिकारी (उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी स्तर) तैनात होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ढांचे को त्वरित प्रभाव से लागू किया जाए और प्रत्येक प्रकोष्ठ का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से परिभाषित हो, ताकि निवेश संवर्धन की दिशा में समन्वित और परिणामोन्मुख व्यवस्था विकसित हो सके। बैठक में बताया गया कि बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्टरियां स्थापित हुई, जिससे कुल संख्या लगभग 27,000 तक पहुँच गई है। वर्ष 2022-23 तक प्रतिवर्ष औसतन 500 नई इकाइयाँ स्थापित हो रही थीं, जिनमें अब कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' मंत्र के सफल क्रियान्वयन से राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है। बैठक में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बताया गया कि फॉर्च्यून 1000 सूची की 814 कंपनियों को अकाउंट मैनेजर आवंटित किए गए हैं। अब तक 50 नए एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं तथा 280 से अधिक कंपनियों से संवाद प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक इकाइयों को भूमि, सब्सिडी आदि के साथ-साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी संवाद बढ़ाया जाए।

## योगी ने 16000 महिलाओं को बांटी खेल किट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में युवक और महिला मंगल दलों के प्रोत्साहन एवं खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए युवक और महिला मंगल दलों को खेल सामग्री वितरित की। उन्हें समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना है, ताकि वे खेल, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से एक सशक्त, अनुशासित और आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा खेल विभाग के द्वारा खेल की कीट प्रोवाइड कराई जा रही है। दीपावली के पहले स्पोर्ट्स किट 16,000 महिलाओं के लिए एक उपहार है। 1 लाख 5 हजार से अधिक युवा मंडल दल और महिला मंडल दल प्रदेश में हैं, जिन्हें स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी तमाम खेल किट हैं। उन्होंने कहा कि खेल अपने आपको स्वस्थ रखने का एक माध्यम है। जीवन में स्वस्थ स्पर्धा नहीं है, तो जीवन व्यर्थ है। प्रधानमंत्री ने भी खेलो इंडिया, फिट इंडिया जैसे कई कार्यक्रमों को देश के लिए चलाया है, जिस देश का युवक स्वस्थ रह सके। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी गांव के लोग एकजुट होकर रामलीला का मंचन करते हैं। इसी तरह खेल के माध्यम से हम काम करते हैं। खेल विकास को प्रोत्साहित करता है। समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। खेलकूद प्रतियोगिता और स्पोर्ट्स किट उसमें सहयोगी बन सकते हैं। इसलिए आज का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरा युवा मंडल दल और महिला मंडल दल से यही कहना है आपका काम सिर्फ भारत में पुरस्कार को प्राप्त करने तक नहीं है।

# उत्तर रेलवे ने दिवाली व छठ पूजा पर बढ़ाई 30 लाख बर्थ

▶ पूर्वांचल, बिहार, झारखंड व यूपी के यात्रियों के लिए फायदा

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा पर घर जाने वाले यात्रियों को तोहफा दिया है। यात्रियों को अब आईआरसीटीसी (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन) पर टिकट बुक करवाते समय कोच 'रिग्रेट' (बुकिंग बंद) का स्टेटस नहीं दिखेगा। रेलवे ने करीब 30 लाख बर्थ बढ़ा दी हैं। टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर रेलवे ने उन ट्रेनों में कोच बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां 'रिग्रेट' स्टेटस मिलने की संभावना है।

उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया, स्टेटस 'रिग्रेट' को लेकर पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। रेलवे अधिकारी के मुताबिक, इसका फिलहाल अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कहीं-कहीं टिकट बुकिंग में परेशानी हो रही है, जिस पर काम हो रहा है। ट्रेनों में 3000 अतिरिक्त कोच जोड़े गए हैं, जिसकी संख्या यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बढ़ाया भी जा सकता है। अधिकारी ने आगे बताया, त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेनें पूर्वांचल, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए चल रही हैं। जैसे-जैसे स्पेशल ट्रेनों की घोषणा हो रही है, उनका शेड्यूल भी जारी कर रहे हैं। सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग नहीं सामान्य परिस्थितियों में 150 से ज्यादा वेटिंग टिकट नहीं देते हैं और बुकिंग बंद कर दी जाती है। त्योहारी सीजन पर बुकिंग प्रणाली में नियमों को लचीला बनाते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की संख्या बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिन ट्रेनों में टिकट की मांग बेहद ज्यादा है, उनमें कोच बढ़ाकर रिग्रेट स्टेटस को हटाने की प्रक्रिया शुरू है। इससे ज्यादा यात्रियों को टिकट बुक करने का अवसर मिलेगा। वेटिंग लिस्ट में फंसे लोगों को भी राहत मिलेगी। इसके लिए आपको कोई कैंसिलेशन फीस या एक्स्ट्रा चार्ज भी नहीं देना पड़ेगा।

### सितंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर

**स्टॉकहोम।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर आ गई है, जो पिछले महीने अगस्त में 2.07 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण है। सितंबर, 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक सब्जियों और दालों के सस्ते होने से खुदरा महंगाई दर में दर्ज हुई है।

## जोएल मोकिर, फिलिप एघियन और पीटर होविट को अर्थशास्त्र का नोबेल

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने वर्ष 2025 के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जोएल मोकिर, फिलिप एघियन और पीटर होविट को देने की सोमवार को घोषणा की।

पुरस्कार स्वरूप विजेताओं को संयुक्त रूप से 11 मिलियन स्वीडिश क्रोना (1.2 मिलियन डॉलर) और प्रशस्ति पत्र मिलेंगे। ये पुरस्कार 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में आयोजित एक समारोह में दिए जाएंगे। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने कहा कि जोएल मोकिर, फिलिप




एघियन और पीटर होविट को नवाचार-संचालित आर्थिक विकास की व्याख्या करने के लिए 2025 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार का आधा हिस्सा मोकिर को तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत विकास को लेकर आवश्यक शर्तों की पहचान करने के लिए और शेष आधा हिस्सा एघियन और होविट को रचनात्मक विनाश के माध्यम से सतत विकास के सिद्धांत के लिए संयुक्त रूप से दिया जाएगा।

### रेल मंत्री कल करेंगे आईआरईई 2025 का उद्घाटन, 15 से अधिक देश लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव 15 से 17 अक्टूबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित होने वाली 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन करेंगे। सीआईआई व्यापार मेला परिषद के अध्यक्ष बी त्यागराजन ने सोमवार को यहां पत्रकारों को बताया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में चीन और रूस सहित 15 से अधिक देशों के 400 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। जो 30 हजार से ज्यादा अत्याधुनिक रेलवे और मेट्रो उत्पादों, नवाचारों और टिकाऊ समाधानों का प्रदर्शन करेंगे।

## भारत पहुंचे मंगोलिया के राष्ट्रपति, पीएम से करेंगे बात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना भारत की राजकीय यात्रा पर आज यहां पहुंचे। हवाई अड्डे पर औपचारिक स्वागत किया गया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत से पहले विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने आज उनसे मुलाकात की।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करना सम्मान की बात है। आध्यात्मिक पड़ोसियों और वैश्विक दक्षिण के सदस्यों के रूप में हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के उनके उत्साहपूर्ण विचारों की वे



सराहना करते हैं। उन्हें विश्वास है कि कल प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत हमारी मित्रता के अगले दशक के लिए एक भविष्यदर्शी दिशा निर्धारित करेगी।

राष्ट्रपति उखना 13-16 अक्टूबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। उनके साथ कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों, व्यापारिक नेताओं और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी यहां आया है। मंगोलिया के राष्ट्राध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपति खुरेलसुख की यह पहली भारत यात्रा है।

यात्रा के दौरान वे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे और उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया जाएगा। कल राष्ट्रपति खुरेलसुख प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत और मंगोलिया के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे। पिछले सात दशकों में दोनों देशों ने साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों और लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एक घनिष्ठ और बहुआयामी साझेदारी विकसित की है।

## झारखंड, मिजोरम, जम्मू-कश्मीर में उपचुनाव का ऐलान, 11 नवंबर को होगा मतदान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में खाली हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। झारखंड, मिजोरम और जम्मू-कश्मीर की विधानसभा की कुछ सीटें हाल ही में खाली हुई हैं, जिन्हें भरने के लिए चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रिया की तारीखें तय की हैं। यह उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

झारखंड की 45- घाटशिला (एसटी) विधानसभा सीट (जो राम दास सोरेन के निधन के कारण 15 अगस्त, 2025 को खाली हुई थी) पर उपचुनाव होने जा रहा है। आयोग ने इस सीट के लिए उपचुनाव की तारीखों का



ऐलान करते हुए कहा है कि 16 नवंबर तक नया विधायक चुना जाएगा। निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तारीख रहेगी। 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 11 नवंबर को मतदान होगा। मतदान का समय 7 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। मिजोरम की 2-डांपा विधानसभा सीट भी खाली हुई थी। यहां भी उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा होना है।

### आईआरसीटीसी मामले में लालू, राबड़ी, तेजस्वी सहित कई लोगों पर आरोप तय

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक स्थानीय अदालत ने सोमवार को कथित भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और कई अन्य के खिलाफ कई आपराधिक आरोप तय कर दिए। राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीए एक्ट) विशाल गोगने ने सुनवाई की। इसमें बिहार के पूर्व रेल मंत्री पर भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। उनकी पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव पर भी षड्यंत्र और धोखाधड़ी सहित कई आरोप तय हुये हैं।

## पेरिस ओलिंपिक पदक विजेताओं का सम्मान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने सोमवार को दिल्ली के ताज मन सिंह होटल में 2024 पेरिस ओलिंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों का विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईओए की अध्यक्ष डॉ पी.टी. उषा, युवा एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, प्रायोजक और खेल जगत की प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

समारोह में भारत के उन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पेरिस 2024 ओलिंपिक में देश का नाम गर्व के साथ रोशन किया। इस बार भारत ने ओलिंपिक में कुल छह




पदक जीते, जिनमें एक रजत और पांच कांस्य रहा।

जैवलिन थ्रो में नेराज चोपड़ा ने टोक्यो ओलिंपिक की सफलता को दोहराते हुए रजत पदक जीता, जबकि निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में और मिश्रित टीम इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ दो कांस्य पदक अपने नाम किए। शूटर स्वप्निल कुसेले ने पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक हासिल किया। युवा पहलवान अमन सेहरावत ने पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत के सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेताओं में अपना नाम दर्ज किया। वहीं, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीतकर लौट आई।

### बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बडगांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गयी हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को चुनाव कराये जायेंगे।

# कनाडा के साथ संबंधों को पटरी पर लाने के लिए भारत प्रयासरत

एजेंसी

▶ भारत व कनाडा के विदेश मंत्रियों ने विस्तार से की बैठक

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति हो रही है और भारत संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए सकारात्मक सोच से आगे बढ रहा है। भारत और कनाडा के विदेश मंत्रियों ने सोमवार को यहां विस्तार से बैठक की और व्यापार, निवेश, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, असैन्य परमाणु सहयोग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिजों और ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत की तीन दिन की यात्रा पर आई कनाड़ा की विदेश मंत्री अनीता आनंद और विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण सकारात्मक सोच के साथ आगे बढना है। डा. जयशंकर ने वार्ता के दौरान अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों में लगातार प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, हम अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक तंत्रों को फिर से स्थापित और सक्रिय करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

शिलान्यास

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# शाह ने 9300 करोड़ रुपए से अधिक विकास कार्यों की दी सौगात

एजेंसी

**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान की राजधानी जयपुर में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से चार लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग तथा लगभग 9300 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

श्री शाह ने सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर




(जेईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में नये कानूनों के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद इसका अवलोकन किया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने रिमोट बटन दबाकर विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश के विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खाते में 240 करोड़ एवं पांच लाख दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तान्तरण किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन का शुभारम्भ भी किया। श्री शाह ने प्रदेश के दूरदर्शी विकास की संकल्पना को समर्पित विकसित राजस्थान-2047 कार्ययोजना का विमोचन भी किया।

श्री शाह ने शुरुआत में एफएसएल के 56 वाहनों और महिला सुरक्षा पेट्रोलिंग के लिए 100 स्कूटी एवं मोटरसाइकिलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा और राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा मौजूद थे।

### इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

इस मौके पर जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ उनमें जवाई पुलिया, सिरोही का जीर्णोद्धार एवं विभिन्न सड़क निर्माण, चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण के 1405.00 करोड़ के 67 कार्य, राजस्थान ग्रामीण जल प्रदाय एवं फ्लोरोसिस मिटिगेशन परियोजना फेज-2 नर्मदा नहर आधारित वृहद पेयजल परियोजना (सीपी 02) के लिए 1039.98 करोड़ के कार्य, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के 805.38 करोड़ के 172 कार्य, 220 केवी के 5 जीएसएस, 132 केवी के 10 जीएसएस व संबंधित लाईनों के 961.18 करोड़ के कार्य, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नागौर लिफ्ट परियोजना प्रथम चरण में पम्पिंग मशीनरी तथा 179 ग्रामों एवं 1001 ढाणियों को घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 404.41 करोड़ रुपए के तीन कार्य, अमृत 2.0 योजनान्तर्गत शहरी पेयजल योजना के 196.00 करोड़ के 12 कार्य शामिल हैं। जिला अस्पताल, चूरू एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण के 172.57 करोड़ रुपए के 15 कार्य, सालासर में सहायक अभियन्ता कार्यालय के भवन निर्माण एवं 33 केवी जीएसएस के 127.86 करोड़ के 46 कार्य, सोलर आधारित फव्वारा पद्धति से सिंचाई सुविधा के लिए 165.81 करोड़ के तीन कार्य आदि का शिलान्यास किया गया।

# व्यापारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

व्यापार में घाटा, बढ़ते कर्ज की वापसी का दबाव, सूदखोरों की प्रताड़ना जिले के एक मशहूर कपड़ा व्यापारी बर्दाश्त नही कर पाया और अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शहर में सोमवार को एक कपड़ा व्यापारी की आत्महत्या की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। व्यापारी नेता पवन जैन के छोटे भाई थे नीरज जैन लक्ष्मणपुरी कॉलोनी में रहते थे, नीरज जैन मूल रूप



से सरावगी मोहल्ले के रहने वाले थे। नीरज जैन मशहूर कल्पना साड़ी सेंटर के मालिक पवन उर्फ डब्बू जैन के छोटे भाई थे। वह आर्थिक तंगी और कर्ज से परेशान थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। अभी कुछ महीना पहले बाराबंकी शहर के व्यापारी हर्ष टंडन ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी, यह घटना व्यापारी वर्ग भूल नही पाया था कि नीरज जैन की आत्महत्या से जिले के व्यापारी सहम गए। नीरज ने आत्महत्या से पहले तीन पन्ने का सुसाइड नोट लिखा है जो उनके पास से बरामद हुआ। सुसाइड नोट के मुताबिक वह कर्ज से परेशान थे। कथित रूप से फोन पर हुई थी किसी बाहर के व्यापारी से नोंकझोंक उसके बाद घर में लाइसेंसी रिवॉल्वर से मार ली खुद को गोली मार ली।

## श्रीमद्भागवत कथा में दूसरे दिन अर्जुन दुर्योधन संवाद की सुनाई गई कथा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



हैदरगढ़ क्षेत्र के चौबिसी गांव में प्रधान गौरव सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन महाकाल नगरी उज्जैन से आए प्रणव पुरी महाराज ने महाभारत का युद्ध शुरू होने के पहले सहायता मांगने के लिए पहुंचे अर्जुन और दुर्योधन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कही। उन्होंने भगवान को आनंद स्वरूप बताते हुए कहा कि मनुष्य के दुख का कारण यह मिथ्या संसार व मनुष्य की इच्छाएं संबंध व कर्म हैं।

## जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्नातक एवं पंचायत चुनाव के सम्बंध में बैठक संपन्न



**बलरामपुर।** स्नातक एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को अटल भवन कार्यालय पर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि स्नातक व पंचायत चुनाव में समय बहुत कम बचा है। पंचायत चुनाव में पार्टी की ओर से जो भी कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा उसका भाजपा कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ चुनाव जीताने में मदद करें। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें, जिससे पार्टी के पक्ष में लोग अधिक से अधिक अपना समर्थन दे सकें। स्नातक एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिला संयोजक अजय सिंह पिंकू ने कहा कि स्नातक चुनाव में एमएलसी भाजपा पार्टी का बनना चाहिए। जिससे शिक्षकों के हितों की बात मजबूती के साथ एमएलसी रखेगा। सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में स्नातक चुनाव में शिक्षकों को मतदाता बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा पार्टी के प्रत्याशियों की जीत के लिए वार्ड संयोजक, प्रभारी एवं बूथ स्तर तक के गठन को लेकर सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजकीय इण्टर कालेज में आयोजित स्वदेशी मेले में लोगों ने खूब की खरीददारी

**प्रतापगढ़।** जीआईसी ग्राउण्ड में चल रहे स्वदेशी मेले में जनसैलाब उमड़ा और अगन्तुकों द्वारा मेले में बढ़ चढ़कर खरीददारी की गयी। मेले में हस्तशिल्प उत्पादों के 50 से अधिक स्टाल लगे हैं साथ ही प्रतिदिन आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी लुत्फ आंगन्तुकों द्वारा उठाया गया। लोग स्वदेशी सामग्रियों का जैसे बच्चों के खिलौने, साड़ियां, चादर, कंबल, फुटवियर्स, अचार, मुरब्बा, सॉफ्ट टॉय आदि की



खरीदारी कर रहे है। मेले में खाने पीने के स्टाल और बच्चों के खेलने के लिए झूले इत्यादि भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम को 6 से 8 के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुलतानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुलतानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हज़रत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें

# दुनियाभर के श्रद्धालु प्रज्वलित कर सकेंगे एक दीया राम के नाम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या दिव्यता और भक्ति के आलोक से एक बार फिर जगमगाने को तैयार है। दीपोत्सव-2025 के भव्य आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस वर्ष आयोजन में 26 लाख से अधिक दीयों के प्रज्वलित करने और 2100 श्रद्धालुओं के सामूहिक महाआरती के दो नए विश्व कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे, जिसका साक्षी देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालु बनेंगे।

वहीं, जो भक्त प्रकाश पर्व का हिस्सा नहीं बन पाएंगे, उनके लिए श्री अयोध्याजी तीर्थ विकास परिषद ने भावनाओं को जोड़ने वाली एक अभिनव डिजिटल पहल कर एक दीया राम के नाम की शुरुआत की है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि एक दीया राम के नाम ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर श्रद्धालु वर्चुअली दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर सकते हैं। साथ ही, अपने प्रियजनों के लिए मंगलकामनाएं भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव अब वैश्विक स्तर पर लोगों को जोड़ने वाला आयोजन बन गया है। एक दीया राम के नाम जैसी पहल ने दीपोत्सव को वैश्विक स्तर पर और समावेशी बनाया है।





**राम ज्योति पैकेज :** दिव्य अयोध्या ऐप पर श्रद्धालुओं के लिए तीन प्रकार के पैकेज उपलब्ध हैं। राम ज्योति नाम से 2100 रुपये का पैकेज अयोध्या दीपोत्सव 2025 के एक दीया राम के नाम अभियान का सर्वोत्तम संकल्प है। इसमें रोली, सरयू जल (पीतल के लोटे में), अयोध्या रज, रामदाना, मिश्री, रक्षा सूत्र, हनुमान गढ़ी के लड्डू और चरण पादुका (खड़ाऊ) जैसी आठ घटक सम्मिलित हैं। ऑनलाइन संकल्प पूर्ण करने पर यह संपूर्ण पवित्र प्रसाद सीधे आपके घर तक पहुंचाया जाएगा।

**सीता ज्योति और लक्ष्मण ज्योति पैकेज :** श्रद्धालुओं के लिए सीता ज्योति नाम से 1100 रुपये का एक अन्य पैकेज उपलब्ध है। माता सीता को समर्पित इस पैकेज में रोली, सरयू जल (पीतल के लोटे में), रामदाना, रक्षा सूत्र और हनुमान गढ़ी के लड्डू जैसे पांच घटक सम्मिलित हैं। वहीं, भगवान राम के भाई लक्ष्मण के पराक्रम और सेवा भाव को समर्पित 501 रुपये के लक्ष्मण ज्योति नाम के पैकेज में रोली, अयोध्या रज, रामदाना, रक्षा सूत्र और मिश्री जैसे पांच घटक सम्मिलित हैं। भक्त ऑनलाइन संकल्प लेकर इस पैकेज को अपने घर पर प्राप्त कर सकते हैं और दीपोत्सव-2025 में आध्यात्मिक रूप से सहभागी बन सकते हैं।

**दुनियाभर से लोग कर सकेंगे दीप प्रज्वलन :** पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्री रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, वहीं अनेक श्रद्धालु प्रतिभाग करने के इच्छुक हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दिव्य अयोध्या ऐप के माध्यम से विश्वभर से लोग डिजिटली दीप प्रज्वलित करने की व्यवस्था की गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने पर्यावरण संरक्षण की वर्तमान स्थिति विषय पर आयोजित किया सेमिनार

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा आपदा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण की वर्तमान स्थिति ज्वलंत मुद्दे और समाधान - 2025 विषय पर एक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजनअंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर किया गया, जिसका वैश्विक विषय इस वर्ष फंड रिसाईलेंस नॉट डिसास्टर रहा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज मेंआपदा से पहले तैयारी और लचीलापन को बढ़ावा देना रहा, ताकि प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके साथ आईआईडीएम की 10 वर्षों की गौरवशाली यात्राका प्रतीकात्मक उद्घाटन किया गया। तहसीन बानो, ओ.एस.डी., आईआईडीएम एवं पी.आर. ग्रुप, ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की विषय-वस्तु का परिचय दिया। श्री गौरव पांडे, मुख्य समन्वयक, आईआईडीएम, ने आईआईडीएम की गौरवशाली यात्रा शीर्षक से एक प्रस्तुति दी, जिसमें संस्थान की उपलब्धियाँ, परियोजनाएँ और भावी योजनाएँ प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम का समापनश्री सत्येन्द्र सिंह, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार एवं अध्यक्ष, आईआईडीएम के प्रेरणादायक संबोधन और धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। उन्होंने कहा किआपदा प्रबंधन केवल राहत और पुनर्वास तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विकास योजनाओं में लचीलापन और रोकथाम को शामिल करना ही असली निवेश है।

## खबरें एक नजर में

### स्वदेशी का ढोंग कर रही सरकार : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने स्वदेशी उत्पादों को लेकर सरकार द्वारा स्वदेशी का नौटंकी अपने जाने को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि वर्तमान सरकार सिर्फ स्वदेश और आत्मनिर्भर भारत का नारा लगाकर जनता को भ्रमित कर रही है। हकीकत यह है कि सरकार की नीतियाँ विदेशी कंपनियों के हित में और गांवों के स्वदेशी उत्पादों के खिलाफ काम कर रही हैं। अगर सरकार वास्तव में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति गंभीर होती, तो गांवों में बने उत्पादों की खरीद और मार्केटिंग का जिम्मा खुद उठाती। परंतु आज स्थिति यह है कि अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि गांवों में मेहनत से तैयार किए गए स्वदेशी सामानों को बाजार तक पहुंचाने वाला कोई नहीं। सुनील सिंह ने गांव और किसान की तस्वीर और समृद्धि के लिए लेकर मांग की है कि सरकार तुरंत एक राष्ट्रीय स्वदेशी ई-कॉमर्स मंच स्थापित करे, जहां देशभर के गांवों के उत्पादों का प्रचार, बिक्री और वितरण सरकारी निगरानी में हो।

### आरएसएस ने मनाया विजयदशमी उत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुदर्शनपुरी बस्ती भरत नगर ने विजयदशमी उत्सव मनाया। यह ऐतिहासिक उत्सव रहा क्योंकि संघ शताब्दी वर्ष चल रहा है। संघ की 100 वर्ष की अविरल चलने वाली साधना में स्वयंसेवकों के अथक प्रयत्न से समाज को जोड़ने वाली कार्य शक्ति तैयार करने का जो संकल्प 1925 में लिया आज 2025 में उसकी शताब्दी मनाने हेतु संघ के स्वयंसेवक बंधु सुदर्शनपुरी बस्ती में एकत्र हुए। विजयदशमी उत्सव में सुदर्शन पूरी बस्ती के 65 गणवेशधारी स्वयंसेवक और 35 समाज के विभिन्न क्षेत्र से आए सज्जन शक्ति बंधु एवं 25 माता भगिनी ने इस उत्सव के साक्षी बनकर पूर्ण किया। इस उत्सव मे मुख्य वक्ता के नाते भाग सह सेवा प्रमुख गंगा प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित थे गोयल ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की और इस कार्यक्रम में सुदर्शनपुरी बस्ती के बस्ती प्रमुख, उप बस्ती प्रमुख कातिकेय द्विवेदी एवं बस्ती विजयदशमी उत्सव टोली एवं भरत नगर के नगर संघचालक की नगर कार्यवाह एवं विद्यार्थी कार्य के प्रवासी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्य भूमिका में कार्तिकेय अवधेश हर्ष, विद्यार्थी विजयदशमी टोली का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथी विश्व हिंदू परिषद के माननीय प्रांत उपाध्यक्ष ओमप्रकाश वहां उपस्थित थे।

### एनआईपीईआर का दसवां कॉन्वोकेशन, 115 को मिली उपाधि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर), रायबरेली का 10वां कॉन्वोकेशन मनाया गया। इस दौरान 115 स्टूडेंट्स को उपाधि प्रदान की गई इनमें 111 स्टूडेंट्स को एमएस (फार्मा) और 4 स्टूडेंट्स को पीएचडी की उपाधि दी गई। मेडिसिनल केमिस्ट्री विभाग से तनिमा दुदानी, फार्मास्यूटिक्स कोर्स से हर्षिता साधना, फार्माकोलॉजी व टॉक्सिकोलॉजी से तेजस कुमार, रेग्युलेटरी टॉक्सिकोलॉजी ब्रांच से घुमे प्राजक्ता चंद्रकांत और बायोटेक्नॉलजी विभाग से गोकुल जी नायर को स्वर्ण पदक दिए गए। इस दौरान बीबीएयू के कुलपति प्रो.आरके मित्तल ने बताया कि आज से दौर में बनने वाली सभी दवाओं में 10 : दवाएं सब स्टैंडर्ड की है। ऐसे में ये एक चिंता का विषय है। भारत दुनिया का फार्मा इंडस्ट्री का हब है, ऐसे में सब स्टैंडर्ड ड्रग आम लोगों के विश्वास को तोड़ता है।

### ऑटो सर्विस सेंटर में लगी भीषण आग, मोटरसाइकिलें जली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में एक ऑटो सर्विस सेंटर में भीषण आग लग गई। इसमें रखी मोटरसाइकिलें, टायर और मोबिल ऑयल जल गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम करीब 1 घंटे तक आग बुझाती रही। दुर्घटना रविवार रात 12 से 1 बजे के बीच की है। बख्शी का तालाब इलाके में नहर रोड तिवारी चौराहा स्थित अंगद ऑटो सर्विस सेंटर में आग लगी। आग लगने से आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड की बीकेटी यूनिट को 9454418651 पर सूचना दी। मौके पर दो गाड़ियां पहुंचीं। करीब 1 घंटे तक मशक्कत करते रहने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। एफएसओ बीकेटी ने बताया बीकेटी के कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि तिवारी चौराहा के पास एक दुकान से तेज धुआं निकल रहा है। दो गाड़ियां वहां पहुंचीं। टीम ने देखा कि अंगद पुत्र नन्हेलाल की अंगद ऑटो सर्विस सेंटर दुकान में आग तेजी से फैली है। फायर यूनिट ने होज पाइप और फोम ब्रांच की मदद से आग बुझानी शुरू की। अग्निशमन कर्मियों ने आग को पूरी तरह बुझाने के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली और अन्य लंबित मांगों को लेकर सोमवार को राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ ने जोरदार प्रदर्शन किया। सोमवार को महासंघ के सैकड़ों कर्मचारी और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर में जुटे और हाथों में तख्तियां लेकर अपनी पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। सांकेतिक प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश महामंत्री रामनरेश यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजू भारती ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करो, निजीकरण खत्म करो, और मृतक आश्रितों को योग्यता के आधार पर नियुक्ति दो जैसे नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गुंजा दिया। जिलाध्यक्ष राजू भारती ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। सांसदों और विधायकों को जब पुरानी पेंशन मिल सकती है, तो फिर कर्मचारियों और शिक्षकों को क्यों नहीं?卐प्रदेश महामंत्री रामनरेश यादव, कार्यवाहक महामंत्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, और सिंचाई विभाग के अध्यक्ष भाईलाल यादव ने कहा कि सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

### युवक ने आत्मदाह की कोशिश की, पुलिस ने बचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सबसे पॉश इलाके में एक व्यक्ति ने सोमवार को आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे बचाकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोप है कि पुलिस विभाग की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर युवक ने यह कदम उठाया है। थाना गौतमपल्ली के अंतर्गत बंदरिया बाग के चौकी इंचार्ज आदित्य सिंह ने बताया कि बाराबंकी के फतेहपुर उजरबारा गांव निवासी शिवम वर्मा ने सोमवार दोपहर को विक्रमादित्य मार्ग तिराहा पर पहुंचकर स्वयं पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा लिया था। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज फोर्स के साथ मौके पहुंचे और युवक को इलाज के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखजी (सिविल) अस्पताल पहुंचाया, जहां शिवम का इलाज चल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि शिवम ने बाराबंकी के फतेहपुर थाना में एक मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें विवेचक ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया है। इस मुकदमे में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने से परेशान होकर शिवम ने आत्मदाह की कोशिश की है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में बाराबंकी पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### दीपावली से पहले हो बोनस का भुगतान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय व कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि दीपावली के पावन पर्व को देखते हुए सभी संवर्ग के कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व बोनस का भुगतान कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से की हैं। दोनों नेताओं ने यह भी कहा है कि राज्य कर्मचारियों, निगम कर्मियों, संविदा तथा डेलीवेजेज कर्मचारियों की भर्ती आउट सोर्सिंग कर्मियों की भाँति आउट सोर्सिंग कर्मियों को भी बोनस दिया जाये।

### डिप्टी सीएम ने किया काल्मीकिया रिपब्लिकन संग्रहालय में बोधिचित्त प्रदर्शनी का उद्घाटन

# तथागत के अवशेष आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने काल्मिकिया गणराज्य, रूस स्थित ट्रोइत्स्कोये खुरुल मठ में पूज्य भिक्षुगण को संबोधित किया तथा भगवान बुद्ध की विरासत की भावना के प्रतीक के रूप में मठ के मुख्य मठाध्यक्ष को मंगोलियाई भाषा में मूल्यवान कंजूर भेंट किया। केशव प्रसाद मौर्य ने एलिस्ता, काल्मिकिया गणराज्य, रूस स्थित राष्ट्रीय काल्मिकिया रिपब्लिकन संग्रहालय में बोधिचित्त प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया।

इस अवसर पर भारत और रूस के बौद्ध धर्मावलंबियों के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ, जिसमें काल्मिक बौद्धों के केंद्रीय आध्यात्मिक प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के बीच एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता भारत और रूस के बीच स्थायी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करता है और दोनों राष्ट्रों के बीच संवाद एवं सहयोग का पुल बनकर वैश्विक सद्भाव एवं करुणामय विश्व की साझा दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उप मुख्यमंत्री व प्रतिनिधि मण्डल के साथ काल्मिकिया के प्रमुख लोगों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमे भगवान तथागत बुद्ध के सन्देशों व उपदेशों कीअन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिकता व महत्व पर प्रकाश डाला गया। काल्मीकिया मे एक साक्षात्कार मे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दुनिया भर के अन्दर भगवान तथागत बुद्ध के अनुयायियो की संख्या बढ़ेगी, क्योंकिशान्ति, प्रगति, क्षमा और आध्यात्मिक उन्नति का रास्ता भगवान तथागत बुद्ध के उपदेशों, सन्देशों, उनकी शिक्षा व उनके जीवन से मिलता है।

**बुद्ध की करूणा, दया व क्षमा की शिक्षा आज भी प्रासंगिक**

भगवान तथागत बुद्ध की करूणा, दया और क्षमा की शिक्षा आज के परिपेक्ष्य मे भी बहुत प्रासंगिक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 मे जब से देश की बागडोर संभाली है तब से उन्होने विश्व के बड़े से बड़े मंच से भी खड़े होकर यह कहा कि हमने संसार को भगवान तथागत बुद्ध को दिया, युद्ध नही दिया। बुद्ध की शरण मे जाने से शान्ति है, प्रगति है, आध्यात्मिक उन्नति भी है। कहा कि आज वह देख रहे हैं कि काल्मीकिया मे तो कई शताब्दियों पूर्व भगवान तथागत बुद्ध का सन्देश आ चुका और आज यहां पूरी तरह काल्मिकिया गणराज्य बुद्धमय, बौद्धमय हो गया है।

# हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा व सम्मान करना सरकार का मुख्य उद्देश्य : योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन कार्यक्रम में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को हर मामले का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, विभिन्न जिलों से आये 50 से अधिक फरियादियों ने पुलिस कार्रवाई, बिजली आपूर्ति, वित्तीय सहायता और भूमि विवाद से संबंधित शिकायतें और निवेदन सामने रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर फरियादी से बातचीत की। उनके आवेदन प्राप्त किये और अधिकारियों को उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। आदित्यनाथ ने जनता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह सिद्धांत उनकी सरकार के गठन के पहले दिन से ही उसका मार्गदर्शन करता रहा है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी ने शिकायतकर्ताओं के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की, उनके सिर पर हाथ फेरा, उन्हें चॉकलेट और टॉफियाँ दीं और उन्हें खूब पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# रालोद हमेशा बना किसानों, नौजवानों ग्रामीण जनता की आवाज : उज्वल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय लोकदल के सूबाई दफ्तर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर डॉ कुलदीप उज्ज्वल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. कुलदीप उज्जवल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव केवल स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का माध्यम है। यह चुनाव उस भारत की आत्मा को स्वर देता है जो गांवों में बसती है। पंचायत स्तर पर सत्ता का विकेन्द्रीकरण ही सच्चे लोकतंत्र की नींव है।

जब गांव सशक्त होंगे तभी प्रदेश और देश मजबूत होगा। यह चुनाव एक प्रकार से विधानसभा चुनाव का मिनी संस्करण होता है, जो जनता की नब्ज को समझने का सबसे बड़ा माध्यम है। पंचायत चुनावों में जीत केवल सत्ता का प्रश्न नहीं, बल्कि विचारों की स्वीकृति का प्रतीक है। रालोद का उद्देश्य केवल सीटें जीतना नहीं, बल्कि गांव-गांव में न्याय, समानता और विकास की भावना को पहुंचाना है। राष्ट्रीय लोकदल हमेशा किसानों, नौजवानों, ग्रामीण जनता की आवाज बना है। आज समय की मांग है कि गांवों में स्वच्छ राजनीति की नींव रखी जाए।

# स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ का काला फीता आन्दोलन शुरु

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय महासंघ अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलनरत है। महासंघ ने प्रदेश भर के स्थानीय निकाय कार्यालयों पर काला फीता आन्दोलन शुरू कर दिया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकुमारमिश्र मिश्र ने बताया 10 सूत्री मांग पत्र को लेकर 9 अक्टूबर को जीपीओ पार्क लखनऊ में धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया था। नगर विकास विभाग ने 16 अक्टूबर को महासंघ की मांगों पर वार्ता हेतु कर्मचारी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। श्री मिश्र ने बताया कि 6-7 बार पूर्व में वार्ता हुई पर ऐसी वार्ता से विश्वास उठ गया है।

# वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से जुड़ें सब लोग : महाना

**हंगरी में भारतीय समुदाय से मिले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/बुडापेस्ट।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने बुडापेस्ट स्थित अमृता शेरगिल सांस्कृतिक केंद्र में हंगरी में रह रहे भारतीय समुदाय से भेंट की। इस अवसर पर भारत के राजदूत श्री अंशुमन गौर एवं काउंसिल के चेयरमैन भी उपस्थित रहे। श्री महाना ने उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने राज्य में औद्योगिक निवेश, आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था और पर्यटन के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर 'उत्तर प्रदेश की प्रगति' पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित भारतीय समुदाय ने अत्यंत रुचि और गर्व के साथ देखा। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के अनुरूप हम सबको एक साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय सहयोग की भावना से कार्य करेंगे, तभी एक परिवार जैसा भाव समाज में स्थापित होगा। भारतवंशी जहां भी हैं, वे अपनी मेहनत, ईमानदारी और परिश्रम से न केवल स्वयं का बल्कि देश का भी नाम रोशन करते हैं। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आया है। वैश्विक स्तर पर भी भारत का सम्मान और प्रभाव निरंतर बढ़ा है। आज विश्वभर के देशों में भारतीय नागरिकों को आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। हंगरी में रह रहे भारतीय नागरिकों को इस देश के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता रखनी चाहिए, साथ ही भारत, उसकी संस्कृति और विरासत से भी आत्मिक जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। विदेशों में रहने वाला भारतीय समुदाय वास्तव में भारत का ब्रांड एम्बेसडर है, जो अपने कर्म, संस्कृति और व्यवहार से भारत की पहचान को विश्व मंच पर और सशक्त बनाता है।

### भाजपा के प्रदेश प्रवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ताओं ने सोमवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी, हरीश चन्द्र श्रीवास्तव, मनीष शुक्ला, हीरो बाजपेई, राकेश त्रिपाठी, आनन्द दुबे एवं संजय चौधरी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रवक्ताओं से कहा कि विपक्ष को जवाब देते समय अपनी बात स्पष्टता के साथ रखें। अपने विषय को तथ्यात्मक जानकारी के साथ रखें ताकि उसका संदेश खराब ना जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के कामकाज और सरकारी योजनाओं की जानकारी होनी चाहिए। जनहित में सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताना चाहिए। एक प्रवक्ता के मुताबिक बरेली जैसी घटना प्रदेश में दोहराने न पाए, इसको लेकर भी मुख्यमंत्री की स्पष्टता देखने को मिली। साथ ही यह बात भी आई की मुख्यमंत्री की भाजपा प्रवक्ताओं के साथ माह में कम से कम एक दिन मुलाकात जरूर हो। ताकि विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदशन प्रवक्ताओं को मिल सके। ऐसे ही कई अन्य विषयों पर प्रवक्ताओं के साथ चर्चा हुई है।

### नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक 24 को, पार्षद भेजेंगे प्रस्ताव

**लखनऊ ।** लखनऊ नगर निगम की तरफ से 24 अक्टूबर को कार्यकारिणी बैठक की जाएगी। इसमें नगर निगम के कार्यकारिणी सदस्य शामिल होंगे। बैठक से पहले 110 वार्डों के पार्षद अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित मुद्दों को लेकर एजेंडा भी नगर निगम के समिति विभाग की तरफ से भेजेंगे। इसके बाद कार्यकारिणी सदस्यों की तरफसे इसपर फैसला लिया जाएगा। मेयर सुषमा खर्कवाल का कहना है कि नगर निगम की तरफ से सामान्य कार्यकारिणी बुलाई गई है। इसमें शहर के विकास को लेकर कई निर्णय लिए जाने हैं। चौराहे, सड़क सहित अन्य के नामकरण से संबंधित भी प्रस्ताव और सुझाव मांगे गए हैं। दीपावली से पहले मेयर सुषमा खर्कवाल ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात की है।

# प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष ने वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग को लेकर जताया विरोध

समृद्धि न्यूज

**निजीकरण से लेसा में लगभग 8000 पद समाप्त होंगे**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के चार शहरों में विद्युत वितरण प्रणाली की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग करने से आए दुष्परिणामों को देखते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने 01 नवंबर से लेसा में वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग लागू कर हजारों पदों को समाप्त किए जाने का विरोध किया है। प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष वार्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के बाद मेरठ की बिजली व्यवस्था खराब हो गई है।

सघर्ष समिति के अनुसार निजीकरण से लेसा में लगभग 8000 पद समाप्त होंगे। आज संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने इस संबंध में विधानसभा की प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष और मेरठ के विधायक अमित अग्रवाल से फोन पर बात की। अमित अग्रवाल ने कहा कि वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के बाद मेरठ की बिजली व्यवस्था पहले से खराब हो गई है। अमित अग्रवाल ने बताया कि 12 सितंबर 2025 को हुई प्राक्कलन समिति की बैठक में भी प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष के पद से उन्होंने वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग का प्रबल विरोध किया था। श्री अमित अग्रवाल ने कहा कि विद्युत वितरण की वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग आम उपभोक्ताओं के हित में नहीं है अतः इसे वापस लिया जाय। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पावर कारपोरेशन का शीर्ष प्रबंधन निजीकरण के नाम पर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग लागू कर रहा है और इसके बहाने बिजली कर्मियों के हजारों पद समाप्त किया जा रहे हैं।

### फासीवादी सरकार लोकतंत्र की हत्या पर उतारू : कांग्रेस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की फासीवादी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर देने पर उतारू है। भाजपा खुद भी पूरी जिंदगी धरने, प्रदर्शन और रैली करती रही। लेकिन जब से उसकी सरकार आई है वह लगातार लोकतंत्र का चीर हरण कर रही है और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोट रही है। इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जो लगातार प्रदेश भर में हर पीड़ित तक पहुंच रहे हैं। वह आज दूसरी बार हरिओम वाल्मीकि के परिवार के साथ संवेदना प्रकट करने तथा कांग्रेस पार्टी की ओर से उनको आर्थिक सहायता प्रदान करने उनके आवास फतेहपुर जा रहे थे तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जो सिर्फ लोगों को सताना जानती है और किसी पीड़ित की साथ खड़ी नहीं होती के आदेश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को जाने से रोक दिया गया।

**छापा** | आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डीएम के निर्देश पर की गई कार्रवाई

# एफएसडब्लयू वैन से घी, दूध और सोनपापड़ी की जांच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ ने सोमवार को सघन अभियान चलाया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी लखनऊ के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही में कई प्रतिष्ठानों पर छापे मारे गए, जहां से भारी मात्रा में खाद्य सामग्री जब्त और नष्ट की गई।

टीम ने शिवरी, काकोरी स्थित आर्ना सोनपापड़ी निर्माण इकाई पर छापा मारकर खराब गुणवत्ता की करीब 2 क्विंटल सोनपापड़ी (मूल्य 32,000) को मौके पर ही नष्ट कर दिया। वहीं, इंदिरा नगर स्थित भारत दूध डेरी एंड स्वीट्स पर रखे 28 लीटर दूषित दूध (मूल्य 1,680) को भी अस्वस्थकर परिस्थितियों के चलते नष्ट कराया गया। ऐन कांझा खेड़ा स्थित वंश एग्रो इंडस्ट्रीज में रखे गए 2816 लीटर सरसों के तेल को सीज किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 5,35,040 बताई गई है। टीम ने अहमदपुर कमलापुर स्थित घी निर्माण इकाई, मलिहाबाद हारदोई रोड पर चल रही खोया से भरी दो पिकअप गाड़ियों (यूपी30 एटी 2174 नंबर) और छतरपुर वर्कशॉप स्थित त्रिपाठी मिष्ठान प्रतिष्ठान की भी जांच की। यहां से नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कुल 11 नमूने विश्लेषण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट के आधार पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर 2816 लीटर खाद्य पदार्थ, जिनकी अनुमानित कीमत 5,35,040 थी, को सीज किया गया, जबकि 228 किलो खराब खाद्य सामग्री, जिसकी कीमत लगभग 33,680 थी, को मौके पर नष्ट कर दिया गया। इंदिरा नगर के सेक्टर-17 मार्केट में एफएसडब्लयू वैन द्वारा मौके पर ही 19 तरह के खाद्य पदार्थों की जांच की गई। इस दौरान खाद्य कारोबारियों और उपभोक्ताओं को मिलावट से बचाव और सही खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान घंटे वाला कूल कॉर्नर और फास्ट फूड सेंटर (नेपियर रोड ठाकुरगंज), मोहम्मद जावेद मिष्ठान (हुसैनाबाद) और ग्लोब कैफे (हुसैनाबाद) समेत कुल 8 प्रतिष्ठानों को साफ-सफाई और मानक उल्लंघन को लेकर चेतावनी दी गई।

### थर्माकोल जलाने पर 50 हजार जुर्माना, वेयरहाउस में जलता मिला प्लास्टिक

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में प्रदूषण फैलाने और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करने वालों पर नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीबीडी क्षेत्र स्थित क्राउन प्लाजा माल के पास एक वेयरहाउस में थर्माकोल और कूड़ा जलाने के मामले में नगर निगम की जोन-7 टीम ने 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान क्राउन मॉल के पास स्थित एक वेयरहाउस से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। संदेह होने पर अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे, वेयरहाउस के अंदर थर्माकोल और अन्य कचरे को जलाया जा रहा था। जांच में पता चला कि वेयरहाउस की सफाई का कार्य चल रहा था। सफाई के दौरान निकले थर्माकोल और अन्य अपशिष्ट को ठेकेदार द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था। यह कार्य वहां कार्यरत ठेकेदार जाकिर नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों का हवाला देते हुए कार्रवाई की।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में आने वाली सभी समस्याओं का होगा शीघ्र निस्तारण : आयुक्त

**50 मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 21 महिलाओं ने आयुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं, प्रत्येक सोमवार आयोजित होता है महिला जनसुनवाई कार्यक्रम**





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** आयुक्त देवीपाटन मण्डल द्वारा शुरू की गई नई पहल मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के अंतर्गत सोमवार को आयुक्त कार्यालय में महिलाओं हेतु एक बार पुनः विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई के दौरान दूर दराज से आई 21 महिलाओं ने आयुक्त के सामने उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्या बताई। उन्होंने आयुक्त के समक्ष अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। जनसुनवाई में रंजना पाण्डेय, श्यामकली, शबनम, रिचा, मंजू, रूचि तिवारी, अनारकली, मीना, अनीता, रामवती, कान्ती देवी सहित 21 महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को बताया। सभी ने अपनी समस्याओं को सीधे आयुक्त के समक्ष रखकर त्वरित निस्तारण की उम्मीद जताई। आयुक्त ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि सभी मामलों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये। कार्यवाही निष्पक्ष होनी चाहिए। शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण मेरिट के आधार किया जाये। मामले के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जायेगी। प्रत्येक शिकायत का समाधान शीघ्रतम समयावधि में किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को समय पर राहत मिल सके। निस्तारण की प्रक्रिया केवल औपचारिक न होकर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी होनी चाहिए, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हों। सभी शिकायतों की जांच पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ की जाए। किसी भी प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई न हो। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।अपर आयुक्त प्रशासन कमलेश चंद्र ने बताया कि पिछले सोमवार को आयोजित हुई महिला जनसुनवाई के दौरान आये 45 में से 40 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है, जिसमें से 36 निस्तारण संतोषजनक हुए जबकि चार शिकायतों में रिमाइंडर भेज कर संतोषजनक कार्रवाई करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं। इस अवसर पर महिला अधिकारी अपर आयुक्त न्यायिक देवीपाटन मीनू राणा तथा उपायुक्त खाद्य देवीपाटन विजय प्रभा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने भी जनसुनवाई के दौरान कई महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। आयुक्त ने सभी महिलाओं से अपील की है कि वे विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम में आकर अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकती हैं जिसको संबंधित अधिकारियों को भेज कर गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

# ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में चमके छात्र, 500 छात्रों को मिला गोल्ड

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** शहर के लखनऊ रोड स्थित रिसार्ट सभागार में ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के तहत मेडल व प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को गोल्ड व सिल्वर मेडल समेत नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रही।कार्यक्रम जिले के संस्था प्रमुख संजय श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर बीते माह अगस्त को सेवेंथ डे स्कूल के परिसर में आयोजित ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स की सामान्य ज्ञान परीक्षा में गर्व पांडे,माधव अग्रवाल, अक्षत राज श्रीवास्तव, राज शुक्ला,आदित्य वर्मा को नगर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।वहीं 500 बच्चों को गोल्ड मेडल व 425 बच्चो को सिल्वर मेडल तथा अन्य बच्चो को भी पुरुस्कार दिए गए। कार्यक्रम में रीना श्रीवास्तव, डॉ. संज्ञानशी श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।इस दौरान प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागी बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

**परिणाम से नाखुश दिखे छात्र**

ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आये परिणाम से कुछ छात्र समारोह में नाराज भी दिखे।आशीर्वाद एकेडमी स्कूल के छात्र सत्यांश श्रीवास्तव ने बताया कि मेरा एग्जाम बहुत अच्छा हुआ था।परिणाम से नाखुश हूं।उत्तर पुस्तिका मुझे दिखाई जाए।छात्र ने प्रतियोगिता में गड़बड़ी की भी शिकायत बताई।

## खबरें एक नजर में

### सास-बहू की दूरी को खत्म करने को एंटी रोमियो टीम ने दी जानकारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत सेमरा कालोनी में सास बहू का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सेमरा चौकी प्रभारी उदित वर्मा और एंटी रोमियो टीम के प्रभारी पूजा वर्मा ने संबोधित किया।पूजा वर्मा ने सास बहू की आपस की दूरी को खत्म करने के लिए एक दूसरे को आपस में सामंजस्य बना कर रखना होगा। उन्हों ने कहा कि सास बहू की बहुत से मामले पुलिस थाने पर आ रहे है। सास बहू की आपस की खाई दो परिवारों की जिंदगी बर्बाद कर रही है। इस लिए जरुररी है कि दोनों लोग एक दूसरे को समझे जो भी मामले हो उस को मिल जुल कर समझा ले। जिस से कोई दिक्कत न होने पाए। सास बहू के कार्यक्रम को बोधित करते हुए कहा कि जब शादी कर के बहु को घर लाए तो सास उनको प्रताड़ित न करे कि तुम्हारे पिता की कोई औकात नहीं थी। हमारे यहां शादी कर लेते। ऐसे बातों से दोनो परिवारों के बीच की दूरी बढ़ती है। आसपास के रिश्तेदार खराब हो जाते है। जिस में कही कही तो महिलाएं आत्महत्या तक कर लेती है। इस लिए इस सब से बचना चाहिए।

### नशा मुक्त युवा भारत को बनाएगा विश्व गुरु : विजय प्रताप जी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल एवं एससीपीएम मेडिकल कॉलेज द्वारा अपने कॉलेज के धनवंतरी सभागार में आयोजित नशा मुक्त युवा एवं विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बताया भारत को विश्व गुरु बनाने का काम नशा मुक्त युवा ही कर सकता है हमारे हीरो गुटखा का ऐड करने वाले नहीं बल्कि मिसाइल मैन अब्दुल कलाम जी,चंद्रशेखर आजाद,अशफाक उल्ला खान जैसे लोग होने चाहिए जिन्हें भारत मां की सेवा का नशा था, हमें भी देश भक्ति का नशा होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोंडा के वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर ओंकार नाथ पांडे जी ने भी युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वयं को एवं देश को सशक्त बनाने का आह्वान किया, कार्यक्रम के अंत में संचालन कर रहे दिवाकर सोमानी जी ने युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक अजिताभ जी,नियंत्रक धीरज जी,विहिप जिला संगठन मंत्री दीपेन्द्र जी,दुर्गा प्रसाद जी,महेश तिवारी जी,शारदाकांत पांडे जी, भरत गिरी जी,बबलू वर्मा जी, बलराम बाबू शुक्ला जी, आकाश सागर, सर्वजीत सिंह, राजू मौर्य, आनंद वर्मा, दिनेश मिश्रा, रोशन सिंह आदि कार्यकर्ताओं समेत कॉलेज के सैकड़ो छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### नर्सिंग होम से गायब वृद्ध अध्यापक की लाश तालाब में मिली

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के शहर के बीचों बीच में स्थित आई टी आई चौराहा के निकट सगरा तालाब में 80 वर्षीय वृद्ध अध्यापक गंगा राम मिश्र की लाश मिली है। जिस को पांडेय बाजार चौकी प्रभारी सुरेश यादव ने उस के शव को सगरा तालाब से निकलवा कर पंचायत नामा भर कर पोस्ट मार्टम को भेजा है। बहराइच जनपद के विश्वेश्वर गंज थाना क्षेत्र के लोनियन पुरवा गांव के निवासी अवधेश मिश्रा ने बताया कि उस के पिता गंगा राम मिश्र अचानक तबियत खराब हो गई थी।जिन को गोंडा जिले के एक नर्सिंग होम में लाकर भर्ती कराया था। बीते 10अक्टूबर को तबियत में आराम होने के बाद नर्सिंग होम से ही कही गायब हो गए थे। जिसकी गुमशुदगी की प्रथम सूचना भी दर्ज कराया था। मृतक गंगा राम मिश्र अध्यापक के पद से सेवानिवृत्त थे। कुछ दिनों से उनकी मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहती थी। सोमवार की सुबह उनकी लाश सगरा तालाब में एक टेंट हाउस के दुकान के पीछे मिली जो पानी में तैर रही थी।जिस को कुछ लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दिया।

### प्रधानाचार्य ने बेटे को नियुक्त कर दिया शिक्षक, प्रबंधतंत्र अनभिज्ञ

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** गणेश संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य ने प्रबंधतंत्र की जानकारी के बिना ही अपने पुत्र को शिक्षक पद पर नियुक्त कर दिया। प्रबंधक के पूछने पर प्रधानाचार्य ने गालीगलौज भी की। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्यालय के प्रबंधक व्याकुल किशोर मिश्र ने बताया कि प्रधानाचार्य वेदपति त्रिपाठी ने अपने पुत्र वागीश त्रिपाठी को शिक्षक बनाने के लिए प्रबंधतंत्र की जानकारी के बिना ही 18 अप्रैल 2024 को फर्जी प्रस्ताव तैयार किया। 15 अक्तूबर 2024 को वागीश को नियुक्ति पत्र जारी कर दिया। प्रबंधक सहित अन्य सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर भी बनाए गए। मामले की जानकारी होने पर प्रबंधक ने 18 सितंबर 2025 को प्रधानाचार्य से बातचीत की, तो वह गालीगलौज करने लगे। प्रबंधक ने बताया कि प्रधानाचार्य ने जिस विषय के लिए अपने बेटे की नियुक्ति की है, विद्यालय में उस विषय के शिक्षक पहले से कार्यरत हैं। कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि प्रबंधक की तहरीर पर प्रधानाचार्य वेदपति त्रिपाठी और वागीश त्रिपाठी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का सपाइयों ने किया स्वागत

समृद्धि न्यूज



**सभी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं : श्याम लाल पाल**

**जरवलरोड, बहराइच।** बलरामपुर से वापस लखनऊ जा रहे सपा प्रदेश अध्यक्ष का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जरवल रोड में भव्य स्वागत किया तथा मिठाई खिला कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल बलरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर वाया गोंडा जरवल रोड होते हुए वापस लखनऊ जा रहे थे।

देर शाम उनका काफिला जरवल रोड पहुंचा जहां सपा के बहराइच जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया तथा उनको मिठाई खिला कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। वही जरवल रोड के रिठौड़ा निवासी समाजसेवी व शिक्षक बृजेश पाल ने उन्हें उनकी तस्वीर भेट कर जन्मदिन की बधाई दी। सपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ मौजूद सपा के प्रवक्ता मनोज यादव का भी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा सभी कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं तथा मिशन 2027 की तैयारी में जुटे रहे। जल्द ही प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनने वाली है। मौके पर सपा नेता विपिन यादव बाबी, विवेक मिश्रा, दिनेश सिंह विशेन, विजय मोहन यादव, कसीम अहमद, संदीप यादव, पवन यादव, अमर यादव, रामकुमार, इरफान अंसारी सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**बहराइच।** प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। जिले के दस थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान के तहत थाना जरवलरोड के परसा, मुर्तिहा के हरखापुर, नानपारा के रामलीला मैदान, मोतीपुर के सर्राकला, बौण्डी के बेहड़ा, कैसरगंज के नंदवल, रिसिया के भोपतपुर, नवाबगंज के धन्नी, सुजौली के रविदास नगर, रामगांव के सुसैयाचक और दरगाह शरीफ के चांदमारी में चौपाल लगाकर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उन्हें मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता, शासन द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# जंगली जानवर का हमला, युवक घायल ग्रामीणों ने बचाई जान, उपचार जारी



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील स्थित मंझारा तौकली इलाके में जंगली जानवरों के हमले जारी हैं। सोमवार सुबह घर से निकले 40 वर्षीय प्रदीप कुमार पर एक जंगली जानवर ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने और लाठी-डंडे लेकर दौड़ने पर उनकी जान बच सकी। बभनन पुरवा ग्राम निवासी प्रदीप कुमार सुबह करीब 6 बजे घर से बाहर जा रहे थे, तभी गन्ने के खेत से निकले जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। युवक के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जानवर को खेतों में भगा दिया। इस हमले में प्रदीप कुमार के दाहिने कंधे पर घाव हो गया। घायल प्रदीप कुमार को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। गौरतलब है कि इस इलाके में बीते एक माह से आदमखोर जंगली जानवर का खतरा बना हुआ है। इन हमलों में अब तक चार मासूमों सहित कुल छह लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

# कुड़ासन बाजार मनकापुर में खाद्य प्रतिष्ठान पर छापा मारकर विभाग ने की कार्रवाई



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** आगामी दीपावली त्यौहार पर मिलावटी खोया, पनीर, मिठाई व खाद्य पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ.प्र. लखनऊ द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) गोण्डा के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोण्डा संजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में खाद्य टीम द्वारा कुडासन बाजार, तहसील- मनकापुर, गोण्डा में उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक खाद्य प्रतिष्ठान पर छापा मारकर प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए बेसन बूँदी, लड्डू, बेसन पट्टी स्वीट, पेड़ा व छेना के कुल पाँच नमूने जाँच हेतु संकलित किये गये। इस खाद्य प्रतिष्ठान के मालिक दीपक गुप्ता पुत्र श्री फूलचंद्र द्वारा किराये के गोदाम में बगैर फूड लाइसेंस प्राप्त किये खाद्य कारोबार किया जा रहा था।

मौके पर बड़ी मात्रा में संदूषित एवं दुर्गंधयुक्त छेना पाया गया। जिसे खाद्य कारोबारकर्ता उपरोक्त की सहमति से विनष्ट कराया गया। विनष्ट किये गये छेना मिठाई की मात्रा 1680 किग्रा है जिसका अनुमानित मूल्य लगभग रू. 300000/- (तीन लाख रुपये ) है। खाद्य कारोबारकर्ता को सख्त निर्देश देते हुए बिना खाद्य लाइसेंस प्राप्त किए जाने वाले कारोबार बंद कराया गया।

## बदली गए पांच चौकी प्रभारी, तीन निरीक्षक सहित 14 उप निरीक्षक

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए पांच चौकी प्रभारी तीन निरीक्षक सहित 14 का तबादला कर दिया है। निरीक्षक मनोज कुमार पाठक को मीडिया सेल का प्रभारी बनाया है। शमशेर बहादुर सिंह को प्रभारी डी सी आर बी निरीक्षक प्रियंका मिश्रा को प्रभारी एस जी पी यू उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा को थाना धाने पुर शिव कुमार यादव को चौकी प्रभारी नियावा उमरी बेगम गंज थाना उमेश सिंह को चौकी प्रभारी कोल्हम पुर थाना नवाब गंज बृजेश कुमार चौबे को महिला थाना रमेश कुमार को चौकी प्रभारी ढेमवा घाट थाना नवाब गंज विभाव तिवारी चौकी प्रभारी सद्भावना चौकी प्रभारी विनोद चंद्र जायसवाल चौकी प्रभारी न्यायालय रविन्द्र कुमार को वाचक उपनिरीक्षक उमरी बेगम गंज खुश मोहम्मद को वाचक उपनिरीक्षक थाना कौड़ियां परशु राम सिंह को वाचक उपनिरीक्ष थाना मनका पुर अवधेश सिंह यादव को थाना कोतवाली देहात भेजा गया।

# पुलिस उपाधीक्षक रेलवे ने जीआरपी थाने का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज





**गोंडा।** सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (अनुभाग गोरखपुर) विनोद कुमार सिंह ने थाना जीआरपी का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्हें गार्द सलामी दी गई।

तत्पश्चात सर्वप्रथम पुलिस उपाधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क पर पहुँच कर निरीक्षण किया तथा महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी वंदना भार्गव को मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं थाना कार्यालय पर पहुँच कर सीसीटीएनएस कक्ष एवं थाना कार्यालय की साफ-सफाई देखा गया। इस मौके पर उन्होंने कार्यालय में मौजूद सभी अधिकारी/कर्मचारीगण से शस्त्र खोलवा व बधँवाकर देखा। साथ ही शस्त्रों के बारे में पुलिसकर्मियों से बारीकी से पूछताछ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के रजिस्टरों के रख रखाव का बारीकी से निरीक्षण कर सम्बन्धित कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। तत्पश्चात बैरक व कमरो का निरीक्षण किया गया एवं थाने पर नियुक्त सभी पुलिसकर्मियों के साथ संवाद स्थापित कर विभागीय व अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण आगामी त्यौहार दीपावली एवं छठ पर्व के दृष्टिगत समय से डियूटी प्वाइन्ट पर उपस्थित रहकर पूर्ण मनोयोग के साथ डियूटी त करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जीआरपी बांकेलाल, उपनिरीक्षक पवन कुमार, उपनिरीक्षक प्रमोद यादव, उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव, उपनिरीक्षक रामसमुझ सरोज, हेड कांस्टेबल रविशंकर भारती, हेड मोहरीर सुजीत सोनकर, कन्हैया प्रसाद वर्मा (कार्यालय), हेड कांस्टेबल नरसिंह भारती, आरक्षी मिथिलेश कुमार कनौजिया (सीसीटीएनएस) आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ई-रिक्शा की टक्कर, आठ घायल, चार की हालत गंभीर, सभी मेडिकल कॉलेज रेफर



समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में रिक्शा चालक सहित आठ लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह दुर्घटना सोमवार सुबह करीब नौ बजे बौंडी इलाके में स्थित सेमगढ़ा चौराहे के पास हुई।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार छब्बन, सुरेश, सोनी, गन्दौरी, जीतन, दिलखुश, मालती और बासमती घायल हो गए। घायलों में जीतन और मालती सहित चार लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों द्वारा सभी का इलाज किया जा रहा है। बताया गया है कि ये सभी लोग ई-रिक्शा से मजदूरी करने जा रहे थे।

### पंचायत चुनाव की चर्चा में दो पक्ष आपस में भिड़े, 12 घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रविवार देर रात थाना क्षेत्र के घरुवा बेंदौरा मे शराब की नशा में पंचायत चुनाव की चर्चा करते करते दो पक्ष आपस मे भिड़ गये। दोनों मे जमकर लाठी डंडे चले दोनों पक्ष मे दर्जन भर लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दिया है पुलिस जांच कर रही है। रविवार देर शाम घरुवा बेंदौरा निवासी राम नारायण व क्षेत्र पंचायत सदस्य राम सूरत आपस में क्षेत्र पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा कर रहे थे। दोनों में आपस में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो जमकर लाठी डंडे चले। दोनों पक्ष से सुनील चौहान, मनोज, दिनेश चौहान, राम केवल, लज्जावती, रामसमुझ, अमरजीत, रंजीत, अयोध्या, नारायण, सुशीला, समेत करीब 12 लोग घायल हो गए। दोनों पक्ष ने थाने में तहरीर दिया पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक ब्रम्हा गोंड ने बताया सूचना मिली है लेकिन अभी किसी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

**देशाटन**

**कतर्नियाघाट ईको क्लब के बच्चों को ककरहा स्थित नेचर ट्रेल में बायोडायवर्सिटी वॉक कराई गई**

# बच्चों ने दूरबीन से देखे पक्षी, तितलियों के बारे में जाना



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी द्वारा गठित कतर्नियाघाट ईको क्लब के बच्चों को ककरहा स्थित नेचर ट्रेल में बायोडायवर्सिटी वॉक कराई गई। इस दौरान 25 बच्चों ने जैव विविधता का अनुभव किया।

बायोडायवर्सिटी ऑफिसर सितांगशुदास और प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने इसका नेतृत्व किया। वॉक के दौरान बच्चों ने दूरबीन की सहायता से विभिन्न पक्षियों को करीब से देखा और उनकी पहचान की। उन्होंने कतर्नियाघाट में पाए जाने वाले कई प्रकार के पक्षियों का अवलोकन किया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बच्चों को तितलियों की पहचान और उनकी शारीरिक बनावट के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने मकड़ियों के बारे में भी जाना और बाघों के पदचिह्न देखे। उन्हें कतर्नियाघाट में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों से भी परिचित कराया गया। कम्युनिटी एजुकेटर श्रुति लोहानी ने जैव विविधता में वन्यजीवों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। नेचर ट्रेल में आठ प्रकार की मकड़ियां, अठारह प्रकार की तितलियां और कई प्रकार के मेंढकों की प्रजातियां पाई गईं। इस वॉक के लिए बच्चों को 12-12 के दो अलग-अलग समूहों में बांटा गया था। एक समूह का नेतृत्व अभिषेक ने किया, जबकि दूसरे का नेतृत्व सितांगशुदास ने किया।

### तहसीलदार ने विभिन्न स्थानों पर खोया दुकानों का किया निरीक्षण

**आगामी त्योहारों के मद्देनजर एक्शन मोड़ में प्रशासन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेंद्र कुमार ने सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ मिलकर ग्राम सुमईगौढ़ी, मिहींपुरवा की गुडगुड डेयरी और अन्य कई गांवों में खोया दुकानों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान दुकानदारों से आवश्यक दस्तावेज और बिक्री रिकॉर्ड मांगे गए और उत्पादों से नमूने लिए गए। तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि त्योहारों के समय उपभोक्ताओं को गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। निरीक्षण और नमूना जांच के माध्यम से हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि बाजार में बिकने वाले खोया और डेयरी उत्पाद मानक अनुरूप हों। किसी भी दुकान में कमी पाए जाने पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। हमारा उद्देश्य है कि लोग त्योहारों में विश्वास के साथ सभी खाद्य पदार्थ खरीद सकें। निरीक्षण टीम द्वारा लिए गए सभी नमूने जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे और आगामी त्योहारों में भी ऐसे नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कार की टक्कर से मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत, मची चीख-पुकार

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर अर्जुनगंज मजरे शेखपुर समोधा गांव के निकट एक अज्ञात कार की जोरदार टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मासूम बालिका राशी पुत्री स्वर्गीय उमेश उम्र 5 वर्ष अपने ही गांव में उक्त मार्ग के किनारे स्थित एक दुकान में कुछ सामान लेने के लिए गई हुई थी। जैसे ही वह वहां से वापस आ रही थी, तभी चुरुवा से पश्चिम गांव की तरफ जा रही है एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात कार ने उक्त मासूम बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज की मासूम घटना स्थल से कुछ दूर उछलकर एक नाली में जा गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ो की संख्या में पारिवारिक जन व ग्रामीण एकत्रित हो गए। तत्पश्चाप घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की सहमति पर शव का पंचनामा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। विदित हो कि उक्त मृतक मासूम बालिका के पिता का एक वर्ष पूर्व उक्त मार्ग पर ही दुर्घटना में देहांत हो चुका है। उसकी तीन अन्य बड़ी व छोटी बहनें भी हैं। इस दर्दनाक घटना के पश्चात परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है, तो वही गांव में मातम पसरा हुआ है।

### बैरियर से टकराकर बाइकसवार दो लोग गंभीर रूप से घायल

**सूची सलोन, रायबरेली।** यातायात नियंत्रण के लिए सड़क किनारे लगे बैरियर से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई ।जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा ।घटना सलोंन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौराहा की है। जहां भदोखर थाना क्षेत्र के सनही गांव निवासी सुनील अपने रिश्तेदार बुद्धि लाल निवासी उमरी के साथ रविवार देर रात बाइक से सलोंन की तरफ जा रहे थे ।इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बैरियर से टकरा गई ।जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर सूची चौकी इंचार्ज टीम के साथ मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन भेजा ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### एल्पिस ग्लोबल स्कूल में चतुर्दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



**बिसवां सीतापुर।** एल्पिस ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास हेतु चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम बड़े उत्साह से मनाया गया। विद्यार्थियों ने रोचक व शैक्षणिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का संदेश दिया। प्रथम दिवस पर विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों को सफल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने विद्यार्थियों की कला व कौशल की सराहना करते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### तालाब में इंटर कॉलेज के कर्मचारी का शव मिलने से सनसनी

**बिसवां, सीतापुर।** नगरपालिका परिषद के विद्यालय श्री कृपा दयाल म्युनिसिपल इंटर कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय शुक्ला का शव सोमवार को शीतला माता मंदिर के निकट स्थित तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार अजय शुक्ला रविवार को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखा, जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सांडा और हुलासपुरवा के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि रविवार रात से ही मृतक की तलाश जारी थी। सोमवार को शव बरामद होने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रविवार रात मृतक को शीतला देवी मंदिर के पास बने तालाब की ओर जाते देखा गया था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

### 25 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त पंकज मौर्या पुत्र गोपीचन्द्र मौर्या निवासी वार्ड नं 12 कस्बा व थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज श्याम नारायण पाण्डेय, उ.नि. रामकरन, का. दीपचन्द्र यादव, का. जबर सिंह व का. अमित प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायतों पर बैठक कर महिलाओं को किया गया जागरूक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर किया गया है। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देशन में जनपद में इस अभियान के तहत विविध कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में महिला सभा बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। बैठकों में महिला सुरक्षा हेतु शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं ताकि महिलाएं व बालिकाएं न केवल अपने अधिकारों को समझें, बल्कि परिवार और समाज में अपनी सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित कर सकें।

### श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी भक्तों की भीड़



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड क्षेत्र मुसाफिरखाना अन्तर्गत ग्राम पूरे यादवराव मजरे शादीपुर स्थिति कुटी पूज्य स्वामी दशरथ महाराज पर दूसरे दिन श्रीमद्भागवत कथा में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ देखने को मिली है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अवधेश कुमार सिंह, राजकुमार सिंह सपत्नीक है। कथा वाचक स्वामी पागल जी महाराज बड़े ही रोचक लय में कथा सुनाते हैं, कथा सुनने में अन्य लोगों के अलावा डॉ राज नारायण मिश्रा, धरौली निवासी पत्रकार प्रेस परिषद अयोध्या मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह, संग्रामपुर निवासी समाजसेवी बाबू ज्ञान सिंह, दीवानी कोर्ट मुसाफिरखाना के वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू अवधेश सिंह, सत्यपाल सिंह व बाबू जसवंत सिंह, डॉ हरिद्वार सिंह, पूर्व अमेठी नलकूप सिंचाई संघ अध्यक्ष बाबू राम अच्छबर सिंह, शादीपुर के बाबा व जय कुमार सिंह व पूर्व प्रमुख हलियापुर निवासी बाबू रवींद्र सिंह सहित अन्य गण मान्य लोग स्वामी जी के सानिध्य में मौजूद रहे।

### विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के कस्बा मुसाफ़िर खाना में संयोजक संतोष श्रीवास्तव, अंशुमान टण्डन, अनिल अग्रहरि के संयोजन मे मुख्य वक्ता डॉ रमाशंकर पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि संघ, भारत माता को परम वैभव के शिखर पर ले जाना चाहता है। आज संघ को 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। संचालन अभिषेक तिवारी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात पूरे नगर मे संचलन हुआ जिसमें माताओं बहनो ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया द्य कार्यक्रम मे प्रेम बहादुर, जिला संचालक बौद्धिक प्रमुख बलराम कुमार, राहुल कौशल विद्यार्थी, शिवेंद्र सिंह, अमितेंद्र सिंह, वृंदा मिश्रा, राजमनी तिवारी, अतुल सिंह, नकुल टण्डन, राम गोपाल कौशल, अरुण मिश्र, हरित सिंह, काली बख्श सिंह, उमाकांत तिवारी, ओमप्रकाश पांडे, समप्रकाश मिश्रा, सुनील अग्रहरि, अंबरीश, शिवम मौर्य, साइंशरण, सुबोध, पद्माकर मिश्रा, विवेक दुबे, विवेक अग्रहरि आदि बंधुओं के सहयोग से कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

# डीएम ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं तत्परता लाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों, ओवर बिलिंग की समस्याओं तथा नए विद्युत कनेक्शन आवेदनों पर कार्यवाही की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

▸ किसानों की बिजली संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाए: जिलाधिकारी



अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक बिलिंग की समस्या न हो। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी सतर्कता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा नए विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली आमजन के प्रति जवाबदेहीपूर्ण होनी चाहिए तथा प्रत्येक उपभोक्ता को सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम नेकी राम, वितरण मंडल द्वितीय मुकेश कुमार, संदीप श्रीवास्तव, अवर अभियंता प्रवर्तन दल विनय रावत सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक गजाधर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर राज्य मंत्री मयंकेशरण सिंह ने दी श्रद्धांजलि



**डीह रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विकासक्षेत्र के ग्राम आशापुर में पूर्व विधायक गजाधर सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सरकार के राज्यमंत्री मयंकेशरण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने पूर्व विधायक गजाधर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके समाजसेवी व जनसेवक रूप को याद किया। मंत्री ने कहा कि गजाधर सिंह ने सदैव जनहित और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधि और संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। सभी ने उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेते हुए उनके कार्यों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धांजलि समिति ने किया और अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## साहू व वैश्य समाज के लोग देश की तरक्की में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं: प्रभात साहू

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

साहू वैश्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए रायबरेली शहर के बेलीगंज मे साहू वैश्य सम्मेलन का हुआ आयोजन। जिसमें मुख्य अतिथि रमाशंकर साहू पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ रहे तो वहीं विशिष्ट अतिथि महराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता प्रभात साहू रहे। श्री साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज साहू समाज और वैश्य समाज भारत देश की तरक्की में अहम भूमिका अदा कर रहा है तथा इसको नई ऊंचाइयों में पहुंचने में इन दोनों बिरादरियों का विशेष योगदान है ।उन्होंने कहा चाहे वह खेल हो आर्ट हो या फिर बिजनेस हो आज समाज के बच्चे आगे बढ़कर जहां समाज का नाम रोशन कर रहे हैं तो वहीं जिला




प्रदेश और देश का नाम भी रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर वीरेंद्र साहू बालकृष्ण साहू प्रतापगढ़ रमेश साहू रायबरेली राजाराम दयाशंकर रोहित साहू सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## पहलवानों ने दिखाये अपने दांव पेंच, अंतिम कुश्ती बराबरी पर हुई समाप्त

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे में चल रहे क्षेत्र के ऐतिहासिक दशहरे मेले में इंद्रदेव के द्वारा विघ्न पडने के बाद निर्धारित तारीखों के अनुसार रविवार शाम विराट दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल के प्रायोजक योगेंद्र चौधरी श्रीपरिवार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे डॉक्टर मनीष सिंह चौहान (प्रत्याशी सदर विधानसभा रायबरेली कांग्रेस 2022) का मेला कमेटी के अध्यक्ष व प्रबंधक एवं अन्य सदस्यों एवम पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात विराट जौनपुर और अनूप झांसी के बीच पहली कुश्ती के साथ दंगल का शुभारंभ हुआ। उक्त दंगल में प्रदेश ही नहीं अपितु देश के अन्य प्रदेशों से आए पहलवानों ने अपनी प्रतिभा एवं कौशल का परिचय दिखाते हुए विभिन्न प्रकार के दांव पेच दिखाएं और दर्शकों को अपनी रोमांचक कुश्तियां का लुफ्त उठाने के लिए मंत्र मुग्ध कर दिया। देर रात तक दंगल का यह कार्यक्रम चलता रहा और दंगल प्रेमी उक्त स्थान से टस से मस नहीं हुए। दंगल में पहलवानों के दांव पेच देखते ही बन रहे थे, कितनी फुर्ती के साथ पहलवान एक दूसरे को चित और पट करने में लगे हुए थे। साथ ही दंगल



प्रेमियों की भीड़ देखकर पहलवानों के दांव पेच और उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। दंगल की आखिरी और निर्णायक कुश्ती नितिन गाजियाबाद और सर्वेश तिवारी संतकबीर नगर के बीच हुई। काफी देर तक चला यह मुकाबला अंत में दंगल में निर्णायक की भूमिका निभा रहे राजू पाठक और मनोज मिश्रा के द्वारा बराबरी पर समाप्त करने के फैसले पर रोका गया। उक्त कुश्ती का इनाम 6800 पहुंच गया था, जो दोनों पहलवानों को बराबर बराबर दे दिया गया। वही दोनों पहलवानों का सम्मान कर उन्हें अगले वर्ष होने वाले इस दंगल में फिर दंगल व मेला कमेटी के द्वारा आमंत्रित किया गया और उक्त दंगल में पधारे सभी पहलवानों का दंगल व मेला कमेटी ने आभार व्यक्त किया है।

### बिना फिटनेस एवं बीमा के दौड़ रहे स्कूली वाहन



**डलमऊ, रायबरेली।** स्कूली वाहनों में सुरक्षा नियमों की कैसे धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, इसकी बानगी डलमऊ क्षेत्र में देखी जा सकती है ट्रैफिक एवं सुरक्षा मानकों को अनदेखा कर बगैर फिटनेस एवं बीमा के स्कूल वाहन लगातार सड़को पर फर्राटा भर रहे हैं यही नहीं प्राइवेट स्कूल प्रबंधन नियमों को दरकिनार कर बस एवं वैन में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है। ऐसे में विद्यालय प्रबंधन मासूमों बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है वहीं इसके जिम्मेदार परिवहन विभाग भी अपनी आंखें बंद कर के बैठा हुआ है इसके अलावा डलमऊ क्षेत्र में ऐसे ना जाने कितने स्कूली वाहन दौड़ रहे है जिनके कागज आधे अधूरे हैं स्कूल प्रबंधन बच्चों के अभिभावकों से ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर मोटी रकम वसूलने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है ऐसी स्थिति में बिना बीमा व फिटनेस के दौड़ रहे वाहन यदि दुर्घटनाग्रस्त हो जाएं तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी बीमा ना होने पर दुर्घटना का शिकार होने वाले बच्चों के परिजनों को इसका मुआवजा भी नहीं मिल पाएगा बिना फिटनेस वाले वाहन ज्यादातर पुराने एवं खस्ताहाल होते हैं जो बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक है कस्बे के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्कूल लाने एवं घर छोड़ने वाले वाहन बगैर फिटनेस बीमा एवं परमिट के ही चलाये जा रहे हैं मासूम स्कूली बच्चों की चिंता किए बगैर वाहन मालिक एवं विद्यालय प्रबंधन बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है अब देखने वाली यह बात हो गई थी जिम्मेदार परिवहन विभाग के अधिकारियों की नजरे इस और कब इनायत होगी।

## सांसद खेल महोत्सव का हुआ उद्घाटन

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत महर्षि दधीचि इंटर कॉलेज मैदान में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन किया गया उद्घाटन मुख्य रूप से मिश्रिख सांसद अशोक रावत विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व भाजपा नेताओं ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मिश्रिख सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद अशोक रावत ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य लोगों में खास कर छात्र-छात्राओं में स्वस्थ खेल भावना को जागृत करना है जिससे वह खेल के क्षेत्र में अपना उचित मुकाम हासिल कर सके। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार व



प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की मंशा है कि हमारा भारत का प्रत्येक बच्चा व खेल प्रेमी स्वस्थ खेल माहौल का लाभ प्राप्त कर सके इसलिए खेल के क्षेत्र में सरकार निरंतर नए कार्य कर रही है इसी क्रम में सांसद खेल महोत्सव जो कि खेल प्रेमियों को एक मंच प्रदान करेगा का उद्घाटन किया जा रहा है उन्होंने खेल के क्षेत्र के सभी खिलाड़ियों एवं छात्र-छात्राओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर सफलता हासिल करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा शांति के दूत कबूतरों को छोड़कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से रोहित सिंह अजय भार्गव रामगोपाल अवस्थी मुनेंद्र अवस्थी सहित भाजपा के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष व समर्थक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन देर शाम एसजेडी इंटर कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर मंगरहिया बाजार व हजीरा रोड से होते हुए बड़ा चौराहा पहुंचा, जहां नगर पालिका परिषद के चेयरमैन पुष्पू जायसवाल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संचलन में कार्यकर्ता अनुशासित ढंग से चल रहे थे। मार्ग में अन्य स्थानों पर भी जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव साधिका साधना वाजपेई ने की। जिला प्रचारक सुरेंद्र सह जिला प्रचारक विकल्प नगर संघचालक राजेश सिंह चंदन रस्तोगी



आदि ने प्रभु राम का पूजा अर्चन किया । इस अवसर पर कुंवर दिनकर प्रताप सिंह नीरज मिश्रा, प्रवीण श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला, जीतू शर्मा, अनुज श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मनोज वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सीमा शुक्ला, बरखा सिंह, उषा गुप्ता, सरिता शुक्ला, सुनीता गुप्ता सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## अवैध पटाखों के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना बाजारशुक्ल पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग हेतु क्षेत्र में मौजूद थी तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रस्तामऊ में जगदीशपुर रोड के बगल में एक व्यक्ति पटाखों का भण्डारण किये हुए हैं तथा बेचता भी है। उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुए अभियुक्त लाल मोहम्मद पुत्र रहमतुल्ला निवासी



रायपुर फुलवारी थाना अमेठी को कुल 14 प्लास्टिक की बोरियों में 1204 सुतली बम, 1275 मिट्टी लगा सुतली बम, 616 बड़ा अनार, 250 छोटा अनार, मुन्ना छाप giant पटाखा 40 पैकेट में कुल 400 पटाखों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा न सका । थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## धान क्रय केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर स्थित धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मण्डी समिति गेट पर व मण्डी परिसर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसानों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक कृषक पंजीकरण करायें। क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित



करायी जाए। बोरों की उपलब्धता/सिलाई मशीन इत्यादि भी केन्द्रों पर उपलब्ध रहे। केन्द्र प्रभारी निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से केन्द्र पर उपस्थित होकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायें। जनपद की मंडियों में किसानों द्वारा लाए गये धान की नमी की जांच कर धान क्रय करना सुनिश्चित करें। यदि कृषक पंजीकरण सत्यापन में कहीं भी समस्या आ रही हो तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/जिला खाद्य विपणन अधिकारी सीतापुर से सम्पर्क कर निराकरण कराया जायें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वह आस-पास के कृषकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए, उन्हें अपना धान विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि उन्हें मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिल सकें। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, क्रय संस्था पी.पी.एफ., पी.सी.यू. एवं यू.पी.एस.एस. के धान खरीद की नियमित समीक्षा की जाएं तथा खरीद में अपेक्षित प्रगति लाएं। जिलाधिकारी ने सभी केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि समस्त प्रकार के अभिलेख अद्यतन रखे जायें। किसानों को समय से भुगतान सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान क्रय शासन की प्राथमिकता है तथा इसमें लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी उदय प्रताप सिंह सिसौदिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों को वितरित किया गया निशुल्क बीज



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड बहादुरपुर के अंतर्गत राजकीय कृषि बीज भण्डार बहादुरपुर में राज्य सरकार द्वारा दिये गये निशुल्क बीजों का वितरण किया गया, जिसमें चना, मटर, सरसों का वितरण पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश बहादुर सिंह की उपस्थिति में किया गया। ई लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को नि:शुल्क बीज वितरित हुआ। इस अवसर पर कृषक राम सेवक, सुनील कुमार, नीरज सिंह, तथा विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। कृषि रक्षा ईकाई के प्रभारी अनिल कुमार यादव ने बताया कि अभी सरसों की बुकिंग हो रही है किसान भाई बुकिंग करके निशुल्क सरसों का बीज प्राप्त कर सकते हैं।

## जिले में 100 आंगनवाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय ने दिए किट

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 30वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत सोमवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल रहीं। समारोह के दौरान जनपद अमेठी के 100 आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी किट प्रदान की गई। इनमें से मुसाफिरखाना ब्लॉक की 5 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल द्वारा मंच पर प्रतीकात्मक रूप से किट दी गई। यह किट डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सौजन्य से प्रदान की जा रही है, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों की



कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाना तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, मुख्य सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाल विकास, पोषण एवं शिक्षा की दिशा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम के क्रम में सोमवार को सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश थीम के तहत विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में, जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जीजीआईसी



अमेठी, राजकीय हाई स्कूल तेन्दुआ, तथा राजकीय हाई स्कूल सिंहपुर में बालिकाओं को आत्मरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को शारीरिक सुरक्षा, आत्मविश्वास एवं संकट की स्थिति में स्वयं की रक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए गए। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बालिकाओं को जानकारी दी गई और उनके उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों की प्रधानाचार्याएं, शिक्षकगण एवं महिला कल्याण विभाग की टीम उपस्थित रही।

## बड़े उद्योगों की जवाबदेही

लगातार ग्लोबल वार्मिंग संकट से जूझती दुनिया में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर नियंत्रण की दिशा में भारत सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता जतायी है। केंद्र सरकार के गत सप्ताह की शुरुआत में अधिसूचित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता लक्ष्य नियम, भारत में औद्योगिक प्रदूषण और पर्यावरणीय क्षरण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा रहा है। इन नियमों ने कार्बन-प्रधान उद्योगों के लिये देश के पहले कानूनी रूप से बाध्यकारी उत्सर्जन न्यूनतम करने के लक्ष्य निर्धारित किए हैं। ऐसे में, जो उत्पादन इकाइयां अपने निर्धारित लक्ष्य से कम कार्बन का उत्सर्जन करती हैं, वे व्यापार योग्य कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर निर्धारित लक्ष्य से अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली इकाइयों को भारतीय कार्बन बाजार से समतुल्य क्रेडिट खरीदना होगा या फिर जुर्माना देने को बाध्य होना होगा। दरअसल, एल्युमीनियम, सीमेंट, लुगदी एवं कागज आदि क्षेत्रों की 282 औद्योगिक इकाइयों को 2023-24 के आधार रेखा स्तर से अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि पहले अनुपालन चक्र में कुछ बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जिसमें वेदांता, हिंडाल्को, नाल्को और बाल्को द्वारा संचालित एल्युमीनियम स्मेल्टर और अल्ट्राटेक, डालमिया, जे.के सीमेंटे, श्री सीमेंट और एसीसी के स्वामित्व वाले बड़े सीमेंट संयत्र शामिल हैं। निश्चित रूप से केंद्र सरकार ने एक सख्त संदेश दिया है कि बड़े औद्योगिक घरानों को हरित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये अनुकरणीय उदाहरण पेश करना होगा। यदि ये ताकतवर बड़े घराने हरित लक्ष्यों की पूर्ति के लिये सार्थक पहल करते हैं तो आम लोगों को भी उससे प्रेरणा मिलेगी। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जक देश है। जिसमें चीन पहले और अमेरिका दूसरे स्थान पर है। निःसंदेह, नये नियम, जो उद्योगों को उत्सर्जन कम करने के लिये प्रोत्सहित करते हैं, उनके औद्योगिक प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार ऊर्जा दक्षता योजना पर आधारित हैं। जिसने ऊर्जा-बचत के लक्ष्य निर्धारित किए। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिसे दंड लगाने और समयबद्ध निगरानी व वसूली का काम सौंपा गया है, को कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से कार्य करने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को बड़े औद्योगिक दिग्गजों के प्रतिरोध के लिये पूरी तरह तैयार रहना चाहिए। यह बात उत्साहजनक है कि भारत ने इस वर्ष पहली छमाही में पहले से कहीं अधिक सौर और पवन ऊर्जा का उत्पादन किया। जबकि इस अवधि के दौरान भारत के बिजली क्षेत्र में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में साल-दर-साल आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय गतिविधियों से निकलने वाली ग्रीनहाउस गैसों को जलवायु परिवर्तन का सबसे अहम कारक माना जाता है। हमारा देश, जिसने इस वर्ष ही जलवायु प्रभाव संबंधी आपदाओं की बाढ़ देखी है, को स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये युद्ध स्तर पर प्रयास करना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास - जलवायु के प्रति संवेदनशीलता कार्बन-तटस्थ भविष्य की ओर बढ़ने के अनुरूप होना चाहिए।

# क्या ट्रंप नोबेल में मात के बाद भी शांति दूत बने रहेंगे?

*ऋतुपर्ण दवे*

बड़बोले डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल पुरस्कार नहीं मिला। अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने वाले ट्रंप हाथ मलते रह गए। शांति के नोबेल के लिए चंद देशों से खुद को नामित कराने वाले अड़ीबाज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रप के मुकाबले बेहद कम चर्चित और दुनिया में अलग पहचान रखने वाली एक महिला को मिलना शायद ट्रंप को उनकी असलियत या औकात बताने को काफी है। वैसे भी हर पुरस्कार के लिए नियम होते हैं, लंबी फेहरिस्त होती है और कारण होते हैं। ट्रंप कहीं से भी इसमें फिट नहीं बैठते थे। लेकिन उन्हें अमेरिका का राष्ट्रपति होने का गुमान था। इसीलिए वो यह जानते हुए भी कि पुरस्कार के लिए नामित होने और औपचारिकताओं के पूरा करने की प्रक्रिया को भी शायद अपनी धौंस से धता बताने की जुगाड़ में थे, जो हो न सका। यह भी सच है कि शायद यह पहला मौका होगा जब पुरस्कार मिलने वाले के नाम की चर्चा के बजाए न मिलने वाले का नाम और उसका रंज सुर्खियों में है।

अब ट्रंप भले ही लगातार अपना दावा जता रहे हों और कहते फिर रहे हों कि कि अमेरिका में जिन भी लोगों को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया, वो ज्यादातर विवादित ही रहे। ट्रंप भला क्या कम विवादित हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति बनाम वहां के बड़े बिजनेसमैन डोनाल्ड ट्रंप इस बार सत्ता में आने के साथ ही खुद को शांति का स्वयं-भू मसीहा बताते नहीं अघाते हैं। वो भारत-पाकिस्तान, रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास जंग समेत आठ युद्धविराम या समझौते कराने का दावा करते हैं। जबकि दुनिया हकीकत जानती है कि इन सभी जगहों पर अभी कितनी शांति है?

इस बार का नोबेल शांति पुरस्कार नॉर्वेनियन नोबेल कमेटी ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को देना तय किया। नोबेल समिति के अध्यक्ष यॉर्गन वाटने फ्रिडनेस ने मारिया कोरिना मचाडो को एक ऐसी प्रमुख और एकजुट करने वाली शख्सियत बताया जिन्होंने पहले गहरे विभाजित विपक्ष को एकजुट किया फिर स्वतंत्र चुनावों और प्रतिनिधि सरकार की मांग में समान आधार स्थापित करने का कठिन काम किया।

अपने प्रयासों की कामियाबी के लिए मारिया कोरिना मचाडो को छिपकर रहने पर भी मजबूर होना पड़ा। लेकिन जान को गंभीर खतरों के बावजूद उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा और दुनिया भर में शांति के पक्षधर लाखों लोगों का प्रेरित किया। मारिया का मानना है कि जब सत्तावादी लोग सत्ता हथिया लेते हैं, तो स्वतंत्रता के ऐसे साहसी रक्षकों को पहचानना जरूरी है जो उठ खड़े हों और विरोध करें। लोकतंत्र उन्हीं लोगों पर निर्भर करता है जो चुप रहने के बजाए गंभीर जोखिमों के बावजूद आगे बढ़ते रहने का दुस्साहस करते हैं। यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए, बल्कि हमेशा उसकी रक्षा करनी चाहिए। इसके लिए दृढ़ इच्छा शक्ति और शब्दों के सामर्थ्य का इस्तेमाल जरूरी है। ट्रम्प भले ही दुनिया का दारोगा कहलाएं लेकिन उन्हें मारिया के सिध्दांतों और धारणाओं से काफी कुछ सीखने की जरूरत है।



*नोबेल पुरस्कार की स्थापना बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योआर और वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु के बाद हुई जिन्होंने अपनी ज्यादातर संपत्ति कई क्षेत्रों में पुरस्कारों के लिए छोड़ी थी। सन् 1895 में अपनी वसीयत में कहा था कि ऐसे पुरस्कार उन्हें दिया जाना चाहिए जिन्होंने पिछले साल मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपकार किया हो। शुरुआत 1901 में हुई जो जारी है। केवल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1914 से 1918 तक और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 से 1945 में यह नहीं दिए गए। पुरस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा या शरीर क्रिया विज्ञान, साहित्य, शांति और आर्थिक विज्ञान क्षेत्र में दिए जाते हैं। शांति पुरस्कार ऐसा अकेला है जिसका फैसला नॉर्वे की संसद की तरफ से चुने गए पांच सदस्यों की एक समिति की करती है। समिति ओस्लो में है पुरुस्कार वहीं देते हैं। इसमें एक डिप्लोमा, सोने का मेडल और 11 मिलियन स्वीडिश मुद्रा (10.36 करोड़ रुपये) दी जाती है। नियमानुसार पुरस्कार देने और न देने की वजह अगले 50 साल तक नहीं बताई जाती है। काश ट्रंप इतना इंतजार कर पाते? फिलहाल यह देखना होगा कि तिलमिलाए ट्रंप आगे भी शांति दूत बने रहेंगे या दुनिया की शांति हरेंगे, क्योंकि उनकी खीझ, खिसियाहट, टैरिफ वार और बॉडी लैंग्वेज कुछ और ही इशारा कर रही है?*

यह सही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में तो शुरुआत से ही शांति के नोबेल पुरस्कार का सपना संजोए बैठे थे। उनका हर मंच पर दावा कि उन्होंने ही आठ युद्ध रुकवाए हैं यही बताता है। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की आलोचना करना और कहना कि बिना किसी कारण के उन्हें नोबेल मिला मैंने तो 8-8 युद्ध रुकवाए अहंकार नहीं तो क्या है? लेकिन वो भूल गए कि उनके दावे नोबेल शांति पुरस्कार के नामांकन की समय-सीमा के बाद के हैं। ऐसे में संभव है कि यह उनकी चालाकी हो और अगले साल के अपने दावे को पुख्ता करने की रणनीति हो! दुनिया जानती है कि ट्रम्प कहते कुछ हैं, करते कुछ हैं। कहा तो यह तक जाने लगा है कि ट्रंप को यह भी नहीं पता अगले पल वो क्या कर बैठें, बहरहाल यह उनका अपना मामला है वो जाने। हां, नोबेल कमेटी की निना ग्रेगर ने यह जरूर कहा कि नोबेल के फैसले पर गाजा सीजफायर का असर नहीं होगा, लेकिन अगर यह शांति स्थायी रही, तो अगले साल ट्रंप की दावेदारी मजबूत हो सकती है। वहीं, नोबेल कमेटी के अध्यक्ष जोएर्गन वाटने फ्राइडनेस ने कहा कि पुरस्कार पर फैसला काम के आधार पर किया जाता है। अब ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका जैसे देश सशक्त देश के राष्ट्रपति को इतना भी भान न हो?

अब एक पुराना और चौंकाने वाला वाकया सुर्खियों में है। जब एडॉल्फ हिटलर को शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करने की कोशिश हुई। इससे हर कोई असहज हुआ होगा। उनके क्रूर होने के किस्से-कहानियां इतिहास की किताबों में दर्ज है। क्या उनका नाम कभी प्रस्तावित हुआ? दरअसल एक तीखी व्यंग्यात्मक आलोचना के रूप में जरूर उनका प्रस्ताव स्वीडिश संसद के एक सदस्य, एरिक ब्रांट ने 27 जनवरी 1939 को नोबेल समिति को भेजा। ब्रांट एक समाजिक-लोकतांत्रिक राजनेता थे। यह उनका स्वीडिश राजनीतिज्ञों की प्रवृत्ति पर कटाक्ष और व्यंग था जो तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री नेविल चेम्बरलेन की शांति-नीति की तारीफ करते नहीं अघाते थे। जब चेम्बरलेन की शांति के लिए खूब स्तुति हो सकती है, तो हिटलर को भी यूरोप में युद्ध के खतरों लिए नामांकित कर दीजिए। लेकिन सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं, आलोचनाओं और गलतफहमियों से घिरता देख ब्रांट ने अपना नामांकन औपचारिक रूप से वापस भी ले लिया।

नोबेल पुरस्कार की स्थापना बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योआर और वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की मृत्यु के बाद हुई जिन्होंने अपनी ज्यादातर संपत्ति कई क्षेत्रों में पुरस्कारों के लिए छोड़ी थी। सन् 1895 में अपनी वसीयत में कहा था कि ऐसे पुरस्कार उन्हें दिया जाना चाहिए जिन्होंने पिछले साल मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपकार किया हो। शुरुआत 1901 में हुई जो जारी है। केवल प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1914 से 1918 तक और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1939 से 1945 में यह नहीं दिए गए।

पुरस्कार भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा या शरीर क्रिया विज्ञान, साहित्य, शांति और आर्थिक विज्ञान क्षेत्र में दिए जाते हैं। शांति पुरस्कार ऐसा अकेला है जिसका फैसला नॉर्वे की संसद की तरफ से चुने गए पांच सदस्यों की एक समिति की करती है। समिति ओस्लो में है पुरुस्कार वहीं देते हैं। इसमें एक डिप्लोमा, सोने का मेडल और 11 मिलियन स्वीडिश मुद्रा (10.36 करोड़ रुपये) दी जाती है। नियमानुसार पुरस्कार देने और न देने की वजह अगले 50 साल तक नहीं बताई जाती है। काश ट्रंप इतना इंतजार कर पाते? फिलहाल यह देखना होगा कि तिलमिलाए ट्रंप आगे भी शांति दूत बने रहेंगे या दुनिया की शांति हरेंगे, क्योंकि उनकी खीझ, खिसियाहट, टैरिफ वार और बॉडी लैंग्वेज कुछ और ही इशारा कर रही है?

***(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)***

विचार

# दलितों पर बौद्ध धर्मांतरण का प्रभाव

*एस. आर. दारापुरी*

डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा 14 अक्टूबर, 1956 को नागपुर में एक सामूहिक कार्यक्रम में दलितों (जिन्हें पहले भारत की जाति व्यवस्था में अछूत कहा जाता था) के बौद्ध धर्म में धर्मांतरण का गहरा और बहुआयामी प्रभाव पड़ा है। एक दलित नेता और भारत के संविधान निर्माता अंबेडकर ने बौद्ध धर्म को हिंदू धर्म की जातिगत पदानुक्रम के एक तर्कसंगत, समतावादी विकल्प के रूप में देखा, जिसमें स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर जोर दिया गया था। इस आंदोलन, जिसे अक्सर नवयान या नव-बौद्ध धर्म कहा जाता है, ने लाखों लोगों को धर्मांतरित होते देखा है। अनुमान है कि लगभग 4 करोड़ दलितों ने इसे अपनाया है, मुख्यतः महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में। यद्यपि जातिगत हिंसा के विरोध के रूप में धर्मांतरण जारी है, फिर भी 1980 और 1990 के दशक के चरम के बाद से इसकी दर में कमी आई है, और राजनीतिक बदलावों और प्रशासनिक बाधाओं के कारण बौद्ध जनसंख्या में 24.53: की वृद्धि (1991-2001) से घटकर 6.13: (2001-2011) रह गई है। सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरणरू धर्मांतरण ने दलितों को अस्पृश्यता और जाति-आधारित बहिष्कार को अस्वीकार करने में सक्षम बनाया है, जिससे उनमें सम्मान, आत्म-सम्मान और सामुदायिक एकजुटता की एक नई भावना का विकास हुआ है। करुणा, ज्ञान और संघ (समुदाय) जैसे बौद्ध मूल्यों को अपनाकर, दलितों ने विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, अनुष्ठान और विहार जैसे स्थान बनाए हैं, जो उच्च-जाति के प्रभुत्व को चुनौती देते हैं और एजेंसी को बढ़ावा देते हैं। यह महाराष्ट्र में विशेष रूप से परिवर्तनकारी रहा है, जहाँ यह आंदोलन सबसे प्रबल है, जिससे सापेक्ष समृद्धि, शिक्षा तक बेहतर पहुँच और पेशेवर अवसर प्राप्त हुए हैं। महिलाओं के लिए, इसने मुखरता और आत्म-चेतना को प्रोत्साहित किया है, शिक्षा और सक्रियता के माध्यम से पितृसत्तात्मक मानदंडों को तोड़ा है। इसका एक प्रमुख प्रभाव हिंदू धर्म द्वारा लगाए गए हीनता के कलंक से मानसिक मुक्ति है। धर्मांतरित लोग अक्सर पहली बार मानव महसूस करते हैं, कर्म, भाग्य और दैवीय पदानुक्रम के विचारों से मुक्त, जो उनके उत्पीड़न को उचित ठहराते थे। इस बदलाव ने आत्मविश्वास, तर्कसंगत दृष्टिकोण और एक क्रांतिकारी मानसिकता का निर्माण किया है, जैसा कि दलित साहित्य और कविता में अतीत के अपमान के प्रति क्रोध और बदलाव के उत्साह को व्यक्त करते हुए देखा जा सकता है। बौद्ध धर्म का तर्कसंगत लोकाचार अंबेडकर के नारे शिक्षित करो, आंदोलन करो, संगठित करो के अनुरूप है, जो दलितों को शिक्षा प्राप्त करने और निरक्षरता व गरीबी के चक्र को तोड़ने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. अंबेडकर कॉलेज जैसे संस्थानों ने पीढ़ियों को शिक्षित किया है, जिससे सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा मिला है, खासकर महार जैसी जातियों में। एक राजनीतिक विरोध के रूप में, धर्मांतरण ने दलित चेतना को बढ़ाया है, अधिकारों, प्रतिनिधित्व और सुधारों की मांगों को मजबूत किया है। इसने एक मजबूत चुनावी आधार तैयार किया है, राज्य पर अस्पृश्यता निवारण के लिए दबाव डाला है, और अनुसूचित जाति महासंघ जैसे संगठनों के माध्यम से सक्रियता को बढ़ाया है। सहारनपुर (2017) या ऊना (2016) में हुई हिंसा जैसे अत्याचारों के जवाब में, धर्मांतरण विद्रोह का रूप लेता है, एकजुटता को बढ़ावा देता है और जातिगत वर्चस्व को चुनौती देता है। दलितों ने बौद्ध धर्म को एक सामाजिक



सुधार उपकरण के रूप में अपनाया है, जो रहस्यवाद की तुलना में नैतिकता और मानवीय गरिमा पर केंद्रित है। हिंदू धर्म की असमानताओं से इस महान पलायन ने ध्यान और बौद्ध तथा दलित आख्यानों को मिलाकर रचे गए नए महाकाव्यों जैसी प्रथाओं को प्रेरित किया है, जो निरंतर पीड़ा का समाधान करते हैं। इन लाभों के बावजूद, प्रभाव समान रूप से सकारात्मक नहीं हैं, कुछ सीमाएँ और प्रतिक्रियाएँ भी हैं। मनोवैज्ञानिक रूप से सशक्त होते हुए भी, इस आंदोलन के व्यापक सामाजिक प्रभाव कुछ लोगों के अनुसार नगण्य रहे हैं, क्योंकि जातिगत भेदभाव कायम है, और धर्मांतरित लोगों को अभी भी बहिष्कार या हिंसा का सामना करना पड़ता है। धर्मांतरण के बाद गुप्त हिंसा, जैसे कि गाँवों में सामाजिक बहिष्कार, आम बात है। कर्नाटक जैसे राज्यों में, नव-बौद्धों को अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण के लिए जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कठिनाई होती है, जिसके कारण कुछ लोग लाभ बनाए रखने के लिए जनगणना या सर्वेक्षणों में हिंदू के रूप में अपनी पहचान दर्ज कराते हैं। इससे कम गणना और घटती आधिकारिक वृद्धि दर में योगदान होता है। दक्षिणपंथी समूह धर्मांतरण को एक खतरे के रूप में देखते हैं, जिससे दबाव बढ़ता है और समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया जाता है, जैसा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण विरोधी कानूनों में देखा गया है। आंतरिक रूप से, अम्बेडकरवादियों के बीच बहस-जैसे जाति पहचान बनाम विनाश पर जोर-एकता को कमजोर करती है। आलोचकों का तर्क है कि कुल मिलाकर कम परिवर्तन दरों के कारण धर्मांतरण का जनसांख्यिकीय प्रभाव न्यूनतम होता है। धर्मांतरित लोग बेहतर व्यवहार की आशा करते हैं, लेकिन अक्सर उन्हें दुविधाओं का सामना करना पड़ता है, जिसमें निरंतर हमले या जटिल आध्यात्मिक परिवर्तनों से निपटने की आवश्यकता शामिल है।कुल मिलाकर, बौद्ध धर्मांतरण दलितों की दावेदारी और प्रगति के लिए, विशेष रूप से मनोवैज्ञानिक और राजनीतिक क्षेत्रों में, एक शक्तिशाली साधन रहा है, लेकिन संरचनात्मक जातिगत बाधाएँ और बाहरी प्रतिरोध इसकी परिवर्तनकारी क्षमता को सीमित करते हैं। यह आंदोलन गतिशील बना हुआ है, हाल के धर्मांतरण विशिष्ट अत्याचारों से जुड़े हैं, जो प्रतिरोध के एक सतत रूप के रूप में इसकी भूमिका को रेखांकित करता है।

साहित्य

## आओ मिल कर दीप जलाएँ



**पूर्णिमा वर्मन**

आओ मिल कर दीप जलाएँ
जगती के सूने सीने में
नई उमंग जगाएँ

मंदिर में दीपक बाला हो, अंजुरी में
महकी माला हो
धूप सुगंधित हर आला हो, गोधूली की
मंगल वेला
दीपावली सजाएँ

थाली भर हों खील बताशे, अतिशबाजी
खेल तमाशे
गीत गूज़री ढोल औ ताशे, आम
अशोक बाँध डोरी में
बंदनवार बनाएँ

दीवारों पर जगर मगर हो, ज्योतित
जन तन मन अंतर हो
उत्सव-उत्सव घर बाहर हो, नव संवत
की सुखद सुमंगल
शुभकामना मनाएँ



## राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**वृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

# बड़ा मायने है पर्यटन में मध्य प्रदेश का वैश्विक रूप से हृदय जीत लेना!

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

मध्य प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह पर्यटन के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है, वह नीतियों और प्रचार अभियानों के साथ दृष्टि और निरंतरता का प्रतीक है। भारत के हृदय में स्थित यह प्रदेश आज देश-विदेश के यात्रियों के लिए भरोसे और अनुभव दोनों का केन्द्र बन गया है। महामारी के बाद जब वैश्विक पर्यटन उद्योग पुनर्जीवन की राह खोज रहा था, तब मध्यप्रदेश ने योजनाबद्ध ढंग से अपनी साख दोबारा कायम की।

पर्यटन के हर आयाम में यहां नई हलचल दिख रही है। कभी विरासत और वन्यजीव के लिए पहचाने जाने वाला यह प्रदेश आज वेडिंग, एमआईसीई, फिल्म और ग्रामीण पर्यटन जैसे क्षेत्रों में देशव्यापी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भोपाल में हुए एमआईसीई एवं वेडिंग टूरिज्म सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञों ने माना है कि मध्यप्रदेश आयोजनों का नया केन्द्र बनकर उभर रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि राज्य भौगोलिक रूप से देश के मध्य में है, जहां सड़क, रेल और हवाई मार्ग से सुगमता है, साथ ही यहां के शहर आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम हैं।

खजुराहो, महेश्वर, मांडू, पचमढ़ी और भोपाल जैसे शहर अब विवाह समारोहों और कॉर्पोरेट इवेंट्स के लिए नई पसंद बन रहे हैं। पारंपरिक स्थापत्य, शांत परिवेश और उत्कृष्ट आतिथ्य ने इन्हें विशिष्ट पहचान दी है। इस उभार के पीछे प्रशासनिक दक्षता और निजी क्षेत्र के साथ सरकार की साझेदारी की नई सोच है। आज जो सामने से दिखाई दे रहा है, वह यह है कि मध्यप्रदेश की कोशिश अब केवल आयोजन करवाने तक सीमित नहीं, हर आयोजन को सांस्कृतिक अनुभव में बदलने की है।

वेडिंग टूरिज्म ने जहां स्थानीय कारीगरों, संगीतज्ञों और सेवा क्षेत्र को नए अवसर दिए हैं, वहीं यह संस्कृति और परंपरा के जीवंत प्रदर्शन का मंच भी बना है। मांडू के ऐतिहासिक महलों में संगीत की ध्वनियाँ और महेश्वर के घाटों पर नर्मदा की लहरों के बीच विवाह समारोह, प्रदेश के सांस्कृतिक आत्मविश्वास के नए प्रतीक हैं। पर्यटन विभाग का मानना है कि हर विवाह आयोजन राज्य की जीवंत संस्कृति का दर्पण है।

इसी तरह फिल्म पर्यटन भी मध्यप्रदेश की पहचान का मजबूत स्तंभ बन चुका है। भोपाल, महेश्वर, पचमढ़ी, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर अब फिल्मकारों के प्रिय स्थल हैं। यहां की फिल्म नीति ने शूटिंग प्रक्रिया को सरल बनाया है और स्थानीय कलाकारों के लिए नए अवसर खोले हैं। फिल्मों और वेब सीरीज़ की शूटिंग से इन इलाकों में रोजगार बढ़ा है, साथ ही पर्यटन को नया जीवन मिला है।

अपर मुख्य सचिव पर्यटन व संस्कृति एव प्रबंधन संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड शिवशेखर शुक्ला कहते भी है कि राज्य अब एक विविधतापूर्ण, बहुआयामी और ऑफबीट पर्यटन गंतव्य के रूप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। यहां विरासत, वन्यजीवन, रोमांच, संस्कृति, कला, हस्तशिल्प और पाक-परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिलता है। मध्यप्रदेश की सीमा से लगे अन्य राज्य जैसे छत्तीसगढ़ से राम वन पथ गमन सर्किट, महाराष्ट्र के साथ ज्योतिर्लिंग सर्किट जैसे संयुक्त कार्यों पर काम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त टाइगर कॉरिडोर, फिल्म पर्यटन और ईको टूरिज्म के साझा विकास की संभावना भी तलाशी जा सकती है। ऐसे अनेक प्रयासों ने प्रदेश के टूरिज्म को आज एक नई गति दी है।

यही कारण है कि राज्य ने अंतरराज्यीय सहयोग की दिशा में भी उल्लेखनीय पहल की है। राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ साझा पर्यटन परिपथ विकसित किए जा रहे हैं, कहीं हेरिटेज सर्किट, कहीं वाइल्डलाइफ या जनजातीय सर्किट। इससे यात्रियों को विविध अनुभव मिलेंगे और क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिलेगी। यह सहयोगी दृष्टिकोण दिखाता है कि मध्यप्रदेश पर्यटन को स्थानीय या सीमित अर्थों में नहीं, व्यापक भारतीय परिप्रेक्ष्य में देख रहा है।

कहना होगा कि विरासत संरक्षण और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाना इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि है। राज्य में 498 राज्य संरक्षित, 290 एएसआई संरक्षित स्मारक और तीन यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हैं। इन धरोहरों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का समावेश किया गया है। भोपाल और ग्वालियर का यूनेस्को क्रिएटिव सिटी नेटवर्क में शामिल होना इस दिशा में ऐतिहासिक कदम है। भोपाल अपने संग्रहालयों, झीलों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है, जबकि ग्वालियर अपनी संगीत परंपरा और स्थापत्य वैभव के साथ नए सिरे से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

राज्य की नीतियों में सतत पर्यटन प्रमुख तत्व के रूप में उभरा है। ग्रामीण और ईको-टूरिज्म पर ध्यान देकर मध्यप्रदेश ने पर्यटन को स्थानीय समुदायों से जोड़ा है। सतपुड़ा, कान्हा, बांधवगढ़ और पेंच जैसे वनक्षेत्रों में अब ईको-लॉज और कम्युनिटी-बेस्ड टूरिज्म के मॉडल फलफूल रहे हैं। गांवों में होम-स्टे की पहल से यात्रियों को स्थानीय जीवन, भोजन और संस्कृति का अनुभव मिलता है। यह पर्यटन का नया चेहरा है और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में बढ़ता कदम भी है।

महामारी के बाद जब वैश्विक पर्यटक दोबारा यात्रा के लिए तैयार हो रहे थे, तब मध्यप्रदेश ने उन्हें भरोसे का कारण दिया। बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वच्छ गंतव्य और सहज नीतियों ने इसे पुनः विश्वसनीय बनाया। एफआईसीसीआई जैसे राष्ट्रीय निकायों के साथ साझेदारी, फिल्म और एमआईसीई टूरिज्म पर केंद्रित प्रयासों ने निवेशकों और आयोजकों का विश्वास जीता है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने हाल में कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पर्यटक संख्या बढ़ाना नहीं, ऐसा अनुभव देना है जो यादों में बस जाए। यही दृष्टि राज्य के पर्यटन विकास का आधार बन गई है।

पर्यटन अब मध्य प्रदेश में यात्रा नहीं, भावनाओं और आत्मीयता का अनुभव है। महेश्वर के घाटों से उठती आरती की लौ, खजुराहो के मंदिरों की नक्काशी, पचमढ़ी के जंगलों की नमी और भोपाल की झीलों में उत?साह से आती लहरें, इन सबमें वह भरोसा झलकता है जो किसी भी गंतव्य को जीवंत बनाता है। यही वह भरोसा है जिसने मध्यप्रदेश को भारत का नहीं, विश्व पर्यटन का भी हृदय बना दिया है।

आज जब दुनिया के तमाम देश अपने पर्यटन मॉडल को स्थायी और समावेशी बनाने की दिशा में सोच रहे हैं, तब मध्यप्रदेश अपने अनुभव से एक नया उदाहरण पेश कर रहा है, जहां विरासत जीवित है, आधुनिकता शामिल है और प्रकृति सुरक्षित है। यह विकास की कहानी है और उस संवेदनशील दृष्टि की मिसाल है जिसने पर्यटन को आर्थिक गतिविधि से आगे, विश्वास और आत्मगौरव की यात्रा बना दिया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम संपन्न

हमीरपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर संघ के सह विभाग प्रचारक प्रमुख राजेश शुक्ला ने संघ के पच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वाबोध, नागरिक कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा डाक टिकट और रु.100 का सिक्का जारी किया गया जिसमें संघ का बोध वाक्य लिखा है और भारत माता का चित्र अंकित है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरव को दर्शाता है जो दुनिया में पहली बार हुआ है प्रभु श्री राम ने मां दुर्गा की उपासना करके दसवे दिन लंकापति रावण पर विजय प्राप्त की थी तब से दशहरा मनाया जा रहा है हमें नित्य प्रति निश्चित स्थान पर 1 घंटे की शाखा के माध्यम से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है शाखा ही हमारा आधार है जो निरंतर 100 वर्षों से चल रहा है शाखाओं के माध्यम से व्यक्ति निर्माण कर स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं जिससे देश निर्माण मजबूत होता है जिसका लक्ष्य अपने राष्ट्र को विश्व गुरु बनाना है इस मौके पर संघ चालक शारदादीन नगर प्रचारक विवेक धर्म जागरण प्रमुख उमेश दीक्षित नगर कार्यवाह अंकराज, उमाशंकर सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम में अनमोल द्विवेदी के पखावज वादन ने जीता सबका दिल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में चल रहे संत प्रवचन कार्यक्रम के बीच सोमवार को शास्त्रीय संगीत का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें प्रख्यात पखावज वादक अवधेश द्विवेदी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही कम उम्र के पखावज और तबला वादक अनमोल द्विवेदी ने शिव तांडव व कृष्ण तांडव जैसे कई रचनाओं पर उत्कृष्ट वादन प्रस्तुत किया। विविध तालों और लयों से सुसज्जित प्रस्तुतियों ने संगीत प्रेमियों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में स्वामी गिरीशानंद, स्वामी मुक्तानंद, स्वामी सर्व चैतन्य सहित संगीत प्रेमी उपस्थित रहे और कलाकारों को भरपूर सराहना दी।

### जल जीवन मिशन के तहत देवी गंज में कम्पोजिट स्कूल के छात्रों को जलशाला कार्यक्रम किया गया

**कुरारा हमीरपुर।** जलजीवन मिशन के तहत यूनोप्स द्वारा ब्लॉक कुरारा के देवीगंज गांव में कंपोजिट स्कूल के छात्रों को जलशाला कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया साथ ही जल संरचना की समझ तथा जल संरक्षण हेतु पानी की टंकी का भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम पानी की गुणवत्ता की जांच, जल परीक्षण की जानकारी आरती देवी ने दिया गया। कार्यक्रम में यूनोप्स के जिला सलाहकार सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जल ही जीवन है इसकी बूंद बंद की कीमत को समझना चाहिए क्योंकि यदि हम आज इसकी चिंता करेंगे तभी हमारा कल सुरक्षित हो पाएगा जल के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती। जल चक्र एवं दूषित पानी से होने वाली बीमारियां पर चर्चा की साथ ही कार्यक्रम में पीएमसी से सोशल एक्सपर्ट श्री संतोष कुमार ने पानी की बचत पर चर्चा की एवं रवि कुमार द्वारा साफ सफाई पर चर्चा की। जल संरक्षण की शपथ लेने के बाद जलशाला का समापन किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राएं एवम शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### पड़ोसी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पड़ोसी युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। घटनागत शुक्रवार की बताई जा रही है। थानाक्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि गत शुक्रवार को वह घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी दिलशाद घर में पिछवाड़े से घुस आया। मेरे बाल पकड़ कर जमीन पर पटककर दुष्कर्म करके भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर उसका डाक्टरी परीक्षण कराकर आरोपी को हिरासत में लिया है।

### संयुक्त पुलिस टीम ने 74 क्वॉर्टर अवैध देशी शराब के सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अजनर/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब की बिक्री,परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। प्रथम पुलिस पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम कबूतरा डेरा खोई से अभियुक्ता रागनी पत्नी सुसेन्द्र कबूतरा को 09 लीटर अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार द्वितीय टीम ने ग्राम पसानाबाद मोड़ से अभियुक्त अखिलेश पुत्र द्वारिका प्रसाद राजपूत को 43 क्वार्टर अवैध ठेका देशी शराब सहित गिरफ्तार किया। एवं तृतीय टीम ने ग्राम इन्द्रहटा के पास से अभियुक्त रामजी राजपूत पुत्र उदयभान राजपूत को 22 क्वार्टर अवैध ठेका देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामदगी के आधार पर थाना अजनर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक रामकृष्ण तिवारी के नेतृत्व में टीम ने मुकदमें से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त विनय कुमार पुत्र सुरेश कुमार द्विवेदी उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम अकठौहा थाना चरखारी सम्बन्धित परिवाद संख्या 436/20 धारा 138 एन आई एक्ट के क्रम में न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) एफटीसी/महिला महोबा के द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में वारण्टी अभियुक्त को ग्राम अकठौहा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान के तहत किया जागरूक

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके क्रम में जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्कूलों एवं कालेजों में जाकर स्कूली छात्रों को आत्मरक्षा,सुरक्षा अधिकारों तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान,आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक,इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**खन्ना/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी पुलिस टीम जिसमें उपनिरीक्षक नरोत्तम सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल शिवप्रकाश सिंह द्वारा वारण्टी रामभजन पुत्र भुल्ली निवासी ग्राम रतौली थाना खन्ना जिला हमीरपुर केस नंबर 448/2007 अपराध संख्या 273/05 धारा 25 आर्म्स एक्ट सिविल जज जूनियर डिवीजन मौदहा हमीरपुर के वारण्टी को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया ।

### पथ संचलन में दिखा स्वयंसेवकों का उत्साह



**पनवाड़ी, महोबा।** विजयादशमी के साथ राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नगर में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, हिंदू जागरण मंच समेत संघ के अन्य आनुषंगिक संगठनों के तकरीबन डेढ़ सैकड़ा सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ हरपालपुर रोड स्थित अवध गार्डन से हुआ। जहां से ठकुरास पुरा, मातनपुरा, मुख्य बाजार होते हुए स्वयं सेवकों का कतारबद्ध दल बनियाटपुरा, पठानपुरा, बस स्टैंड, तिवारीपुरा के रास्ते वापस एकत्रीकरण स्थल पहुंचा। इस दौरान नगर के अनेक स्थलों पर लोगों ने फूल बरसाकर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह के साथ पनवाड़ी पुलिस के अनेक जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे। इसमें , विभाग प्रचारक ऋतु राज ने अपने संबोधन में संघ के गठन से लेकर सृजन और संघर्ष के सौ वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। बताया कि कैसे शाखा से निकले स्वयंसेवकों ने राष्ट्र निर्माण में अग्रणीय भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष की पूर्णता पर संघ ने स्वयंसेवकों को पंच परिवर्तन जिसमें सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन के पालन का संकल्प दिया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक ऋतुराज के साथ सह जिला कार्यवाह बृजेन्द्र, जिला, खंड कार्यवाह सचिन शंकर, शारीरिक प्रमुख रोहितराज, सह जिला शारीरिक प्रमुख जयप्रकाश, जिला पर्यावरण प्रमुख मार्तंड, हिमांशु, रजनीश, उत्कर्ष समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# बीज मिनीकिट वितरण में धांधली का आरोप, किसानों ने किया हंगामा

- किसानों ने निशुल्क बीज के साथ 350 रुपये की कीटनाशक देने का आरोप

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




रबी फसलों के लिए आए बीज के मिनीकिट वितरण में सोमवार को केंद्र प्रभारी द्वारा धांधली किए जाने से नाराज किसानों ने जमकर हंगामा किया। समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हो सका है। शासन ने रबी की फसलों की बुवाई के लिए मटर,मसूर, चना,सरसों के मिनीकिट निशुल्क वितरण को भेजे गए। इनका वितरण ऑनलाइन आवेदन के बाद किसानों को किया जाना है। सोमवार को पौथिया की किसान दया तिवारी, विदोखर के मोहित सिंह, भोला सिंह, पारा रैपुरा के ज्ञान प्रकाश,पंधरी के माहेश्वरी, देवगांव के छोटेलाल, पंधरी के नरेंद्र शुक्ला आदि किसानों ने बीज गोदाम प्रभारी अनूप कुमार पर बीज वितरण में भेदभाव करने का आरोप लगाकर हंगामा किया।किसानों का आरोप है कि बीज निशुल्क दिया जा रहा है। लेकिन साथ में 350 रुपये का कीटनाशक जबरिया दिया जा रहा है। समझाने बुझाने के बाद किसान शांत हुए। किसानों का आरोप है कि वह सुबह से लाइन में लगे हैं लेकिन प्रभारी चेहरे देख देखकर वितरण कर रहे है। बीज गोदाम प्रभारी अनूप कुमार ने किसानों के आरोपों को निराधार बताया। कहा कि सूची बनाकर वितरण किया जा रहा है, कोई धांधली नहीं है। किसान बेवजह हंगामा किया था।

## चार माह में ध्वस्त हो गया लाखों से निर्मित सीसी मार्ग

- वार्ड के वाशिंदों ने जिलाधिकारी से की शिकायत



**भरुआ सुमेरपुर।** कुछ माह पूर्व घटिया निर्माण के चलते ध्वस्त हुई सीसी मार्ग की शिकायत जिलाधिकारी के पास पहुंची है। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में सरकारी बंधी से लेकर विष्णु किराना स्टोर तक नगर पंचायत ने लाखों रुपए के बजट से सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य चंद माह पूर्व कराया था। मानकों को ताक में रखकर कराया गया निर्माण जगह से ताश के पत्तों की भांति टूटकर बिखर रहा है। मामले की शिकायत वार्ड के निवासी राहुल सिंह आदि ने जिलाधिकारी से करते हुए आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष चहेते ठेकेदारों ने घटिया सामग्री के साथ मानको को दरकिनार करके कार्य कराया है शिकायत के बाद किसी तरह की कार्यवाही नहीं की है। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में है। ठेकेदार को पुनः बनाने के लिए नोटिस दे दिया गया है। जल्द ही इसका निर्माण शुरू होगा।

## लेब्रा डॉग एक मालिक दो, पुलिस जांच में उलझी

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सत्तर के दशक में एक फिल्म आई थी उसका नाम था एक फूल दो माली। बलराज साहनी, संजय खान, साधना, अभिनीत इस फिल्म में एक मासूम बच्चे पर दो लोगों का अपना-अपना दावा था। इस फिल्म के गाने बहुत हिट हुए थे। इसी तरह का एक मामला आज थाने में आया। एक लेब्रा डॉग के ऊपर दो लोगों ने अपना-अपना होने का दावा किया है। लेब्रा डॉग फिलहाल पुलिस के संरक्षण में थाने में है। पुलिस असली मालिक की जांच कर रही है। कुंडौरा निवासी श्रीपत कुशवाहा ने पुलिस को शिकायत देकर अवगत कराया कि उसका पालतू लेब्रा डॉग को कस्बे के वार्ड संख्या 16 निवासी घनश्याम चुपके से खोलकर गांव से अपने साथ ले आया है। वहीं घनश्याम का कहना है कि उसका पालतू लेब्रा डॉग एक पखवारे पूर्व गायब हो गया था। उसे जानकारी मिली थी कि वह कुंडौरा गांव में है। वहां जाकर देखा तो वह बंधा हुआ था। जिसको लेकर मैं आ गया हूं। समस्या इस बात को लेकर उलझ गई कि घनश्याम जब उसे भूरा नाम से पुकारता है तो वह भगा चला जाता है। इसी तरह श्रीपत कुशवाहा उसे शेरु नाम से पुकारता है तो वह आगे पीछे पूंछ हिलाकर घूमने लगता है। इससे संदेह होने लगता है कि यह लेब्रा डॉग किसका है। पुलिस असली मालिक की पहचान के लिए उसके पालने के अन्य सबूत मांगे हैं। कुंडौरा के मालिक का दावा है कि उसने जिस पशु डॉक्टर से बचपन से लेकर अब तक उपचार कराया है। उसे साक्ष्य के तौर पर ला सकता है। पुलिस ने डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा है। मंगलवार को डॉक्टर थाने में जाकर बताएंगे कि वह लेब्रा डॉग श्रीपत का है अथवा नहीं। इसी तरह घनश्याम से भी अन्य सबूत मांगे गए हैं। फिलहाल लेब्रा डॉग को पुलिस संरक्षण में थाने पर रखा गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दोनों के दावों की जांच की जा रही है। दोनों से अन्य सबूत मांगे गए हैं। जिसके सबूतों में दम समझ में आएगा। जांच के बाद कुत्ते को उसी के हवाले किया जाएगा।

# चोरी करते समय सीसीटीवी में हुआ कैद, ग्रामीणों ने घेरकर पकड़ा

- कई वारदातें कबूली नाजायज असलहा और चोरी के उपकरण बरामद



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीती रात पंधरी गांव में सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए कैद होने पर गृह स्वामी ने अन्य ग्रामीणों की मदद से मकान को घेर कर चोर को रंगे हाथ दबोच लिया। मारपीट करने बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पूछताछ में उसने विगत दिनों पंधरी गांव में हुई तीन अन्य चोरियों का भी कबूल किया है। पंधरी गांव निवासी कौशल किशोर सिंह के रिहायशी मकान में एक चोर अपने साथी के साथ घुस गया। चोरी करते समय वह सीसीटीवी कैमरे में गृहस्वामी को नजर आया। गृहस्वामी ने अन्य ग्रामीणों को फोन करके मकान की घेराबंदी कराई और चोर को दबोच लिया। उसने पूछताछ में अपना नाम कुलदीप कुशवाहा निवासी सिचौलीपुरवा मुटनी बताया है। इसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, कारतूस, रिंच, पेंचकस, प्लास आदि सामग्री मिली है और चोरी करके साथ लेकर जा रही बाइक पकड़ी गई। ग्रामीणों ने उसको जमकर पीटने के बाद पुलिस के सुपुर्द किया है। पुलिस ने कौशल किशोर सिंह की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके गहन पूछताछ की है। पुलिस पूछताछ में चोर ने विगत दिनों पंधरी गांव में हुई तीन अन्य चोरियों की वारदातों को भी कबूल किया है। उसने चोरी का सामान मौदहा में बेचे जाने की बात कबूल की है। पुलिस ने पूछताछ के लिए मौदहा से कुछ दुकानदारों को उठाया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर से एक अदद तमंचा, तीन जिंदा कारतूस के अलावा चोरी करने की अन्य उपकरण मिले हैं। उसने कई वारदाते कबूल की हैं। पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा। उसके अन्य साथियों को भी तलाशा जा रहा है।

## चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने एक आरोपी सहित बाल अपचारी को किया गिरफ्तार



**अजनर/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम इन्द्रहटा में बन्द पडे मकान में चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना अजनर में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में उक्त घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चन्देल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न साक्ष्यों के आधार पर चोरी की घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों सतीश यादव पुत्र जाहर यादव उम्र 20 वर्ष एवं एक बाल अपचारी निवासीगण ग्राम इन्द्रहटा को मुखबिर की सूचना पर नगाराडांग मोड यात्री प्रतीक्षालय के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में चोरी किये गये माल को बेंच कर प्राप्त हुये 9400/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी व अभियुक्त सतीश व विधि से संघर्षरत बालक का नाम प्रकाश में लाया गया जिनको अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

# सत्संग और साधना से दिव्य हो जाता है मानव जीवनः स्वामी गिरीशानंद

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उदय गार्डन में चल रहे प्रवचन कार्यक्रम में बोलते हुए स्वामी गिरीशानंद ने कहा कि सत्संग से मन शांत होता है, साधना से बुद्धि शुद्ध होती है, सत्संग और साधना से जीवन संवर जाता है। उन्होंने भक्ति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भक्ति से हृदय में प्रेम और करुणा उत्पन्न होती है, यह अहंकार का नाश करती है, मन को परमात्मा से जोड़ती है और जीवन में आनंद तथा संतोष का संचार करती है। डाक्टर स्वामी मुक्तानंद ने कहा कि परमात्मा ने मनुष्य को कामधेनु रूपी बुद्धि सदुपयोग करने के लिए दी है, इसका दुरुपयोग कदापि नहीं करना चाहिए, बुद्धि का प्रयोग अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए, परमात्मा की प्राप्ति में, सत्कर्म, परोपकार आदि में लगाना चाहिए, इससे सभी का कल्याण होगा। वृंदावन के संत स्वामी सर्व चैतन्य ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवचन दौरान प्रख्यात मृदंग वादक अवधेश द्विवेदी और 15वर्षीय पखावज वादक अनमोल द्विवेदी ने पखावज का सुंदर वादन कर श्रोताओं का दिल जीत लिया। प्रवचन श्रवण करने के लिए पूर्व विधायक तिंदवारी दलजीत सिंह, युवराज सिंह पूर्व विधायक, राजीव सिंह वैज्ञानिक नई दिल्ली, डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह प्रिंसिपल महाराजा बलवंत सिंह डिग्री कॉलेज वाराणसी, संत शेखर मिश्रा इंटर कॉलेज प्राध्यापक, डॉक्टर राजेश्वर सिंह डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश शासन, राजेश सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक,सौमित्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## पैसों के लेनदेन के विवाद में युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**जैतपुर/महोबा।** पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मरने से ठीक पहले युवती ने सात लोगों के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे,जिसमें आरोपियों पर बेरहमी से मारपीट करने व जहर खाकर मर जाने के लिए उकसाये जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार शाम हुए इस विवाद में बीज गोदाम के पीछे रहने वाली युवती सरोज यादव पुत्री मंगल से सुभान पुत्र मुनन ने 50 हजार रुपए उधार लिए थे,यह रकम उमेश पुत्र गोविन्ददास यादव ने अपनी गारंटी पर दिलाए थे, तय समय बीतने के बाद सरोज ने अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की।

- जिला अस्पताल से रेफर के दौरान रास्ते में तोड़ा दम

लेकिन आरोपी समय मांगते रहे,रविवार को जब ज्यादा कहासुनी हुई तो सरोज ने पैसे देने अन्यथा कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी, इस बीच आरोपियों ने मृतका के चरित्र पर कटाक्ष किया और जहर की पुड़िया देकर मर जाने को उकसाया। रोती हुई सरोज थाने पहुंची और राजेंद्र, सुभान, गोविंददास, हरिसिंह, रिंकू, कल्लन और उमेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई,मृतका जब वापस घर आई तो आरोपियों ने उसको बेरहमी से पीट दिया। इस बीच मृतका ने आरोपियों द्वारा दी गई जहर की पुड़िया खा ली, जिसके चलते उसकी तबियत बिगड़ने लगी। आनन–फानन में उसे सीएचसी जैतपुर से उसे जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। रेफर के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई । थाना कुलपहाड़ के प्रभारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि मृतका का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग–अलग तीन टीमें बनाई गई हैं, जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अभियान चलाकर किए गए खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित

**कुलपहाड़/महोबा।** दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये आम जनमानस को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कस्बा कुलपहाड़ में खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार के निर्देशन में विशेष अभियान चलाकर पनीर,खोया,सूजी एवं डेरी मिक्स (मिल्क पाउडर) एवं चटनी के नमूनें संग्रहित किये गये। अभियान दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,चन्द्रकान्त बाजपेयी,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र एवं रामलखन कुशवाहा मौजूद रहे।

# आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश

- विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मिशन गेट पर धरना प्रदर्शन कर की कार्रवाई की मांग
- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




हिंदू समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर डालना एक युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए। कुलपहाड़ मिशन स्कूल के छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मिशन के गेट पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। कुलपहाड़ मिशन स्कूल के कक्षा 12 का छात्र हेमंत जॉन द्वारा सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट डाली गई थी, जिसको लेकर हिंदू संगठनों द्वारा पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई थी। जिसके बाद हरकत में आई कुलपहाड़ पुलिस द्वारा पोस्ट डिलीट कर माफी नामा के बाद युवक का मोबाइल जब्त किया। और आरोपी छात्र हेमन्त जॉन के खिलाफ बीएनएस की धारा 353 (2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के मयंक तिवारी, रवि सोनी, विकास, पुष्पेंद्र सिंह, रमाकांत चौबे, हर्ष परिहार, मनु शर्मा द्वारा कड़ी आपत्ति जताई गई। संगठन के आधा सैकड़ा से अधिक पदाधिकारी और कार्यकर्ता कुलपहाड़ मिशन स्कूल के सामने धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। मामले को गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़, थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं से वार्ता कर मामले को शांत कराया। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ ने बताया कि कानूनी कार्यवाही के लिए पुलिस टीम बना दी गई है। शीघ्र ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## मुख्यालय में नासूर बनता जा रहा जगह-जगह फैला अतिक्रमण



**महोबा।** जिला मुख्यालय में अतिक्रमण नासूर बन गया है। अतिक्रमण के कारण बार बार सड़क पर जाम की स्तिथि उत्पन्न होती है और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गांधीनगर इलाके में अवैध पार्किंग भी राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। मुख्यालय के तहसील चौराहा,आल्हा चौक,ऊदल चौक, मुख्य बाजार,सुभाष चौकी, रोडवेज प्राईवेट गली स्थित मीना बाजार, परमानंद चौक सहित तमाम स्थानों पर चार पहिया ठेलिया,पटरी दुकानदारों एवं व्यापारियों ने पूरी तरह अतिक्रमण कर लिया है। मुख्य बाजार में तो दुकानदारों ने मुख्य मार्ग पर ही अपना सामान रख लिया है और फल बिक्रेता भी सड़क पर ही हाथ ठेला लगाए नजर आते हैं। इसी तरह नेहरू इंटर कालेज के पास प्राईवेट चार पहिया वाहन चालक अवैध तरीके से वाहन खड़े करते हैं। अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से लोगों को परेशानी होती है। अतिक्रमण से बार बार जाम लगता है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार का कहना है कि जल्द ही अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

# खाद की किल्लत पर फूटा किसानों का गुस्सा, सड़क जाम कर जताया विरोध

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में खाद की भारी किल्लत से जूझ रहे किसानों का धैर्य अब जवाब देने लगा है किसानों ने खाद न मिलने से परेशान होकर सड़क पर जाम लगा दिया। अचानक लगे जाम से सैकड़ों राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों के जाम के चलते यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। किसानों ने नारेबाजी करते हुए जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया तब जाकर जाम में फंसे राहगीरों ने राहत की सांस ली। कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कुलपहाड़-नौगांव मार्ग पर स्थित एस.के.महाविद्यालय के पास खाद ना मिलने से परेशान किसानों ने जाम लगा दिया। दरअसल सोमवार को खाद का बितरण किया जाना था और खाद की सूचना मिलते ही सुबह 4 बजे से किसानों ने आकर लाइन लगा दी लेकिन खाद का वितरण न होने पर किसानों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों के जाम के चलते रोड जाम होने पर वाहनों का आवागमन बन्द हो गया और सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। किसानों का कहना है कि वे तड़के सुबह से ही खाद की लाइन में लगने को मजबूर हैं, लेकिन फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। बुवाई का समय निकलता जा रहा है और समय पर खाद न मिलने से फसलों पर विपरीत असर पड़ने का खतरा है। यदि हम लोगो को खाद मिलता भी है तो एक बोरी जिससे क्या होने बाला है यह तो ऊंट के मुंह मे जीरा की कहावत बनती जा रही है और कुछ किसानो को तो एक बोरी भी नसीब नही हो पा रही है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझा-बुझाकर शांत कराया और जाम खुलवाया। जनपद में लगातार खाद संकट के चलते अब जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। किसानों का कहना है कि हर साल खाद की किल्लत होती है लेकिन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। जिससे किसान खेती नही कर पा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

## निर्माणाधीन कार्यों एवं परियोजनाओं के निर्माण कार्य को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के दिये निर्देश

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत विकास कार्यों एवं सीएमआईएस पोर्टल के अन्तर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी श्रीमती जे0 रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपद में निर्माणाधीन कार्यों एवं परियोजनाओं के निर्माण कार्य को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने पर्यटन विभाग द्वारा संचालित की जा रही परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाये जाने के साथ शीघ्र कार्यों को गुणवत्ता के साथा पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होनें कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के द्वारा निर्माण किये जा रहे खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला तथा बबेरू बस स्टैण्ड के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश



दिये। उन्होंने राजकीय स्कूल इंगुवा एवं अम्लीपुर को इसी माह पूर्ण किये जाने के निर्देश युपी सिडको को दिये। लोक निर्माण विभाग द्वारा विधि विज्ञान प्रयोगशाला एवं बबेरू-तिन्दवारी-सुमेरपुर मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने तथा पलरा-पैलानी मार्ग, लोमर से चकला मार्ग के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। आरईएस द्वारा बॉदा-लामा-पचनेही मार्ग का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बडोखरखुर्द एवं बिसण्डा के निर्माण को माह नवम्बर तक तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नरैनी एवं बिसण्डा को इसी माह पूर्ण करने के निर्देश दिये। राजकीय इण्टर कॉलेज बॉदा एवं ट्रांजिट हास्टल के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने हेतु निर्देशित किया। पैलानी-गलौली मार्ग पर पुल का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लि0 द्वारा बॉदा एवं बबेरू सब स्टेशन एवं लाइन संचालन के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में पीडी डीआरडीए, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीपीआरओ सहित सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** मेरा युवा भारत, बांदा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र, निम्नीपार,वार्ड 22 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती ममता नामदेव ने सभी महिलाओं को संचारी स्वच्छता अभियान, दस्तक अभियान, पोषण पखवाड़ा,स्तनपान, टीकाकरण, के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती शशि सोनी, श्रीमती अभिलाषा देवी, श्रीमती सुरुचि गुप्ता, सहायिका श्रीमती शोभा गुप्ता एवं 50 महिलाएं और बच्चे इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मेरा युवा भारत, बांदा के एम.टी.एस. रवि अवस्थी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को माय भारत डायरी देकर सम्मानित किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### जेएन कालेज में प्रवेश के नाम पर घोटाले का आरोप एबीवीपी ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बांदा इकाई ने पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया में हुए कथित भ्रष्टाचार, अवैध वसूली एवं अनियमितताओं के विरोध में शनिवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने मांग की कि दोषियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा छात्र आंदोलन और आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। परिषद द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि स्नातक कक्षाओं में 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया बिना किसी सार्वजनिक सूचना के संचालित की गई, जिसमें प्राचार्य की मिलीभगत से 4000 से 5000 तक की अवैध वसूली की गई। परिषद ने इस पर तत्काल जांच कराने और आरक्षण नियमों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया दोबारा संचालित करने की मांग की। साथ ही, परास्नातक वर्ग में आरक्षण कोटे के अंतर्गत हुए प्रवेश की सूची सार्वजनिक करने तथा रिक्त सीटों पर पारदर्शी रूप से डायरेक्ट प्रवेश देने की भी मांग की गई। एबीवीपी के जिला सह संयोजक कार्तिकेय गुप्ता ने कहा कि फ़यदि बुधवार तक हमारी सभी मांगे पूरी नहीं होतीं, तो समस्त छात्रशक्ति के साथ आंदोलन एवं आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे। समर्थन में छात्रसंघ नेताओं लव सिन्हा और शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी जे. रीभा ने ज्ञापन प्राप्त कर आश्वासन दिया कि प्रकरण की संपूर्ण जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडे, नीतीश निगम, दीपक गुप्ता, अभय साहू, युवराज सिंह, हरिओम तिवारी, कत्यान सिंह, महक, महिगा, कमल, हर्षित कुशवाहा, सुनील, विनोद, नेहा यादव, आर्यन, खुशपाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधवा महिला की जमीन पर ससुर व जेठ का अवैध कब्जा, प्रशासन से लगाई गुहार



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जिला बांदा के ग्राम कोरम, तहसील बबेरू की निवासी श्रीमती जनकलली ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की है। जनकलली ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें उनकी जमीन पर खेती करने का अधिकार दिलाया जाए। जनकलली के अनुसार, उनके पति स्वर्गीय रामसेवक की वर्ष 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद, उनके पति की जमीन (गाटा संख्या 244, ग्राम कोरम, तहसील बबेरू) उनके नाम वरासत में दर्ज हो चुकी है। हालांकि, उनके ससुर वंशगोपाल और जेठ चंद्रशेखर ने वरासत प्रक्रिया के दौरान आपत्ति जताई थी और अब उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। वे जनकलली को जमीन पर खेती करने या उसका उपयोग करने से रोक रहे हैं। जनकलली ने बताया कि वह एक विधवा महिला हैं और उनकी आजीविका उनकी जमीन और आंगनबाड़ी कार्य पर निर्भर है। उन्होंने जिला अधिकारी, बांदा को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर जमीन से अवैध कब्जा हटवाने और आंगनबाड़ी कार्य में बाधा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस तरह के मामले ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने को मिलते हैं, जहां विधवाओं को उनकी संपत्ति से वंचित करने की कोशिश की जाती है। जनकलली ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई है ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### तहसीलदार ने दिवंगत छात्र के परिजनों को दी सांत्वना, आर्थिक मदद का दिया आश्वासन



**पैलानी /बांदा, समृद्धि न्यूज।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत खप्टिहाकला के नई बस्ती में रविवार को सुबह आठ बजे सुनील कोटार्य का लड़का मोनू कोटार्य बारह वर्ष जो परम हंस श्री रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खप्टिहाकला में कक्षा सात का छात्र था अपनी मां अंजू देवी के साथ मिट्टी लेने दो सौ मीटर दूर टीला गये थे वहां पंगू प्रजापति की बहू ममता भी गई थी वहां पहले से मौजूद गौरा पत्नी अलखराम चालीस वर्ष मिट्टी खोद रही थी तभी अचानक टीला धंसने से मोनू कोटार्य की मौत हो गई तथा ममता गंभीर रूप से घायल हो गई थी दोनों को मेडिकल कॉलेज बांदा भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने मोनू कोटार्य को म्रत घोषित कर दिया। वहीं आज तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह व नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम व लेखपाल अमित सिंह ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दैवीय आपदा कोष से आर्थिक मदद दिलाए जाने को लेकर आश्वस्त किया।

### मनु शतरूपा व रावण जन्म की लीला का हुआ मंचन



**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** रामलीला मंचन के दूसरे दिन मनु शतरूपा और रावण जन्म की लीला का मंचन देखने क्षेत्र की भीड़ उमड़ पड़ी । रावण और कुंभकर्ण की तपस्या एवं गर्जना सुन प्रांगण में बैठे बच्चे भयभीत हो उठे ।संकट मोचन रामलीला समिति नरैनी के तत्वाधान में द्वितीय दिवस रामलीला मंचन में जहां एक ओर मनु और शतरुपा के वैराग्य जैसे मार्मिक लीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हुए वहीं दूसरी ओर दशग्रीव रावण और उनके छोटे भाई भीमकाय कुंभकर्ण एवं विभीषण के जन्म एवं मेघनाद दिग्विजय की वीर रस से परिपूर्ण मंचन देख दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी हुआ । महाराज मनु का अभिनय उमेश दीक्षित ने, रावण का अभिनय फ़ालगो प्रसाद द्विवेदी ने ,कुंभकर्ण का अभिनय रवि तिवारी तथा विभीषण का अभिनय ज्ञानेंद्र पाण्डेय एवं मेघनाद का अभिनय योगेश प्यासी ने किया। महाराज मनु के तीर्थाटन के दौरान ऋषि मुनियों के भजन सुनकर दर्शक खुशी से नाच उठे। इस अवसर पर संतोष दीक्षित, रामप्रकाश तिवारी, मदन गोपाल शुक्ला आदि ने अपने अभिनय से सबको आकर्षित किया।

## घूम-घूमकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से 1150 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

एसीप बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा घूम-घूमकर अवैध सूखे गांजे की बिक्री करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना कालिंजर पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के घूम-घूमकर छोटे-छोटे अवैध गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर अभियुक्त को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शिवशरन शिवहरे पुत्र गोपाल निवासी बदौसा थाना बदौसा जनपद बांदा है।

## एडीजी प्रशिक्षण ने रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का किया निरीक्षण

- रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की समीक्षा कर, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) डा. बी.डी. पाल्सन द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. व पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन बांदा रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (त्ज्ब) का निरीक्षण किया गया । इस दौरान आरटीसी-2025 बैच के रिक्रूट आरक्षियों के चल रहे प्रशिक्षण की गहन समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न बुनियादी व्यवस्थाओं और संसाधनों का विस्तृत जायजा लिया गया । अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निरीक्षण के दौरान परेड ग्राउंड, शिक्षण कक्ष, भोजनालय, बैरक, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी जरुरतों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारों हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए तथा प्रशिक्षण कर रहे आरक्षियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनके अनुभवों, कठिनाइयों तथा सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया । रिक्रूट आरक्षियों के शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, क्लास रूम लेक्चर्स, अभ्यास सत्र एवं मानसिक दक्षता से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल की गुणवत्ता की समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षकों के साथ गोष्ठी कर निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में अनुशासन, समयबद्धता एवं उच्च मानकों को हर स्तर पर प्राथमिकता दी जाए साथ ही प्रशिक्षण को व्यावहारिक और आधुनिक चुनौतियों के अनुकूल बनाया जाए । इस दौरान पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री मेविस टाक, क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर, क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक बांदा बेलास यादव, आरटीसी प्रभारी संजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे ।

## जनपद में चलाया गया विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान

- अभियान के दौरान बैंक परिसरों में की गई संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग
- एटीएम-बैंक शाखाओं के सुरक्षा उपकरणों आदि को किया गया चेक



**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली आपराधिक घटनाओं-लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी आदि को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में विशेष सघन बैंक/एटीएम/वित्तीय संस्थानों की चेकिंग का अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया । इस दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया तथा आपात स्तिथि में उनकी तैयारियों को भी परखा गया साथ ही 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया।

बैंक प्रबन्धकों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए एवं बैंक परिसरों के आस-पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आम जनता को भी बैंक में लेनदेन करते समय सतर्क रहने, अजनबियों से सावधान रहने एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल बैंक के सुरक्षाकर्मियों, डायल यूपी 112 या नजदीकी थाना को सूचित करने हेतु जागरूक किया गया । बैंक सुरक्षा गार्डों को भी निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो जिससे कि यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की असुविधा न हो । इस दौरान एटीएम/बैंकों/वित्तीय संस्थानों आदि के आसपास संदिग्ध रुप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों तथा संदिग्ध रुप से खडे वाहनों की भी चेकिंग कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई ।

## अपराधियों की टूटी कमर गैंगस्टर कोर्ट ने सुनाई सजा

**चार शातिर अपराधी दोषी करार, अवैध हथियारों के बल पर करते थे लूट**



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** गैंगस्टर कोर्ट बांदा ने एक शातिर अपराधी गिरोह के चार सदस्यों को दो वर्ष छह माह के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना चिल्ला के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह की रिपोर्ट पर यह मुकदमा पंजीकृत हुआ था। गिरोह के सदस्य आदर्श कुमार, भोला लोधी, सर्वेश, और नरेश निवासी जनपद फतेहपुर, लूट व राहजनी की घटनाओं में सक्रिय थे। गैंग की विवेचना निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने की। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह, पैरोकार अभिजीत, कोर्ट मोहर्रिर गौरव दिवाकर एवं जीतेन्द्र कुमार ने प्रभावी पैरवी की। अपर सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) प्रदीप कुमार मिश्रा ने साक्ष्यों के आधार पर चारों अभियुक्तों को दोषी करार दिया। विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने कहा कि गिरोह अवैध हथियारों से लोगों में भय फैलाने और अपराध के जरिए आर्थिक लाभ अर्जित करने में लिप्त था।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़ैना समसपुरा में रविवार की शाम करीब 5 बजे घर के अन्दर एक महिला कोमल उर्फ सोनाली (22 वर्ष) पत्नी बृजेश कुमार का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक-फिंगर प्रिंट टीम बुलाकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटकर मृतका कोमल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

घटनास्थल पर रोती बिलखती मृतका की बुजुर्ग सास प्रेमा देवी पत्नी सियाराम ने पुलिस को बताया कि मृतका उसकी छोटी पुत्रवधु थी, उसका बेटा ट्रक ड्राइवर है, वह ट्रक लेकर पंजाब गया हुआ था, जबकि घटना के दौरान वह बकरियां चराने गई हुई थी और बीमार ससुर सियाराम घर के बाहर दोपहर में एक कमरे में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि बकरियां चराकर वापस लौटने पर घर का दरवाजा अन्दर से बन्द देख वह काफी समय तक अपनी पुत्रवधु कोमल को आवाज लगाकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास करती रही, लेकिन दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने पड़ोस के घर से अपनी छत पर पहुंचकर जब घर में प्रवेश किया, तो देखा कि उसकी पुत्रवधु कोमल घर के अन्दर कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रही थी।

उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उसके बेटे बृजेश की मात्र दो वर्ष पूर्व कोमल के साथ शादी हुई थी। कोमल की फांसी लगने से मौत की खबर मिलते ही उसके मायके वाले गांव पहुंच गए हैं। जबकि पत्नी कोमल की मौत की खबर सुनकर ट्रक पंजाब में छोड़कर पति बृजेश गांव पहुंच रहा है।

## नकली मिठाई व खोया पनीर बेचने वालों के खिलाफ की जाए कार्रवाई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद इटावा के प्रत्येक तहसील के उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चलाकर नकली मिठाई, खोया, पनीर व अन्य खाद्य सामग्री बनाने, बेचने वालो के विरुद्ध कार्यवाही की जाए साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद के प्रमुख मार्गो एवं भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर स्थित समस्त खाद्य प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप पर ग्राहक संतुष्टि फीडबैक, स्टीकर चस्पा कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नकली खाद्य पदार्थो की दुकानों के नमूने लिए जाएं एवं निष्पक्षता से प्रभावी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर होटलों पर छापामारी की जाए। उन्होंने कहा कि नमूनों की संख्या ही नहीं माफियाओं को पकड़कर उनपर विधिक कार्यवाही की जाए। उक्त बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा विभाग के समस्त कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोर्ट में सीजेआई पर जूता फेकने की घटना दुखद है : एडवोकेट एपी सिंह

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सुप्रीम कोर्ट के वकील डॉ. एपी सिंह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में सीजेआई पर जूता फेकने की घटना दुःखद है। साथ ही मध्यप्रदेश में भगवान विष्णु के खण्डित मंदिर की घटना भी गलत हैं। न्यायालय में न्यायालय में रनिंग कमेंट्री जजों को नहीं करना चाहिए। न्यायाधीशों को ब्रेकिंग में शामिल नहीं होना चाहिए। न्यायाधीश का पद सर्वोच्च है। रनिंग कमेंट्री में बुलडोजर को देख लिया जाता है। लेकिन भूमाफियां को नही देखा जाते किस तरह लोगों की जमीन पर कब्जा कर लेते हैं।

उक्त बातें एडवोकेट डॉ. एपी सिंह ने कस्बा बकेवर में एक कार्यक्रम में आने के दौरान कस्बा में एक होटल में प्रेस के लोगों से बातचीत के दौरान व्यक्त की। उन्होंने कहा घटना असंसदीय अपमान जनक है। आजादी के इतिहास में पहलीबार ऐसा हुआ।बार और बेंच दोनो ही न्याय के रथ के दो पहिये हैं।जब रथ में दोनों पहिये लगा लेते हैं और उस रथ में सभी को बिठा कर हम न्याय लिए ले जाते हैं।

ईश्वर की शपथ लेकर जिस पद पर बैठते हैं।सनातन धर्म मे आप ईश्वर के लिए कह सकते हैं अन्य किसी धर्म में ऐसा नहीं कर सकते हैं।जो संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति की कोई जाति नहीं होती हैं। न्यायालय में न्यायाधीश को रनिंग कमेंट्री कमेंट्री करना अच्छा नहीं लगता है। उन्होंने एक सवाल विपक्ष सरकार के न्यायापालिका पर हस्तक्षेप का आरोप लगाता है के जबाब में कहा कि जब विपक्ष के लोगों की बेल डिश मिश होने पर कहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट भगवा है और बेल होने पर सत्यमेव जयते कहते हैं। प्रेसवार्ता के दौरान ज्ञान सिंह अभिमन्यु पूर्व प्रधान नौधना ओमप्रकाश सिंह, रमेश चंद्र, सुबोध आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने पर्यटन मंत्री से की घपले की शिकायत

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** हजारी महादेव मंदिर पर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा 3 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य कराए गये हैं। लेकिन इसका कोई लाभ श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय जनता को नहीं मिल पाने की शिकायत पर्यटन मंत्री से किसान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने पर्यटन मंत्री से की है। शिकायतकर्ता ने पर्यटन विभाग के विकास कार्यों का बोर्ड मंदिर कमेटी द्वारा तोड़ कर अपने नाम से लगाने का आरोप लगाया है। जनपद के सरसईनावर के हजारी महादेव मंदिर पर पर्यटन विभाग द्वारा 55 लाख रुपए की लागत से सत्संग भवन और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया गया था इसके बाद 2 करोड़ से अधिक की धनराशि से टीन शेड सौंदर्यीकरण और एक बड़ा हाल और आवास हेतु कमरे बनवाए हैं इनका उद्देश्य आने वाले भक्तों को सार्वजनिक कार्यक्रम में सहूलियत और ठहरने में आसानी था परंतु इन सभी भवनों पर हमेशा बंद रहते हैं। किसान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने पर्यटन मंत्री से की गयी शिकायत में आरोप लगाया कि इतनी धनराशि प्रदेश सरकार द्वारा खर्च करने के बाद भी आम श्रद्धालुओं को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हजारी महादेव मंदिर की मेला कमेटी ने यहां लगाए गये लोकार्पण के शिलालेख को तोड़ कर अपना नाम लिखा दिया है और इसका उपयोग करने वाले लोगों से धनराशि वसूली जाती हैं। पर्यटन विभाग द्वारा कराए गये विकास कार्यों को लेकर कर्मचारी की नियुक्ति की जाए या फिर प्रशासन इसकी देखरेख अपने हाथों में ले जिससे इसका उपयोग आम जनता कर सके।

## जुआ खेलते 10 लोग चढ़े पुलिस के हत्थे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जुआ, सट्टा पर रोकथाम की दिशा में कार्य करते हुए पुलिस द्वारा जुआ खेल रहे 10 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से कुल रु. 55,170 नगद, 52 अदद ताश के पत्ते, 2 टार्च व गमछा किया बरामद। पुलिस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना कोतवाली पुलिस 12 अक्टूबर को थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि चित का तालाब के खाली पडी जगह में बाउंड्री के अन्दर टीले की आड़ में कुछ लोग ताश की पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चित के तालाब के पास से जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में यशवन्त सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, उ.नि. कासिफ हनीफ रहे। गिरफ्तार जुआरियों मेंराशिद पुत्र साबिर निवासी नई बस्ती शाहग्रान, शाकिब पुत्र मु. नईम निवासी मेहतर टोला, नौशाद पुत्र इरशाद निवासी चमरैटी थाना कोतवाली, फहीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी नई बस्ती शाहग्रान, फहान पुत्र अबरार निवासी नई बस्ती शाहग्रान, जीशान पुत्र इरफान निवासी मुहल्ला भूरा, शारिक पुत्र फखरुद्दीन निवासी मुहल्ला भूरा, मोहम्मद अखलाक पुत्र नूरमोहम्मद निवासी नईबस्ती शाहग्रान थाना कोतवाली, शारिक उर्फ कैप्टन पुत्र शाकिर निवासी मेहतर टोला, अरमान उर्फबंटा पुत्र कल्लू निवासी टीवी अस्पताल काशीराम कॉलोनी थाना सिविल लाइन रहे।

## सीएम से की मंदिर में होने वाले आय जांच की मांग

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के ऐतिहासिक हजारी महादेव मंदिर पर श्रृद्धालुओं के दान और मेला से होने वाली आय में बंदरबांट करने और हजारी महादेव की भूमि को भूमि प्रबंध समिति से हटाकर मेला कमेटी के नाम फर्जी प्रपत्र को तैयार कराकर करा लेने की जांच कमेटी बनाकर करने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गयी हैं।

सरसईनावर के प्रसिद्ध हजारी महादेव मंदिर पर अनियमिताओं की शिकायतें आए दिन आती रहती है हाल ही में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने भी अपने निरीक्षण में मंदिर मेला कमेटी के कार्यों को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। मंदिर की चढ़ौती और आने वाले श्रृद्धालुओं से गैर जिम्मेदाराना व्यवहार को लेकर सरसईनावर निवासी तिलक सिंह शाक्य सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रार्थना पत्र भेजा है । इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंदिर की जमीन भूमि प्रबंध समिति के नाम दर्ज थी इस भूमि को फर्जी अभिलेख लगाकर मेला कमेटी ने अपने नाम दर्ज करा लिया था इसकी जांच उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी से कराने की मांग की गयी हैं। वहीं मंदिर की कमेटी के पदाधिकारियों की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से होती है इसमें इसका चुनाव पारदर्शिता से नहीं होता है जिससे लाखों की संख्या में मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रृद्धालुओं द्वारा दान किए गये धन का बंदरबांट कर लिया जाता है ।यही कारण है कि ऐतिहासिक मंदिर पर सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगाए गये हैं । शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया आए दिन एक तथाकथित भगत महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करता रहता है वहीं मामले की शिकायत के बाद थाना ऊसराहार पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

## स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर भ्रमण हेतु पथ संचलन किया। राष्ट्रगीतों की समधुर ध्वनियों के बीच हुए पथ संचलन के दौरान नगर के प्रबुद्धजनों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा भी की। कस्बा के मुहल्ला आजाद रोड स्थित आर्य श्यामा बालिका इण्टर कालेज से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्र सेवा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किये गये पथ संचलन का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर सह जिला कार्यवाह अमित मिश्रा ने बताया कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उक्त पथ संचलन आर्य श्यामा बालिका इण्टर कालेज के प्रारम्भ होकर मन्दिर दानसहाय, गिरधारीपुरा होते हुए सती मन्दिर के जयोत्री एकेडमी में सम्पन्न हुआ। इस दौरान पूर्व चौयरमैन मनोज पोरवाल, मण्डल अध्यक्ष ओमप्रताप सिंह बण्टू गौर, डा. अनीता जाटव सहित कई समाजसेवियों ने पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा भी की। पथ संचलन के दौरान अश्वनी, डा. उमाशंकर, विनोद एड., विशाल, गौरव, शिवेन्द्र, देवांशु, रजत सहित कई स्वयंसेवकों की उपस्थिति के अलावा थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह सहित पुलिस बल की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।


**सूचना**

मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट त्रुटिवश मेरा नाम निशांक तिवरी (NISHANK TIWRI) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में निशांक तिवारी (NISHANK TIWARI) दर्ज है, जो सही है। सही नाम को मेरी मार्कशीट में दर्ज किया जाए। **निशांक तिवारी पुत्र राधारमन निवासी अखमेलपुर पो0रामपुर माझगांव, परगना भोजपुर, फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 अल्हादादपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 13/10/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत अल्हादादपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/10/2025 से 20/10/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/10/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन तिराहे से दीवान जी के घर तक खण्डजा कार्य | 2.56 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(दिनेश कुमार) ग्रा0पं0 अल्हादादपुर, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(जगवीर सिंह)

# नवाचार से पूरा होगा विकसित भारत का सपनाः जीतू शाक्य

## स्वदेशी के प्रयोग को बढ़ावा देकर और स्वच्छता के नवाचार को अपनाने से देश बनेगा विकसित राष्ट्र : प्रधानाचार्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जेडी जनता इंटर कॉलेज में विकसित भारत 2025 विजन के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य ने कहा कि नवाचार अपनाकर ही विकसित भारत का सपना पूर्ण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा आज का भारत केवल आर्थिक विकास पर नहीं, बल्कि नवीन विचारों और तकनीकी क्रांति पर टिका है। हमें हर क्षेत्र में नवाचार को अपनाना होगा, चाहे वह कृषि हो, शिक्षा हो या स्वास्थ्य। उदाहरण के लिए डिजिटल इंडिया के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाना और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देना आवश्यक है। यदि हम



नवाचार को अपनी दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे, तो 2047 तक भारत विश्व गुरु के रूप में उभरेगा। लेकिन इसके लिए हमें पुरानी मान्यताओं को छोड़कर नई सोच अपनानी होगी। युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करें, ताकि वे समस्या समाधान के नए तरीके खोजें। प्रधानाचार्य ज्ञानेश चंद्र दुबे ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमें स्वदेशी के प्रयोग को बढ़ावा देना होगा एवं स्वच्छता के नवाचार को अपनाना होगा। उन्होंने 9-10 अक्टूबर को भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में आयोजित तहसील स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे कॉलेज की छात्रा रचना ने 3000 मीटर दौड़ में प्रथम, 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। रियांशी ने 3 किलोमीटर दौड़ व तवा फेंक में प्रथम, भाला फेंक में द्वितीय, 800 मीटर दौड़ एवं गोला फेंक में तृतीय स्थान हासिल किया। हिमांशी ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 3 किलोमीटर दौड़ में तृतीय, जबकि अवनीश ने 6 किलोमीटर दौड़ में द्वितीय एवं 3000 मीटर दौड़ में प्रथम तथा 4 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रचना ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान के मेडल जीतकर चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्राप्त की। प्रधानाचार्य ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए व्यायाम शिक्षक रवींद्र कुमार स्वर्णकार को बधाई दी, जिनके कुशल दिशा-निर्देश में खिलाड़ी तहसील, जिला, मंडल एवं राज्य स्तर पर लगातार सफल हो रहे हैं। इस अवसर पर बच्चों ने जैविक खेती पर जोर देते हुए विचार व्यक्त किए और संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिसमें मिट्टी संरक्षण और जैविक उर्वरकों का महत्व बताया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, रोहित मिश्रा, अरविंद शुक्ला, ओम प्रकाश कुमार, राजेश कुमार दुबे, राजेंद्र प्रसाद, दिव्या यादव आदि उपस्थित रहे।

# दुकानदारों ने किराया वृद्धि पर जताया विरोध

- सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका द्वारा अपनी दुकानों के किराए में अचानक की गई भारी वृद्धि पर दुकानदारों ने विरोध जताया है। उनके समर्थन में सभासदों ने पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे को ज्ञापन सौंपकर किराया कम करने की मांग की।

ज्ञापन में दुकानदारों ने कहा है कि नगर पालिका परिषद द्वारा 30 सितंबर को जारी नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है कि 28 अगस्त को हुई बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के क्रम में दुकानों का किराया प्रति माह 6000 रुपये कर दिया गया है।



हम सभी किराएदार छोटे व्यापारी हैं जिनका व्यवसाय सीमित पूंजी एवं स्थानीय ग्राहकों पर निर्भर करता है। हम लोगों की आय का अन्य कोई स्रोत नहीं है तथा इसी छोटे कारोबार से अपने परिवार का भरण पोषण कठिनाई से कर पाते हैं। दुकान आवंटन के समय नगर पालिका परिषद द्वारा द्विपक्षीय अनुबंध किया गया था। उसके आधार पर दुकानों का किराया बढ़ाया जाना न्यायसंगत होगा। अतः हम सभी न्याय की उम्मीद के साथ अनुरोध करते हैं कि इस प्रस्ताव की पुष्टि अगली बैठक में नहीं करें एवं दुकान आवंटन के समय निष्पादित अनुबंध के अनुसार किराया निर्धारित किया जाए। इस ज्ञापन पर समस्त दुकानदारों ने हस्ताक्षर किए हैं।

इस दौरान रईस अहमद, आसिफ इकबाल, नसीम, रामनारायन आदि सभासद मौजूद रहे।

## पद्मश्री बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार का कार्यक्रम आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** स्पिक मैके के रीजनल कोऑर्डिनेटर हिमांशु सक्सेना ने बताया पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार के कार्यक्रम 14 अक्टूबर को नगर की शिक्षण संस्थानों में होंगे।



उन्होंने बताया आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष एकेडमी के तरंग रंगमंच पर सुबह 8:30 से 10:00 के मध्य और फिर सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय जेएएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11:30 बजे से 1:00 तक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगा। पदमश्री पंडित रोन मजूमदार जी के साथ उनके सहयोगी कल्पेश बांसुरी पर तथा अजीत पाठक तबले पर संगत देंगे।

# किड्स डांसर की खोज के लिए एसबीवीएस सभागार में नृत्य प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला बनवारी नगर स्थित एसबीवीएस सभागार में बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से नृत्य कला प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों से आए नन्हें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक गौरव त्रिपाठी अमर ने बताया कि मेंटर सतेंद्र राठौर की देख देख में प्रतिभान बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिभाओं की खोज के लिए हर सप्ताह ऑडिशन एवं कला प्रदर्शन का आयोजन हो रहा है। ऑडिशन के लिए कोई एंट्री फीस नहीं है। बच्चों के अंदर छिपी कला को



पहचानने और उन्हें सही दिशा देने के लिए यह मंच तैयार किया गया है। कार्यक्रम में तनिश, शिवानी, वंदना, शांतनु, सनाया, अक्षिता, माहि, वैष्णवी और अदिति ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। निर्णायक मंडल के सुधीर, राजीव, श्रेया ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया। सतेंद्र ने बताया कि इसी तरह हर सप्ताह अलग-अलग क्षेत्रों में बच्चों के नृत्य, गायन और कला प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 अक्टूबर से मोहल्ला स्तर पर मंच बनेगा। टॉप 20 बच्चे छिबरामऊ महोत्सव मंच पर परफॉर्मेंस देंगे।

# किसानों की परेशानियों का समाधान जरूरीः ठा. धीरेंद्र सोलंकी

- हलधर किसान यूनियन की समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम खुबरियापुर रोड पर अखिल भारतीय हलधर किसान यूनियन की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र सिंह सोलंकी ने किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निदान करना होगा।

उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की परेशानियों को हल नहीं किया जाएगा, तब तक संगठन के प्रति लोगों का जुड़ाव नहीं बढ़ेगा। विशेष रूप से खाद की किल्लत जैसी



समस्याओं को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सोलंकी ने जोर देकर कहा कि किसानों का विश्वास जीतने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है। तभी संगठन की ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कन्नौज जिलाध्यक्ष को निर्देश दिया कि समीक्षा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को छोड़कर शेष पूरी कार्यकारिणी भंग की जाए। इस पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने 15 दिन में नई कार्यकारिणी के गठन का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय सचिव विपिन द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान में किसान आंदोलन को नई दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहें। उन्होंने खाद, बीज और सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि फसल चक्र बाधित न हो। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि कन्नौज जिले में किसानों को सबसे अधिक परेशानी नकली बीज और बिजली कटौती से हो रही है। उन्होंने संगठन के सदस्यों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं और अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। बैठक में संगठन की भावी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें आगामी चुनावों में किसान मुद्दों को प्रमुखता देने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मंगल सिंह, कानपुर मंडल सचिव डॉ. संदीप सिंह, जिला मंत्री एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज राठौर, जिला सचिव पिंकू मिश्रा, अमन कुमार, सर्वेश कुमार, तहसील अध्यक्ष घनश्याम कश्यप, सत्यभान, रामरतन, हाकिम सिंह, आनंद गुप्ता, अक्कू तिवारी, सार्थक दुबे व पंकज पाल सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग, किशोर की तलाश जारी

- डीआईजी और मंत्री पहुंचे गांव, मां को दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव देवी पुरवा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पुलिस कार्रवाई के दौरान एक किशोर नदी में कूद गया। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका है।

गोताखोरों के साथ एसडीआरएफ की टीम और ड्रोन की मदद से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार देवीपुरवा निवासी किशनपाल ने करीब छह



महीने पहले ग्राम नौरंगपुर की एक युवती को अपने साथ ले गया था। इस मामले में किशनपाल पर अपहरण का मुकदमा दर्ज है। रविवार को नौरंगपुर चौकी पुलिस किशनपाल की तलाश में गांव पहुंची। पुलिस को देखकर किशनपाल का छोटा भाई धर्मवीर घबरा गया और पास की नदी में कूद गया। सूचना मिलने पर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम और ड्रोन से भी नदी में खोजबीन की गई, परंतु 24 घंटे बीतने के बावजूद कोई सुराग हाथ नहीं लग सका। जानकारी मिलने पर डीआईजी कानपुर रेंज हरीश चंदर और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित मां अमरवती से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और ढांढस बंधाया।

डीआईजी हरीश चंदर ने एसपी विनोद कुमार को निर्देश दिए कि नदी किनारे के सभी गांवों में पुलिस बल तैनात कर सघन तलाशी अभियान चलाया जाए। घटना के बाद से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से किशोर को जल्द से जल्द तलाशने की मांग की है।

### परिजनों को मंत्री ने दिया आश्वासन

जलालाबाद। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि किशोर को ढूंढने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास, 5 बीघा जमीन का पट्टा, दोनों बच्चों को बाल सेवा योजना के तहत 2500 प्रति माह और मां को पेंशन देने का आश्वासन दिया।

### कोतवाल समेत तीन पर हो चुकी है निलबंन की कार्रवाई

जलालाबाद। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी विनोद कुमार ने लापरवाही पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, नौरंगपुर चौकी प्रभारी हरीश कुमार और आरक्षी प्रवीण कुमार को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। और गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी की कमान कपिल दुबे को सौंपी गई है।

# विशालकाय अजगर देख हड़कंप सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

- ग्रामीणों ने डायल 112 को दी सूचना, मौके पर पहुँचकर सर्पमित्र से कराया रेस्क्यू

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुगरापुर क्षेत्र के मल्लाहनपुरवा गांव के समीप काली नदी के पास स्थित धान के खेत में विशाल अजगर दिखाई देने से किसानों में हड़कंप मच गया।

खेत में काम कर रहे किसानों ने जब यह विशालकाय अजगर देखा तो तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा और सर्प मित्र रवि यादव को इसकी जानकारी दी। सर्प मित्र ने



तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे पास के जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजगर की लंबाई लगभग 12 से 14 फीट और वजन करीब 60 से 70 किलोग्राम के बीच बताया जा रहा है। अजगर के इस तरह खेत में दिखाई देने से ग्रामीणों में काफी दहशत फैल गई थी, लेकिन सर्प मित्र की सूझबूझ से लोगों ने राहत की सांस ली।

## अवैध पटाखे, विस्फोटक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध पटाखे, विस्फोटक पदार्थ एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध पटाखे, विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना पर उपनिरीक्षक सुरेश कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक रावेन्द्र सिंह ने हेड कांस्टेबल सुखवीर सिहं और सुनील कुमार के साथ मंडी चौकी क्षेत्र से ग्राम खल्लारूप मंगदपुर निवासी अतुल अग्निहोत्री पुत्र मनोज कुमार को अवैध 79 पैकेट सुरसुरिया, 7 पैकेट चकरी, एक पैकेट रॉकेट, 10 पैकेट बम्ब गोला, चार पीस 12 स्टार ग्रीन, दो बण्डल चटाई, दो बंडल मिक्की माउस, 4 पैकेट सीता-गीता और दो डिब्बा सांप की टिक्की के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस की सक्रियता से पिता को मिला लापता पुत्र

**माधौगढ़, जालौन समृद्धि न्यूज।**

माधौगढ़ थाना क्षेत्र में एक पिता अपने लापता पुत्र की तलाश में भटक रहा था, लेकिन पुलिस की तत्परता ने उसका दुख दूर कर दिया। माधौगढ़ नगर निवासी चेतराम का पुत्र अवधेश अपनी पत्नी से हुए विवाद के बाद बिना किसी को बताए घर से निकल गया था। काफी खोजबीन के बावजूद जब पुत्र का कोई पता नहीं चला तो व्यथित पिता चेतराम नम आंखों से सभासद अरविंद सिंह सेंगर के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अवधेश पत्नी से झगड़कर घर से चला गया है और कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाए, इस डर से वे उसकी लोकेशन पता करने की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी विकेश बाबू, एसएसआई तथा कांस्टेबल जितेंद्र ने सक्रियता दिखाते हुए खोजबीन शुरू की। तकनीकी सर्विलांस और संपर्क सूत्रों की मदद से पुलिस ने अवधेश का पता मध्य प्रदेश के उमरी क्षेत्र में लगाया और उसे सकुशल बरामद कर पिता को सौंप दिया। अपने पुत्र को देखकर चेतराम की आंखें खुशी से नम हो उठीं। उन्होंने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि यदि पुलिस ने समय रहते मदद न की होती तो कोई अनहोनी हो सकती थी।

# कोंच में डीएम ने खाद केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

- जुझारपुरा सोसाइटी में किसानों से रूबरू हुए जिलाधिकारी
- अधिक से अधिक किसानों को सोसाइटी का सदस्य बनने की अपील की

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**

कोंच नगर की जुझारपुरा सोसायटी व क्रय विक्रय का सोमवार को जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सोसायटी में खाद वितरण, स्टॉक रजिस्टर, खाद के उठान व वितरण प्रणाली की बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने सोसायटी कर्मचारियों से किसानों को समय पर खाद उपलब्ध



कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि किसी भी किसान को परेशानी नहीं होनी चाहिए और वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर और बिक्री रजिस्टर में दर्ज आंकड़ों का मिलान किया और किसानों से सीधे बात कर जानकारी ली कि उन्हें समय पर खाद मिल रही है या नहीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि कार्यों के लिए खाद की उपलब्धता किसानों की प्राथमिक आवश्यकता है, इसलिए सभी सोसायटी समय पर वितरण सुनिश्चित करें। साथ ही कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिकायत आने पर तुरंत समाधान करें और स्टॉक विवरण नियमित रूप से अपडेट रखें। जिलाधिकारी ने किसानों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी हर समस्या पर नजर रखे हुए है और सरकार किसानों को आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है साथ ही किसानों से खाद के बारे में जानकारी ली जिससे किसान सन्तुष्ट देखे जिलाधिकारी राजेश पांडेय ने सोसाइटी सचिव प्रियंक पाण्डेय को खाद वितरण में किसानों को अधिक से अधिक सदस्य बनने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ज्योति सिंह, सचिव प्रियंक पाण्डेय, विनोद कुमार, राजकुमार शर्मा आंकिक, राजेश शुक्ला, महेंद्र झा, रामअनुग्रह, विमल कुमार याज्ञिक कर्मचारी मौजूद रहे किसानों ने अरविंद कुशवाहा लोना, पिंटू भदारी, रामकुमार लोना, राजकुमार पनयारा, आदि लोग मौजूद रहे।

## सिया रानी की जय के भजनों पर भावविभोर हुए श्रद्धालु



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के मिरगांवा श्री ग्रामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिन जैसे ही व्यास पीठ से पूज्या कनक पांडेय ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का दिव्य प्रसंग सुनाया, श्रद्धालुओं की आंखें नम और मन भावविभोर हो उठा। अब बिलंब केहि कारण कीजै, महाराज को तिलक करीजै卐 की चौपाई के साथ जैसे ही श्रीराम सिंहासन पर विराजमान हुए, पूरा परिसर जयघोषों से गूंज उठा। मंचित राज्याभिषेक प्रसंग में जब महर्षि वशिष्ठ ने प्रभु का तिलक कर राजतिलक संपन्न कराया, वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। स्वर्ण जटित रत्न सिंहासन पर विराजमान सीता–राम के स्वरूप ने श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। मातृशक्ति ने मंगल गीतों के साथ आरती उतारी, वहीं उपस्थित भक्तों ने पुष्पवर्षा और भक्ति नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाएं अर्पित कीं। भजन सिया रानी की जय, महारानी की जय जब पूज्या कनक पांडेय की स्वर लहरियों में गूंजा, तो श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे।

### हवन- पूजन के बाद विशाल भंडारा आज

**जलालाबाद।** आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार को हवन– पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं से समय से पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

## शराब की दुकान से नगदी सहित शराब की पेटियां चोरी

**माधौगढ़,जालौन।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिहारी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए नगदी के साथ देशी एवं बियर शराब की कई पेटियाँ चोरी कर लीं। यह वारदात सोमवार की सुबह तब सामने आई, जब दुकान का सेल्समैन रोज की तरह दुकान खोलने पहुंचा। जहां दुकान का ताला टूटा देखकर सेल्समैन के होश उड़ गए। उसने तुरंत दुकान मालिक समर्थ सिंह राजावत निवासी हरौली को सूचना दी। सूचना पाकर समर्थ सिंह मौके पर पहुंचे तो पाया कि दुकान के भीतर का सारा सामान बिखरा पड़ा है, और नगदी सहित कई पेटियाँ शराब की गायब हैं। बताया गया है कि दुकान ज्योति सिंह के नाम से संचालित होती है। चोरी की सूचना मिलते ही संचालक ने माधौगढ़ पुलिस को जानकारी दी।

# खाद्य विभाग ने तीन चर्चित दुकानों में छापेमारी कर भरे सैम्पल

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

त्योहार पर खाद्य पदार्थो में मिलावट न हो इसको लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभागीय अधिकारियों ने तहसीलदार की अगुआई में तीन चर्चित दुकानों सहित कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर नमूने लिए गये है। खाद्य पदार्थो में मिलावट किसी से छिपी नहीं है जिससे लोगो के स्वास्थ्य भी खराब होते हैं हालाकि मिलावट व अखाद्य पदार्थो पर नियन्त्रण के लिए शासन ने खाद्य सुरक्षा विभाग को जिम्मेदारी दी है जो समय समय पर छापेमारी कर नमूने लेकर प्रयोगशाला मे जांच कराता है और मिलावट पाए जाने पर सजा और जुर्माने का भी प्रावधान है लेकिन अधिक मुनाफा के



चक्कर में दुकानदार और निर्माता मिलावट करने से नही चूकते और खाद्य पदार्थो में मिलावट का कारोबार त्योहारी मौसम में और वढ जाता है और इसी के चलते सोमवार को तहसीलदार अभिनव तिवारी की अगुआई में खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहीत अधिकारी जतिन कुमार सिंह ने विभागीय टीम के साथ नगर के मुहल्ला रामगंज स्थित कामधेनू डेयरी में छापामार और वहा से पनीर, दूध और घी का नमूना लिया है तो गवद्दे हलुआ की दुकान के अलावा चर्चित मुन्ना फुल पावर के होटल पर छापेमारी की और नमूने लिए है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार अन्य दुकानों पर भी विभागीय टीम द्वारा दस्तक दी गई पर सूचना हो जाने से बड़ी संख्या में दुकानें बन्द हो गयी थी।

## दो बाइकों की भिड़ंत में घायल मां-बेटे की मौत

**जालौन,उरई।** उरई-जालौन मार्ग कामांक्षी देवी मंदिर के पास तेज रफ्तार बाईक ने दूसरी बाईक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण मां बेटा घायल हो गये हैं। इलाज के दौरान मां बेटे की मौत हो गयी। मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना गोहन के ग्राम सरावन निवासी सोनू ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई मनोज 40 वर्ष मां धनवंती 62 वर्ष को लेकर 8 सितम्बर को बाईक से जा रहा था। उरई जालौन मार्ग पर कामांक्षी देवी पहाड़पुरा मंदिर के पास गलत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाईक ने टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार मां व भाई घायल हो गये।

# जूते-चप्पल की दुकान से पटाखों का जखीरा बरामद

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली का त्यौहार आने वाला है और अधिक मुनाफा खोरी के कारण व्यापारी लोग अवैध रूप से पटाकों का भंडारण करने में लगे हुए हैं अगर कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया जाता है जबकि दुकानदारों द्वारा मुनाफाखोरी के चलते यह कृत्य चोरी छुपे किया जाता है। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की मोहल्ला मालवीय नगर बजरिया बाजार में एक दुकान में अवैध रूप से पटाकों का भंडारण भारी मात्रा में किया गया है जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए तत्काल ही मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गई और दुकान को खुलवाकर जब उसकी तलाशी ली तो जूता चप्पल की दुकान



में भारी मात्रा में देशी निर्मित पटाखों का जखीरा बरामद हुआ। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालवीय नगर स्थित दुकान सुनील अग्रवाल उर्फ कुले जूते चप्पल की दुकान के लिए किराए पर लिए हुए हैं लेकिन दिन सोमवार को जब सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जब उन्होंने दुकान खुलवाकर उसकी तलाशी ली तो वहां से 5 बोरियों और 5 गत्तों में भरे देशी पटाखे बरामद हुए पूंछ तांछ में पता चला कि उक्त पटाके किसी लाइसेंस धारी के नहीं थे और न ही किसी व्यक्ति द्वारा भंडारण की अनुमति ली थी जिस पर पुलिस ने पटाकों को अपने कब्जे में ले लिया और मौके से मिले प्रिंस अग्रवाल को हिरासत में लेकर पूंछ तांछ शुरू कर दी है उक्त के सम्बन्ध में सीओ का कहना है कि बिना लाइसेंस के पटाकों का भंडारण विस्फोटक अधिनियम का उल्लंघन है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत से मचा कोहराम

▸ घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार, पुलिस कर रही तलाश

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पिता-पुत्र की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आरोपित वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे है। वहीं पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव बिछौली पिलखना निवासी कमलेश कुमार मिश्रा उम्र 70 वर्षीय जो कि सुभाष इण्टर कालेज कन्नौज से प्रधान लिपिक के पद से सेवानिवृत्त थे, वह सोमवार को अपने पुत्र आलोक कुमार मिश्रा के साथ लेकर अपनी टी.वी.एस. बाइक संख्या यू0पी076एवी2339 द्वारा कायमगंज बैंक से रुपये निकालकर कोल्ड स्टोरेज से आलू खरीदने निकले थे। जब वह लुधैया पावर हाउस कोतवाली कायमगंज के निकट पहुँचे, तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने पर पिता-पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गये और सड़क पर गिर पड़े। इस घटना में मोटर साइकिल चकनाचूर हो गयी। आसपास के लोगों की मदद से



मृतक पिता पुत्र के फाइल फोटो

कमलेश व उनके पुत्र आलोक को 108 एम्बुलेन्स के ई.एमटी सौरभ, पायलट दिनेश कायमगंज सामुदयिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये।

जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र बहादुर ने पिता पुत्र दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाते ही क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खाँ, हल्का इन्चार्ज जगदीश वर्मा, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेविल विनीत कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार ने जाँच पड़ताल कर मृतक कमलेश व आलोक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पाते ही



पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

मृतक कमलेश की पत्नी रामधारा, छोटा वेटा नितिन व चार बहनें सहित मृतक आलोक की पत्नी अनुपम सहित तीन बच्चे बेटा 13 वर्ष का शौर्य, बेटी जुड़वा देवांशी, दिव्यांशी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक दो भाईयों में बड़ा था। वहीं पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।

# एमएलसी चुनाव के लिए प्रशासन ने कसी कमर

▸ वोट बढ़ाने के लिए भेजे प्रपत्र
▸ मतदाता बनने के लिए प्रपत्र भरने हेतु विकास खंड कार्यालय से करें प्राप्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

स्नातक चुनाव के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। स्नातक पास अभ्यर्थियों के लिए विकास खंड कार्यालय पर वोट बढ़ाने के लिए प्रपत्र भेज दिये गये हैं।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर प्रदेश में होने वाले स्नातक चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने कमर कस ली है।

जिसके लिए विकास खंड कार्यालय पर स्नातक पास अभ्यार्थियों के वोट बढ़ाने के लिए प्रपत्र भेजे गए। स्नातक पास अभ्यर्थी विकास खंड कार्यालय से अपना वोट बढ़ाने के लिए प्रपत्र प्राप्त करें और वोट बढ़ाएं। जिससे कि एमएलसी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग मतदाता के रूप में स्नातक पास अभ्यर्थी कर सकें। यह जानकारी विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि जो भी स्नातक पास अभ्यर्थी हैं वह अपना मतदाता बनने के लिए प्रपत्र भरने के लिए विकास खंड कार्यालय से प्रपत्र प्राप्त करें।

# दिल्ली से प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को पीटा



घायल प्रेमी अरमान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव निजामुद्दीनपुर निवासी अरमान उम्र 20 वर्षीय पुत्र मदकूज को घायल अवस्था में पुलिस मेडीकल परीक्षण कराने लाई। जहाँ उसने बताया की उसका पड़ोसन एक बीकॉम की छात्रा से प्रेम पसंग होने पर लगभग 15 दिन पूर्व वह छात्रा को लेकर दिल्ली चला गया था। छात्रा के परिजनों को जानकारी होने पर परिजन अपनी बेटी को दिल्ली से घर बुला लाए।
जबकि वह दिल्ली में रहकर काम करने लगा। उसके बाद बीती रात वह रोडवेज बस से अपने गांव आया और अपनी प्रेमिका के घर गया। खटपट की आवाज सुनकर प्रेमिका के परिजन आ गये और मुझे देखकर आगबगूला हो गये। उसके बाद प्रेमिका के परिजनों ने मेरे दोनों हाथ बांधकर जमकर पिटाई की और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वही लोगों ने बताया की प्रेमिका की शादी तय हो चुकी है। मात्र एक महीना शादी होने में शेष बचा है। प्रेमिका के परिजनो ने काफी समझाया, लेकिन आज वह दिल्ली से आकर प्रेमिका से मिलने पहुंचा, तभी परिजनों ने उसकी पिटाई की। बेटी का रिश्ता न टूटे, इसलिए लड़की पक्ष खामोश है।

# घरेलू कलह से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भूसामंडी में घरेलू कलह से क्षुब्ध एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवक की पत्नी पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान 31 वर्षीय आसिफ अली पुत्र इशरत अली के रूप में हुई है। आसिफ फतेहगढ़ में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। करीब सात साल पहले उसका निकाह भोलेपुर मस्जिद वाली गली निवासी आमना से हुआ था। उनके दो



मृतक का फाइल फोटो

बेटे मुस्तफा और अहसान हैं। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही आसिफ की पत्नी आमना अक्सर विवाद और झगड़ा करती थी। जिससे आसिफ काफी परेशान रहता था। सोमवार सुबह भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस

हुई। इसके बाद आमना दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई। कुछ देर बाद जब पिता इशरत अली ने बेटे को खाने के लिए आवाज दी, तो कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में झांकने पर उन्होंने देखा कि आसिफ पंखे के कुंडे से फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पिता इशरत अली ने अपनी बहू पर आरोप लगाया है कि उसके अत्याचारों और झगड़ों से तंग आकर ही उनके बेटे ने यह कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार कार से टकराकर बाइक सवार दंपति घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।
जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी राजीव कठेरिया पुत्र श्याम बाबू कठेरिया अपनी पत्नी के साथ कमालगंज नगर से फतेहगढ़ की तरफ जा रहे थे, तभी हुसैनगंज गुमटी के नजदीक फर्रुखाबाद की तरफ से आ रही कार के चालक द्वारा अचानक ही ब्रेक मारकर यूटर्न करने से कार की चपेट में आने से राजीव एवं उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत ही 108 एंबुलेंस को फोन किया एवं परिजनों को जानकारी दी। एंबुलेंस द्वारा घायलों को कमालगंज सीएचसी लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान घायलों के परिजनों द्वारा दोनों को प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती करवाया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

# प्रशिक्षण में लेटलतीफ आने वाली कार्यकत्रियों को फटकार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीडीपीओ ने पोषण भी पढ़ाई भी, के तहत प्रशिक्षण दिया। वहीं देर से आने वाली कार्यकत्रियों को फटकार लगायी।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के विकास खंड कार्यालय सभागार परिसर में सोमवार को सीडीपीओ मोहम्मदाबाद विमलेश चौधरी ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना पोषण भी पढ़ाई भी, के तहत क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के समय से



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद कार्यकत्रियां

▸ पोषण व पढ़ाई के तहत दिया गया प्रशिक्षण

न पहुंचने पर सीडीपीओ तथा मुख्य सेविका ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को फटकार लगायी। उन्होंने बताया की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना को फॉलो करें अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिसमें सरकारी योजना पोषण भी पढ़ाई भी, के तहत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सीडीपीओ मोहम्मदाबाद विमलेश चौधरी तथा मुख्य सेविका रजनी वर्मा, अंजिता कुमारी, कुणाल मिश्रा सहित विकास खंड क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# एक दिन के लिए एसडीएम बनीं छात्रायें रिचा यादव व तनु अग्निहोत्री

▸ ग्रामीणों की समस्यायें सुनकर किया समाधान

**कायमगंज/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

रामसिंह इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा रिचा यादव सोमवार को एक दिन के लिए उपजिलाधिकारी बनी। तहसील परिसर में रिचा ने न सिर्फ एसडीएम की कुर्सी संभाली, बल्कि फरियादियों की समस्याएं भी सुनीं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। रिचा यादव ने बताया कि उसका सपना आईएएस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना है। उसने कहा कि एक दिन की एसडीएम बनकर उसे यह अनुभव हुआ कि प्रशासनिक सेवा में कितनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की जरूरत होती है। जब रिचा को पता चला कि एसडीएम अतुल कुमार सिंह वर्ष 2021 बैच के पीसीएस टॉपर हैं, तो उसकी खुशी दोगुनी हो गई। इस पर एसडीएम ने रिचा को सिविल सेवा की तैयारी के लिए कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए और उसे सफलता के लिए प्रेरित किया। एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को अपने लक्ष्य



एक दिन के लिए एसडीएम बनी छात्राएं रिचा यादव तनु अग्निहोत्री

के प्रति समर्पित रहना चाहिए। रिचा जैसी मेधावी छात्राएं प्रशासनिक सेवा में जाएंगी तो समाज को दिशा मिलेगी। इस दौरान तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर मौजूद रहे।

**वहीं दूसरी ओर** एक दिन के लिए एसडीएम बनी छात्रा तनु अग्निहोत्री लोगों की शिकायतें सुनीं और अपनी योग्यता का प्रदर्शन करते हुए कई समस्याओं का समाधान किया। बताते चलें कि मिशन शक्ति फेस 5.0 सरकार की इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को प्रेरित करना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। इसके तहत चयनित छात्रा को एक दिन के लिए प्रशासनिक कुर्सी पर बैठाकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया जाता है, ताकि यह अनुभव उनके लिए प्रेरणा का स्रोत बन सके। इस प्रकार की पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा हो रहा है।

जिससे उनके भविष्य को स्वर्णिम बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश का नारा भी गूंजा और कार्यालय में सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू अखण्ड प्रदेश ने भ्रष्ट अधिकारियों के लिए किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ



बुद्धि शुद्धि हवन करते भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में किसानों की समस्याओं को लेकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर दुर्गा पूजन किया गया। किसान यूनियन के नेताओं ने विभागों में भ्रष्ट अधिकारियों के लिए बुद्धि-शुद्धि यज्ञ कर आहूतियां दी। मां दुर्गा से प्रार्थना की कि पूर्व में दिये गये ज्ञापन पर विचार किया जाये और ऐसे अधिकारियों की बुद्धि शुद्ध हो। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि किसानों की समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार बबलू दीक्षित, राष्ट्रीय सचिव अवधेश सोमवंशी, प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी, जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक, छविनाथ उर्फ छन्नू प्रधान, पूनम राठौर, उमाशंकर मिश्रा, शिवस्वरुप बच्चा स्वामी, सुनील गिहार आदि लोग मौजूद रहे।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आतिशबाजी के जखीरे के साथ तीन गिरफ्तार

**कम्पिल/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने घर व दुकान में भरी आतिशबाजी को पकड़ लिया। पुलिस ने छापेमारी कर लाखों रुपए की आतिशबाजी को जब्त कर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

रविवार देर रात मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने नगर के मोहल्ला कहारन टोला निवासी आदेश कुमार के घर आतिशबाजी भंडारण की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस ने आदेश के घर से भारी मात्रा में आतिशबाजी बरामद कर ली। पुलिस आदेश को थाने ले गई। इसके बाद सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने पुलिस बल के साथ मोहल्ला बारह पत्थर निवासी सुनील कुमार की कम्पिल कायमगंज मार्ग स्थित दुकानों पर छापेमारी की।

पुलिस को दुकान से भारी मात्रा में लाखों रुपए की आतिशबाजी मिली। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने दोनों युवकों की आतिशबाजी को लोडर के माध्यम से थाने भेज दिया। पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। सोमवार सुबह दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों का चालान कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



थाना कम्पिल व नवाबगंज में पकड़ी गयी आतिशबाजी व आरोपी

**वहीं थाना नवाबगंज** की पुलिस ने रविंद्र कुमार पुत्र जगदीशचंद्र निवासी बरतल वाली गली के पास मेन मार्केट गांधी नगर व थाना नवाबगंज के कब्जे से आठ कार्टून आतिशबाजी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 260/25 धारा- 05/9बी(1)(बी) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# अमृतपुर में महेंद्र प्रताप ने दिलाई कृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण की शपथ

▸ बोले कट्टरपंथियों की धमकियों से नहीं डरेंगे, जल्द बनेगा मंदिर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मुकदमा के हिंदू पक्षकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने फर्रुखाबाद जिले के अमृतपुर गांव में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण कराए जाने की ग्रामीणों को शपथ ग्रहण कराई। वह अमृतपुर में चल रही रामलीला के ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। यहां ग्रामीणों ने भी उनकी मांग का हाथ उठकर समर्थन करते श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भ गृह स्थल पर मंदिर निर्माण के संघर्ष में सहयोग करने का संकल्प लिया।

श्री आदर्श रामलीला कमेटी अमृतपुर के तत्वावधान में चल रही रामलीला में महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट और शिवशरण अवस्थी (श्यामानंद महाराज) रामलीला में बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अथिति शामिल हुए थे। न्यास के अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल आस्था का नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न है। जो लोग धमकियाँ दे रहे हैं पर हम डरने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कृष्ण की नगरी में अब अन्याय और अधर्म नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने रामलीला में मौजूद सैकड़ों दर्शकों को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मभूमि मंदिर मुगल आक्रांताओं द्वारा तोड़े जाने का



लोगों को संबोधित करते महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट

भी इतिहास विस्तार से बताया। साथ हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर मंदिर निर्माण की शपथ ली। इस मौके पर चारों दिशाओं में जय श्रीकृष्ण का एक साथ जयघोष गूंज उठा। न्यास के अध्यक्ष ने मंच से नारा दिया कि आ गए है अवध बिहारी और अब आयेंगे कृष्ण मुरारी। इस नारे के साथ ही कार्यक्रम स्थल महेंद्र प्रताप तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ के नारे से गुंजायमान हो गया। अध्यक्ष ने कहा कट्टरपंथियों की धमकियों से हम डरने वाले नहीं है हमने भी कह दिया है कि अब याचना नहीं रण होगा। ग्रामीणों ने करतल ध्वनि से महेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत किया। अध्यक्ष ने जनता से अपील की कि मंदिर निर्माण आंदोलन को शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाएं। हमारा लक्ष्य एक है और वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि का गौरव पुनः स्थापित करना और सनातन को मजबूत करना है। उन्होंने सनातनियों को एकजुट होने का संदेश भी दिया। इस अवसर पर मुख्य मेला प्रबंधक राजेश पाठक, सुनील अवस्थी, जितेंद्र अवस्थी, प्रिंस चौहान, गोपाल सक्सेना, अनूप अवस्थी, प्रशांत अवस्थी, अशोक यादव फौजी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# बालिकाओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरुक करते हुए दिखायी गयी फिल्म

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली कायमगंज में एनके एकेडमी पब्लिक स्कूल में अपराध निरीक्षक मोहम्मद कामिल खाँ व मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत लघु फिल्म दिखाई गई तथा बालिकाओं को सशक्त और जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर,102 गर्भवती



लघु फिल्म देखते बच्चे

महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया गया।

# ग्राम ककिउली में कागजों में चल रहा काम, सरकारी धन की हो रही है लूट

**▸ पंचायत घर में ताला लगा रहने से ग्रामीण परेशान**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

लाखों खर्च के बाद भी पंचायत घर में ताला लगा रहता है, जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत ककिउली में पंचायत घर लगातार बंद रहता है, जबकि विकासखंड कार्यालय पर कार्य करने के लिए अधिकारी सक्रिय रहते हैं। लगातार बैठकें बुलाई जाती है। पंचायत सहायकों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं।

जिसमें सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं आदि की जानकारी दी जाती है। बैठक में पंचायत सहायकों को निर्देशित किया जाता है कि पंचायत भवन में बैठकर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। जिससे कि ग्रामीण आए दिन विकास खंड कार्यालय तथा अन्य कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े। जिसके लिए हर ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक की तैनाती की गई है। पंचायत सहायकों को 6 हजार रुपये प्रति माह मानदेय भी दिया जाता है और ग्राम पंचायत के निधि से काट दिया जाता है, जिससे ग्रामीणों को सहूलियत मिले और पंचायत सहायक अपने कार्यालय में बैठकर कार्य करें। ग्रामीण क्षेत्र की जनता को हर समय अपने घरेलू अभिलेखों के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े और उनका कार्य पंचायत भवन में ही निपट जाए। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सहायक पंचायत भवन में ही नहीं बैठेंगे तो ग्रामीणों को विकासखंड कार्यालय तथा अन्य सरकारी कार्यालय के चक्कर तो काटना ही पड़ेगा। इस संदर्भ में जिम्मेदार अधिकारी से इसकी जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की पंचायत सहायक कार्यालय पर बैठते हैं, लेकिन रोजाना नहीं बैठते हैं। वहीं पंचायत सहायक न होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



पंचायत घर में लटकता ताला

# मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज में शिक्षा निदेशक लखनऊ के आदेशानुसार बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों की ख्याति प्राप्त स्थानीय महिलाओं को विद्यालय में जागरुक करते हुए जानकारियां दी गई। बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम आदि कानूनों की जानकारी दी गई। बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्वेता दुबे ने नारी शक्ति पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्र आदि लोगों ने विचार रखे। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। संचालन संदीप कुमार ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में महिलाओं को जानकारी दी गई।


श्वेता दुबे को सम्मानित करते डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी

# महिलाओं व युवतियों ने गरबा डांडिया नृत्य कर मचाई धूम


डांडिया गरबा नृत्य में भाग लेती युवतियां व महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा जन कल्याण विकास समिति द्वारा 6वीं बार आयोजित डांडिया गरबा नवरात्रि महारास का आयोजन एक गेस्ट हाउस में किया गया। मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर संस्था सचिव राधा, मूलचंद्र बाथम, अमिता शाक्य, भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर, गायक शिवानी सिंह, शिवम् गुप्ता, कन्हैया लाल जैन एवं आयोजक संजीव बाथम ने कार्यक्रम की शुरुआत की। लखनऊ से विशेष आमंत्रण पर आई शिवानी सिंह ने देवी भजनों के साथ गरबा कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक मोंटी गुप्ता ने गरबा गानों पर धूम मचाई। भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर ने सभी महिलाओं के बीच गरबा नृत्य कर सभी को आकर्षित किया। कोरियोग्राफर पुष्पा नागर ने डांडिया गरबा नृत्य की बारीकियों और खूबियों को बताकर नृत्य से समां बांध दिया। नौ देवी के स्वरूप में छोटी छोटी कन्याएं स्टेज पर उपस्थित होकर सभी के आकर्षण का केंद्र रही। सभी मंत्रमुग्ध होकर उनके दर्शन को आतुर दिखे। नौ देवी स्वरूप को रश्मि सक्सेना एवं अमिता शाक्य ने उपहार देकर सम्मानित किया।

अध्यापिका संजू कुमारी एवं निर्दोष शुक्ला, आशीष कुमार, जितेंद्र राठौर ने सभी आए हुए अतिथियों, प्रतिभागियों के आधार कार्ड देखकर ही प्रवेश दिया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं आमंत्रित अतिथियों को ही प्रवेश दिया गया। आचार्य गगन त्रिवेदी ने सभी को तिलक लगाकर एवं कलावा बांधकर स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस मौके पर रूपेश गुप्ता, जितेंद्र सिंह राजावत, विमलेश मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अंकित तिवारी, सचिन दुबे, विजय शाक्य, लकी गुप्ता, क्षितिज मोहन कटियार, ऋचा कश्यप, मेघा मिश्रा, खुशी शुक्ला, वैष्णवी बाजपेई, पूनम जैन, रोमी श्रीवास्तव, शालिनी कश्यप की उपस्थिति रही।

# हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से सीख लेनी चाहिए: डीएम

**▸ मिशन शक्ति के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन**



बैठक में मौजूद डीएम व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विषय पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, एडिशनल एसपी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र, अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी आदि उपस्थिति रहे। डीएम ने बताया कि सभी माताएं बहने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, जिससे कि बच्चे अपनी और दूसरों की माता एवं बहनों की इज्जत कर सके। हमे अपने सांस्कृतिक धरोहर से सीख लेनी चाहिए।

एडिशनल एसपी ने बताया कि आज के साइबर फ्रॉड युग में बच्चियां एवं महिलाएं फेसबुक पर अपनी फोटो ना लगाए, जिससे कि कोई उनकी फोटो का दुरुपयोग ना कर सके। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि यह एक्ट इसलिए बनाया गया है कि कोई कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न न कर सके और उन्होंने भैरवी देवी केस के बारे में भी बताया कि कैसे विशाखा समिति बनाई गई। जिला अभियोजन अधिकारी ने बताया कि विशाखा समिति एवं कार्यस्थल पर लैंगिक अपराध रोकथाम अधिनियम द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न रोका जा सकता है। इस मौके पर कुमुदिनी रमन, निर्मला राजपूत व जेंडर स्पेशलिस्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम व समस्त विभागों की महिला कार्मिक उपस्थित रही।

# मेले में स्वदेशी उत्पादों को खरीदने का किया आवाह्न


स्वदेशी मेले में खरीददारी करते जिलाध्यक्ष व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं कमालगंज ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत प्रतिनिधि सील चंद्र राजपूत पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने स्वदेशी उत्पादकों को खरीदने का आवाह्न किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए जिसमें भारतीय उत्पादकों को खरीदने के लिए नाटक कार्यक्रम किए गए। फतेहचंद वर्मा ने बताया 2014 में केंद्रे में बीजेपी सरकार बनने के बाद देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मजदूर एवं कामगार लोगों के द्वारा निर्मित किया जा रहे उत्पादकों का उपयोग करने का आवाह्न किया था, विदेशी उत्पादकों को बहिष्कार करते हुए भारत के ही निर्मित उत्पादकों को खरीदने एवं बेचने का कार्य किया जाए तो इससे भारत की प्रगति संभव है। स्वदेशी रोजगार मेला लगाने का मुख्य उद्देश्य है कि स्वदेशी उत्पादकों को खरीदने के लिए प्रेरित करना है। 18 अक्टूबर तक यह मेला आयोजित होगा। कमालगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सील चंद्र राजपूत ने कहा 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी उत्पादकों को खरीदने और बेचने का आवाहन करना है। इस अवसर पर डीएस राठौर, सुनील रावत, अमरदीप दीक्षित, सर्वेश कुशवाहा, जय गंगवार, अभिषेक त्रिवेदी, रिशिपाल सिसोदिया, किशन चतुर्वेदी, बबलू राजपूत, अतुल दीक्षित, धर्मेंद्र राजपूत, कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद डीएम व अन्य

## मिशन शक्ति के तहत कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में मिशन शक्ति 5.0 का कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में किया गया। 82 युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल सम्मिलित हुए, साथ में पीआरडी जवान, पुलिस जवान, खिलाड़ी भी सम्मिलित हुए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार गौड़, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्र, जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह, सीओ सिटी, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी जीतू, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, अनुराग, शुभम सिंह उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम प्रसारण को सभी ने देखा।

# मिथलेश अग्रवाल बनीं लाइंस क्लब की अध्यक्ष

**▸ 22 बालिकाओं को साइकिलें की वितरित**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सीपी गेस्ट हाउस में लाइंस क्लब का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। मिथिलेश अग्रवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। लायंस क्लब ने अपना वार्षिक कार्यक्रम समाज सेवा में जो आयोजित किए गए थे, वह पटल पर रखे सर्व संवत से सभी ने उनका स्वागत किया। कायमगंज सीपी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। यह संस्था गरीब एवं समाज के पिछड़े हुए एवं अति दलित के सहयोग एवं समाज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए मशहूर है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने कहा कि मिथलेश अग्रवाल हमारे व्यापार मण्डल की चेयरमैन है। उन्हें दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी। मिथलेश अग्रवाल द्वारा समय-समय पर गरीबों व असहायों की मदद की जाती है। महिलाओं को वितरित कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाता है। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों की 22 बालिकाओं को नई साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। साथ ही सन्नो देवी के पुत्र के इलाज के लिए 96 हजार रुपये की चेक दी गई। इस मौके पर सत्यप्रकाश अग्रवाल, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, नगर पालिका अध्यक्ष शरद गंगवार, संजय गुप्ता, नीरज राठौर, शंभू शरण अग्रवाल, प्रहलाद नारायण अग्रवाल, अखिलेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


मिथलेश अग्रवाल को सम्मानित करते संस्था के लोग

# विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में गूंजे शब्दों के स्वर

**▸ ओम प्रकाश सिंह भदौरिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर हुआ भव्य आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आरोग्य चेतना समिति एवं टीम आलवेज पॉजिटिव के संयुक्त तत्वावधान में ओम प्रकाश सिंह भदौरिया की पांचवीं पुण्यतिथि पर बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह भदौरिया और आनंद भदौरिया रहे। अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. शिव ओम अम्बर ने की। संचालन लखीमपुर के वरिष्ठ हास्य कवि श्रीकांत सिंह ने अपने चुटीले अंदाज़ में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। डॉ. यशपाल सिंह चौहान ने ओम प्रकाश सिंह भदौरिया के जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक आदर्श अध्यापक, लेखक, कवि, योग्य वक्ता, योगगुरु, नेचुरोपैथ, समाजसेवी और लोकतंत्र सेनानी थे, जिनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कवयित्री डॉ. प्रीति पवन तिवारी ने मां बागीश्वरी की वंदना प्रस्तुत कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। डॉ. शिव ओम अम्बर ने कहा लफ़्ज़ों में टंकार बिठाए लहजे में खुद्दारी रख, जीने की ख्वाहिश है तो, मरने की तैयारी रख। उत्तराखंड के युवा कवि विवेक बादल बाजपुरी ने पढ़ा बगावत करने वालों के परों को छांट देंगे हम, बहा करके लहू अपना, धरा को पाट देंगे हम। संचालक श्रीकांत सिंह ने अपनी हास्य रचनाओं और त्वरित टिप्पणियों से श्रोताओं को ठहाकों में डुबो दिया। मैनपुरी से आये गीतकार सुरेश चौहान ने अपनी भावनात्मक प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया। बाराबंकी से आए हास्य कवि संदीप अनुरागी ने कहा नेता की आंखें बदल भी दो हज़ार बार, दिखाई देगी फिर भी सिर्फ़कुर्सी और दरबार। हरदोई से आए कवि राजकुमार सिंह प्रखर ने कहा माटी कुंकुम पानी अमृत, पवन जहां का प्राण है, ऐसा देश हमारा जिसके, कण-कण में भगवान है।

कवि महेश पाल सिंह उपकारी, उत्तराखंड के कवि अशोक अवस्थी, शाहाबाद से आए गीतकार करुणेश दीक्षित, कवयित्री शशि सिंह, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह भदौरिया, रूद्रपुर से पधारे रोहित तिवारी ने काव्य पाठ किया। साथ ही अश्वनी कुमार आर्य (शाहजहांपुर) को शिवराम सिंह स्मृति समाज भूषण सम्मान, सोहन लाल तिवारी (शाहजहांपुर) को तेज प्रताप सिंह स्मृति समाज भूषण सम्मान, कल्याण राम (रूद्रपुर) को ओम प्रकाश सिंह भदौरिया स्मृति समाज भूषण सम्मान, राम औतार शर्मा इंदु को जय राम सिंह स्मृति समाज भूषण सम्मान, बृजेश कुमारी को सुशीला देवी स्मृति समाज भूषण सम्मान, रामपाल सिंह को बिट्टन भदौरिया स्मृति समाज भूषण सम्मान, शिवराम सिंह को बिट्टन देवी स्मृति समाज भूषण सम्मान व सभी कवियों एवं सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरा सभागार कविताओं की गूंज और श्रद्धा के भावों से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में डाक अधीक्षक डी.वी. पाण्डेय, कार्यालय अधीक्षक महेंद्र कुमार, संध्या सिंह, गौरव सिंह, तरुण प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, लक्ष्मी, संतोषी, रचना, सतेंद्र प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह राठौर, वैभव सिंह, शैल मिश्रा, शालू, सारिका चौधरी, संगीता कटियार, रंजना गंगवार, डॉ. बृजेंद्र चौधरी, संजय कटियार, पीयूष गंगवार, वैभव सोमवंशी, अनुजा सोमवंशी, राम धीरज, करुणेश अवस्थी, ऋषि मिश्रा, ऋषभ कटियार, वीरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, उदय प्रताप सिंह, जनार्दन दिवेदी, अंकुश दीक्षित, अनुराग श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, डॉ. राघवेन्द्र, अभिषेक कुमार, हिमांशु यादव, ऋषभ श्रीवास्तव, जसवीर सिंह, गजेंद्र सिंह, अंकित शाक्य सहित आदि उपस्थित रहे।


डॉ. शिवओम अम्बर को सम्मानित करते आनंद भदौरिया

# डीएम ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा कम रैलियों का आयोजन किया गया है, ड्रेनेज क्लीनिंग में में मोहम्मदाबाद व कमालगंज की प्रगति कम पाई गई। अगले सप्ताह तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश, नगर पंचायत कमालगंज में फॉगिंग व क्लीनिंग कम पाई गई। आईसीडीएस में चिन्हित 23 बच्चों में से 11 बच्चों को एनआरसी वार्ड में भर्ती कराया गया है, दस्तक अभियान में ओरिएंटेशन में कायमगंज पीछे पाया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू ने एबीएसए-सीडीपीओ को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम


धरने पर बैठे भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने ग्राम पंचायत कमालुद्दीनपुर में ग्राम के किसानों की शिकायत पर ग्राम में पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय एवं जूनियर विद्यालय को जर्जर दर्शाकर बिल्डिंगों को गिराया जा रहा था और इस विद्यालय के छात्रों को पास के ग्राम कटरी साथरा में मर्ज कर दिया था। जिसको लेकर ग्राम वासियों में एबीएसए के खिलाफ रोष था। जर्जर विद्यालय गिराने व जूनियर विद्यालय के गिराने की तैयारी थी।

जिसको लेकर भाकियू नेताओं ने धरना देकर ब्लाक कार्यालय राजेपुर में प्रदर्शन किया और मांग की कि विद्यालय की आंगनवाड़ी कार्यकत्री के अकाउंट को प्रधान के अकाउंट से नहीं जोड़ा गया और नौनिहालों को दिये जाने वाला खाद्यान्न के वितरण में सीडीपीओ की लापरवाही उजाकर हुई है। स्कूल को अभिलंब चालू किया जाए और इसी ग्राम में दो बार से आंगनबाड़ी के खाता को सीडीपीओ ने ग्राम प्रधान के एक खाते से नहीं जोड़ा है, जिससे कि वहां के ननिहाल बच्चों को आंगनबाड़ी के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा सके। 48 घंटे के अंदर स्कूल सुचारु रुप से शुरु नहीं किये गये तो धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जायेगा। लक्ष्मीशंकर जोशी, अभय यादव ने विचार रखे। अध्यक्षता जीत बहादुर शुक्ला की। संचालन गोपी शाक्य ने किया। इस अवसर पर राजेश गंगवार, कुलदीप अवस्थी, अनीश सिंह सोनू सोमवंशी, टिंकू यादव, पवन जोशी, सतीश कठेरिया, अनुज राजपूत, अजीत सोमवंशी, संजय सिंह, राजू ठाकुर, रतिराम आदि उपस्थित रहे।

# प्राचीन तालाब पर किया जा रहा कब्जा हटवाने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन बलराज के जिलाध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर प्राचीन तालाब पर किया जा रहा अवैध कब्जा हटवाने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम विशुनपुर हासिलपुर उर्फ बहवलपुर में गाटा संख्या 199 में 50 बीघा के राम तालाब पर बहवलपुर निवासी रामवीर कश्यप पुत्र बाबूराम कश्यप एवं उनके परिवार के द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इसमें मछली पालन भी कर रहे हैं। राम तालाब के आसपास प्राचीन मंदिर काली देवी, जखैया महाराज और राम मंदिर के मध्य में राम तालाब बना हुआ है। दूसरी तरफ तालग्राम रोड बहवलपुर में बिना लाइसेंस के खुले में मीट की बिक्री कर रहे हैं। उधर जीटी रोड फूटी मस्जिद के पास विभाग द्वारा गैस पाइपलाइन खुले में डालकर छोड़ दी गई उसको हटाने के लिए कहा गया और वहीं पर नगर पालिका द्वारा अधूरा नाला निर्माण करा कर छोड़ दिया गया जिससे किसानों को आने-जाने में काफी समस्या हो रही है। जल्द से जल्द इन सभी बिंदुओं पर यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन बलराज की तरफ से विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अन्य पिछड़ा वर्ग योजना के लाभार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद स्तरीय ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला के पांचवें दिन क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउड में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की भारी भीड़ उमड़ पड़ी तथा दीपावली से सम्बन्धित सामग्री जैसे दीये, साजसज्जा सामान इत्यादि की खूब खरीदारी की गयी। कार्यक्रम में लगभग 1050 लोगों ने प्रतिभाग किया तथा उपायुक्त उद्योग ने कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/ जनजाति योजनाओं एवं अन्य पिछड़ा वर्ग योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही एक भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के प्रसिद्ध कलाकार शशिकान्त पाण्डेय एवं उनकी टीम ने ब्रज होली एवं नवीन मिश्रा द्वारा लोक कला का संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत संस्कृति कार्यक्रम का उपस्थित समस्त ग्रामीणों एवं महिला मोर्चा द्वारा जमकर नृत्य का लुत्फउठाया गया। साथ ही उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया कि 14 अक्टूबर को स्वदेशी मेले में कृषि सम्बन्धित उत्पाद पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है एवं जनपद के कलाकार सुरेन्द्र पाण्डेय द्वारा 12 बजे से हरिशचन्द्र नाटक का मंचन किया जा रहा है।

जिसमें जनपद के समस्त ब्लाक खण्डों से किसानों एवं व्यापारियों को आमंत्रित किया गया। साथ ही जनपद निवासियों से अनुरोध किया गया कि जनपद स्तरीय मेला में अधिक से अधिक लोगों को प्रतिभाग करें।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार

# दीपावली से पहले आतंकी हमले की साजिश को लेकर बढ़ी सतर्कता

- भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, हर आने-जाने वाले की हो रही सघन जांच

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



दीपावली से पहले संभावित आतंकी हमलों की साजिश के इनपुट के बाद देश भर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

इसी क्रम में, महराजगंज जिले की भारत-नेपाल सीमा पर भी कड़ी चौकसी बरती जा रही है।नेपाल से भारत आने वाले हर व्यक्ति की सघन जांच और तलाशी के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों के दौरान कोई भी आतंकी साजिश सफल न हो। भारत-नेपाल की सबसे संवेदनशील सीमा सोनौली पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यहां सीसीटीवी कैमरों से लगातार नजर रखी जा रही है और डॉग स्क्वायड की मदद से सामानों की भी जांच की जा रही है।

खुली सीमा को देखते हुए, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और पुलिस के जवान लगातार गश्त कचर रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का लक्ष्य है कि दीपावली पर्व के मद्देनजर कोई भी देश विरोधी तत्व किसी आतंकी घटना को अंजाम न दे सके।

## त्योहारों पर शांति पूर्वक व्यवस्था कायम करने के लिए पीस कमेटी की बैठक आयोजित

- पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर के नेतृत्व बैठक सम्पन्न



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन में उप जिलाधिकारी सदर महराजगंज की उपस्थिति में भिटौली थाना परिसर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना था। बैठक में उपस्थित सभी वर्गों के प्रतिनिधियों को शासन के आदेशों और निर्देशों से अवगत कराया गया। इस दौरान त्योहारों के मौसम में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगीआगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाना सुनिश्चित करना था। इसमें क्षेत्र के अल्पसंख्यक वर्ग सहित सभी समुदायों के लोग सम्मिलित हुए, जिन्होंने शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।

## उप निरीक्षक के स्थानांतरण होने पर क्षेत्रीय लोगों ने दी विदाई



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

ड्रमंडगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव का स्थानांतरण चौकी प्रभारी कस्बा चुनार होने पर सोमवार को ड्रमंडगंज थाने पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय एसआई मनसुख यादव, शिवाकांत पांडेय, सुभाष यादव, टीपी सिंह, रमेश यादव हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव, संजय यादव आदि ने माल्यार्पण करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, समाजसेवी सोनू सिंह, धीरज मिश्र, पंकज सोनी, राकेश तिवारी, छविनाथ तिवारी, पिंटू खां, राकेश चौरसिया, नवनीत बरनवाल, राजेंद्र चौरसिया आदि ने माल्यार्पण कर शाल और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। उप निरीक्षक अखिलेश यादव ने अपने स्थानांतरण को प्रशासनिक प्रक्रिया बताते हुए अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय व क्षेत्रीय लोगों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने उपनिरीक्षक अखिलेश यादव के कार्यकाल की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### विद्यार्थियों ने देखा विकसित भारत बिल्डथान का लाइव प्रसारण

- महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बृजमनगंज के स्मार्ट टीवी पर छात्र देखकर उत्साहित दिखे

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बृजमनगंज में आज सोमवार को विकसित भारत बिल्डथान का लाइव वीडियो स्मार्ट टीवी पर प्रसारित किया गया। यह कार्यक्रम विकसित भारत बिल्डथान पहल के तहत आयोजित किया गया था। इस दौरान छात्र-छात्राओं को एआईएम और नई शिक्षा नीति से संबंधित वीडियो भी दिखाए गए। स्मार्ट टीवी पर लाइव प्रसारण देखकर विद्यार्थी काफी उत्साहित नजर आए। प्रधानाचार्य डॉ. राम अवतार ने इस पहल पर कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा मिलेगी और उनमें जागरूकता बढ़ेगी। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### चचेरे भाई ने रिश्तों को किया शर्मसार

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक चचेरे भाई ने बहन को सुनसान जगह ले जाकर दोस्तों के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। खून बहता देख तीनों भाग निकले। किसी तरह किशोरी घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। उधर, जानकारी मिलने पर पुलिस ने तीनों किशोरों को हिरासत में ले लिया। वहीं, किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया। ये मामला देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) अमर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार की शाम एक किशोर अपनी 13 वर्षीय चचेरी बहन को बहला-फुसलाकर एकांत में ले गया। जहां पर दो लड़के का पहले से इंतजार कर रहे थे। उन तीनों ने बच्ची से कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया। बालिका का रक्तस्राव देख तीनों भाग निकले। बालिका किसी तरह घर घर पहुंची और सारी स्थिति से परिजनों को अवगत कराया। परिजन पुलिस को सूचित कर अस्पताल ले गए जहां उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं, इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिह ने बताया कि देहात कोतवाली थाना क्षेत्र एक गांव में एक नाबालिग बालिका के साथ गैंगरेप की घटना हुई है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, जुबराईल कोर्ट में पेश किया जाएगा। फिलहाल बालिका की स्थिति स्थिर है।

### बाइक में टक्कर मारने वाले मैक्स वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा गांव निवासी नंद लाल ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर पुत्र के बाइक में टक्कर मारने वाले मैक्स वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गयी तहरीर में बताया है की बेटा राजेश कुमार व नाती मनीष कुमार 18 सितंबर को समय करीब 8 बजे रात में हलिया में पेंटिंग का काम करके घर वापस जा रहे थे की मवई राइस मिल के सामने ओवरलोड सवारी लेकर मैक्स वाहन को उसका चालक तेजगति व लापरवाही से चलाते हुए आकर बेटे की बाइक में टक्कर मार दिया जिससे मेरे बेटे राजेश का दाहिना हाँथ में फैक्चर हो गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया से रेफर होने पर जिला अस्पताल में आर्थो वार्ड बेड नंबर 16 में भर्ती किये बेटे का दवा इलाज कराने के बाद आकर सूचना दे रहा हूँ। जिस पर पुलिस ने मैक्स वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल उप निरीक्षक अच्छेलाल यादव द्वारा किया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की बाइक में टक्कर मारने वाले मैक्स वाहन के चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

### मिशन शक्ति के तहत गुड टच व बैड टच विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में गुड टच व बैड टच विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. माधवी शुक्ला द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान कराई जानी चाहिए, ताकि वे अपने साथ होने वाली किसी भी अनुचित घटना का साहसपूर्वक विरोध कर सकें। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गुड टच बैड टच विषय पर आधारित शैक्षिक वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया, जिससे उन्हें इस विषय की गहन समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिखा तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विद्या सिंह के द्वारा किया गया। लगभग 120 छात्राओं एवं 25 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

- इलाज के दौरान परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

परतावल-कप्तानगंज मार्ग पर गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल डिंपल उर्फ अभिषेक मद्धेशिया (22) का बीते रविवार की रात इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजनों ने निजी अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया है। यह हादसा इमिलिया भट्ठा के पास हुआ था, जहाँ बाइक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में राजन वर्मा (25) और डिंपल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। परतावल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल भेजा, जहाँ से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर रेफर कर दिया गया। बीआरडी मेडिकल कॉलेज से रेफर होने के बाद, परिजनों ने डिंपल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार रात लगभग 8:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मृत्यु के बाद अस्पताल के डॉक्टर और अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोरखपुर भेज दिया।



### ऑटो चालक फरार पुलिस जांच में जुटी

परतावल चौकी प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि हादसे में शामिल बाइक और ऑटो को कब्जे में ले लिया गया है। ऑटो चालक घटना के बाद से फरार है और उसकी तलाश जारी है। छह वर्ष पहले डिंपल की माँ का निधन हो चुका था और उनके बड़े भाई दीपक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। इस आकस्मिक घटना से परिवार सदमे में है।

## जल निकासी, व रास्ते के विवाद में हुई मारपीट

**पीड़ित ने जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया**

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत हथियागढ़ के एक व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी फरेंदा को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि रास्ते और जल निकासी के विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई है। हथियागढ़ निवासी चिनकान पुत्र नोहर ने अपनी तहरीर में बताया कि गांव के ही संदीप और सर्वदेव पुत्रगण नोखई रास्ते और जल निकासी को लेकर विवाद कर रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने रास्ता और जल निकासी अवरुद्ध कर दिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब इस बारे में बात की जाती है तो वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं और कई बार मारपीट भी कर चुके हैं। चिनकान ने हाल ही में एक और तहरीर देकर बताया कि आरोपी उसे कुल्हाड़ी से काट देने की धमकी दे रहे हैं और कुल्हाड़ी लेकर घूम रहे हैं। पीड़ित ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि उसे अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ रहा है। उसने आशंका जताई है कि आरोपी कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी फरेंदा ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वार्षिक क्रीड़ा व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



सीखड़ क्षेत्र के बगहा न्याय पंचायत की वार्षिक क्रीड़ा एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को प्राथमिक विद्यालय पचराव सेकंड के मैदान में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अभिकर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

विद्यालय परिसर में बच्चों में उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। बालक और बालिका वर्ग में दौड़, कबड्डी, खो-खो और लंबी कूद सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 50 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में हसन (प्रा.वि. पचराव द्वितीय) ने प्रथम तथा ताबीज (प्रा.वि. पचराव प्रथम) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बालिका वर्ग में सावित्री (प्रा.वि. पचराव प्रथम) प्रथम और सुरभि (प्रा.वि. बटौवा) द्वितीय रहीं। 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में हसन (प्रा.वि. पचराव द्वितीय) ने पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि रोहित (कं.वि. मगरहा) द्वितीय रहे।

बालिका वर्ग में मीठी (कं.वि. मगरहा) प्रथम और रितिका (प्रा.वि. बटौवा) द्वितीय स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग (100 मीटर दौड़) में अनुराग (प्रा.वि. पचराव प्रथम) ने प्रथम तथा रितेश (कं.वि. मगरहा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो तथा लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षक प्रदीप सिंह, संतोष सिंह, आकाश गिरी, शशिकांत सिंह, धीरज सिंह, राममणि, रुचि सिंह, वंदना, नीलम सिंह, विनोद यादव, संजीव, कंचन पाठक सहित सहित बड़ी संख्या में अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## रेलवे ट्रैक सिर कटी लाश मिलने से हड़कंप

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब प्लेटफार्म नंबर एक के ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक युवक की सिर कटी लाश देखी गई। घटना की सूचना फैलते ही स्टेशन परिसर में भारी भीड़ जुट गई और अफरातफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना शाम करीब 7:00 बजे की है। जब स्थानीय लोगों ने ट्रैक पर युवक का धड़ पड़ा देखा और पास में खून फैला हुआ था। सिर कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। तुरंत इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई, जिन्होंने जीआरपी पुलिस को घटना की जानकारी दी।घटनास्थल पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं मौके पर युवक के कपड़े और एक आधार कार्ड मिलने से उसकी



पहचान योगेंद्र यादव पुत्र बलवंत निवासी समरधीरा, थाना पुरंदरपुर के रूप में हुई। योगेंद्र की उम्र लगभग 25 से 27 वर्ष बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। योगेंद्र के दाहिने हाथ पर योगेंद्र लिखा हुआ था, जिससे परिवार ने शव की पहचान की। परिजनों को देख स्टेशन पर हृदयविदारक दृश्य बन गया। हर कोई गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र आज सुबह करीब 10 बजे फरेंदा से बस द्वारा गोविंदगढ़ (पंजाब) जाने के लिए निकला था, लेकिन शाम में यह दर्दनाक खबर मिली कि वह अब इस दुनिया में नहीं रहा। परिवार में उसकी पत्नी विमलावती और दो छोटे बच्चे अनुभव (5 वर्ष) व अदिति (3 वर्ष) हैं। योगेंद्र की मौत की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। फिलहाल जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही है। खबर लिखे जाने तक युवक का सिर बरामद नहीं हो सका है। पुलिस जांच कर रही है कि यह मामला आत्महत्या का है या किसी साजिश या हादसे का। घटना स्थल की बारीकी से जांच की जा रही है और रेलवे ट्रैक के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे।

## एयर फोर्स के दो लड़ाकू विमान दिखने से मचा हड़कंप



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** आसमान में एक साथ एयर फोर्स के दो विमान को देखकर लोग हैरान हो गए। एक आगे तो दूसरा था पीछे, लग रहा था जैसे विमान का पीछा किया हो लालगंज परिक्षेत्र सहित बेलन बरौंधा, हलिया, ड्रमंडगंज होते हुए प्रयागराज के कुछ इलाकों में दिखे विमान इस संबंध में सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह परिहार ने कहा जानकारी निकाली जा रही है घबराने की आवश्यकता नहीं है। शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी भी प्रकार की गतिविधि का अवलोकन किया जा रहा है।

## मृत युवक के भाई ने ट्रक चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

लालगंज थाना क्षेत्र के निनवार दक्षिण गांव निवासी महेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को लालगंज थाने में तहरीर देकर भाई के मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की मेरा भाई मनोज कुमार 25 वर्ष पेट में दर्द होने के कारण अपने मोटर साइकिल से बीते 11 अक्टूबर को समय लगभग 10.30 बजे रात सूरज उर्फ सूर्यभान मोटर साइकिल चला रहे थे। भाई को पकड़ने के लिए पीछे बैठे सुरेश दवा लेने के लिए लालगंज गए थे। वापस आते समय पटेहरा पाण्डेय हाइवे पर पहुँचे की ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक तेजगति से चलाते हुए मेरे भाई के मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उपरोक्त तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना लालगंज की पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाये जंहा पर डॉक्टर द्वारा मनोज कुमार व सूरज उर्फ सूर्यभान को मृत घोषित कर दिया। सुरेश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए प्रयागराज ले जाया गया जहां पर उपचार चल रहा है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह ने बताया की मृतक के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

## मासूम को गलत इंजेक्शन लगाने वाले झोलाछाप का क्लीनिक सील

**पड़री (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

मासूम को गलत इंजेक्शन लगाने वाले झोलाछाप डाक्टर के क्लीनिक में मासूम की मौत हुई थी। पड़री के दतरिया गांव निवासी संदीप कुमार के पुत्र दो वर्षीय नमन को शुक्रवार तेज बुखार हो गया था। वें अघवार गांव स्थित एक क्लीनिक पर उपचार कराने लेकर गए।

वहां झोलाछाप चिकित्सक ने गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिससे मासूम की मौत हो गई थी। संदीप ने झोलाछाप डाक्टर पर गलत उपचार का आरोप लगाते हुए पड़री थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने झोलाछाप डाक्टर राकेश मौर्या के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा कर उसे शनिवार को जेल भेज दिया। उसके बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए नोडल अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार अपनी टीम के साथ अघवार गांव मौके पर पहुंचे। टीम ने जांच के बाद आरोपी झोलाछाप के क्लीनिक को सील कर दिया है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी ब्लॉक में झोलाछाप डाक्टरों की भरमार हो गई है। जगह जगह क्लीनिक खोलकर इलाज कर रहे हैं।

अभी कुछ माह पूर्व माधोपुर व महेवा गांव में झोलाछाप डॉक्टर के उपचार से दो बालक की मौत हुई थी। ऐसे अवैध क्लीनिक के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## जन्मदिवस पर याद किये गये बृजभूषण तिवारी



**समृद्धि न्यूज सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्याय व लोकसभा और राज्य सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी के जन्म दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के लोगों द्वारा जिला अध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में सिद्धार्थनगर जिले के जिला मुख्यालय पर स्थित लोहिया कला भवन में जन्मदिन पर याद किये गये बृजभूषण। उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात मंच द्वारा स्वर्गीय बृजभूषण तिवारी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में सैयय्दाखातून, हरी राम भारती, राम उजागिर गौड़, निशान्त कुमार त्रिपाठी, बनारसी, हरिहर मिश्रा, विजय पासवान, बेचई यादव, रीतू पासवान, अप्सर रिजवीव अमर सिंह चौधरी आदि सहित अनेक पदाधिकारी व भारी संख्या में सदस्यगण मौजूद रहे।

## छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए एआई लैब का हुआ उद्घाटन



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवजीवन मिशन स्कूल आनंदनगर में छात्रों की उज्जवल भविष्य के लिए पढ़ाई में नया अध्याय जोड़ते हुए ए आई लैब का उद्घाटन अध्यक्ष मिस्टर पी सी सैमकुट्टी प्राध्यापक प्रोफेसर प्रसिल्ला सैम प्रबंधक कैप्टन मिस्टर आशीष सैम सॉफ्टवेयर इंजीनियर मीसेज श्यामली प्रधानाचार्य मिस्टर शाजी लुइस अध्यापकगण और अभिभावक जनों के बीच संपन्न किया गया। कार्यक्रममें में विद्यालय के चेयरमैन मिस्टर पी सी सैमकुट्टी ने कहा कि विद्यालय में रोबोटिक और एआई लैब से छात्रों में जगी नवाचार की भावना जो उनके उज्जवल भविष्य की ओर कदम है। प्रबंधक आशीष सैम ने कहा कि समाज में ए आई का मुख्य काम भविष्य को रोबोटिक शिक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विद्यालय ने शुरुआत की है। प्राध्यापक प्रोफेसर प्रसिल्ला सैम एवं सॉफ्टवेयर इंजीनियर मिसेज श्यामली ने कहा कि यह प्रयोगशाला छात्रों में रचनात्मक जिज्ञासा और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने का एक अनोखा मंच है। विद्यालय के प्रधानाचार्य शाजी लुइस ने बताया कि लैब में छात्रों को 3 डी डिजाइन और प्रिंटिंग का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जताया।

## प्रदर्शनी में छात्र वैज्ञानिकों ने मचाया धमाल

- विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व गणित के सजीव मॉडलों को देखकर अभिभावकों ने जाहिर की खुशी

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




स्कॉलर्स एकेडमी में अभिभावक शिक्षक सम्मलेन पर आयोजित विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए एवं प्रदर्शित किए गए मॉडलों को देखकर अभिभावको में प्रसन्नता जाहिर की

प्रदर्शनी समन्वयक शाहनवाज़ खान ने प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा मानव हृदय संरचना, परमाणू उर्जा संयंत्र, संवेदी तन्त्रिका तंत्र, त्रिकोणमिति के अनुप्रयोग, कार्बन शुद्धिकरण, हरित क्रान्ति, ग्लोबल वार्मिंग, दुर्घटना प्रबंधन, भूकंप रोधी अलार्म आदि मॉडलों की प्रदर्शनी ने दर्शकों को चौका दिया।

इस प्रदर्शनी में नेहा यादव, अनिका अफ़ीफ़ा, नितिन, अंजलि, अदिति, शिवम्, रुपाली दुबे, आलोक, भावना, रागिनी, प्रियंका, शिवम्, विनायक, अभिषेक, प्रियांशु, श्रेया, अंशिका, सिध्दांत, दिसांश, नीलम, रूद्र, प्रतीक तथा ऐसे ही 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बड़े ही रुचि से दर्शकों को समझाया जिसको सुनकर उपस्थित दर्शकगण आश्चर्य रह गए। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में स्टूडेंट कॉउन्सिल तथा हॉउस कॉउन्सिल के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

इस प्रदर्शनी को विद्यालय प्रबंधक सैयद अरशद ने छात्रों एवं अध्यापकों के मेहनत का उत्कृष्ट नमूना बताते हुए इसके सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। विद्यालय डायरेक्टर अदनान अब्दुल्लाह एवं सीनियर अकादमिक कोऑर्डिनेटर तुफैल खान ने प्रदर्शनी के सह संयोजक उपेंद्र गिरी , विजय मिश्रा एवं छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के छात्रों में प्रतिभा की नहीं है अपितु उसे निखारने की ज़रुरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्य डॉ. डी. पी. सिंह ने कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया।